@Qpatrika · @qaumipatrika hindi · instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 31 मई 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 191 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# ट्रॊनिका सिटी में डाका पड़ा !

**विशेष संवाददाता**

लोनी गाजियाबाद 30 मई। आज शाम के वक्त ट्रोनिका सिटी लोनी गाजियाबाद में कौमी पत्रिका दैनिक न्यूज़ पेपर के ऑफिस में ढाका पड़ गया डाकू प्रेस की दीवारें फांदकर प्रेस के अंदर घुसे और उसके उपरांत उन्होंने प्रेस के अंदर सभी कमरों के ताले तोड़ दिए और बहुत सारा समान उठा कर ले गए। ज्ञात रहे कि दैनिक कौमी पत्रिका प्रेस का स्टाफ जब प्रेस में पहुंचा तो उन्होंने देखा की प्रेस के सभी ताले टूटे हुए हैं और बहुत सामान गायब है उन्होंने तुरंत अपने प्रेस के मालिकों को फोन किया और दूसरी तरफ पुलिस को सूचना दी,कौमी पत्रिका दैनिक न्यूज़पेपर के जनरल मैनेजर श्री नरेश कुमार मल्होत्रा ने श्री अजय कुमार मिश्रा कमिश्नर ऑफ़ पुलिस गाजियाबाद के ऑफिस में उनके पीआरओ श्री नितिन मलिक को टेलीफोन पर सूचना दी उसके उपरांत श्री नरेश कुमार मल्होत्रा ने ट्रॉनिका सिटी के एस एच ओ श्री प्रशांत त्यागी जी को टेलिफोन पर घटनाक्रम की सूचना दी । जिसके तुरंत बाद ट्रॉनिका सिटी थाना से मौके पर 8 =10 पुलिस वाले पहुंच गए थे पुलिस अफसर ने दैनिक कौमी पत्रिका अखबार समूह की मैनेजमेंट को आश्वासन दिया है की बहुत जल्द खूंखार अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा !




## प्रचार में प्रधानमंत्री मोदी ने 421 बार केवल मंदिर-मस्जिद पर बात की

नई दिल्ली, 30 मई। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की। उन्होंने दावा किया कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री ने 421 बार केवल मंदिर-मस्जिद और विभाजनकारी मुद्दों पर ही बात की। खरगे ने पीएम मोदी पर आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की तरफ से जाति-धर्म के आधार पर वोट न मांगने के निर्देश के बावजूद पीएम मोदी ने इन मुद्दों पर बात की। लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी मतदान से पहले मल्लिकार्जुन खरगे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान खरगे ने पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, पिछले 15 दिनों में चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने 232 बार कांग्रेस का नाम लिया। इसके अलावा 758 बार अपना और 573 बार इंडी गठबंधन का नाम लिया। उन्होंने (पीएम मोदी) एक बार भी बेरोजगारी को लेकर बात नहीं की। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि इंडी गठबंधन बहुमत के साथ सरकार बनाएगा और यह देश में एक समावेशी और राष्ट्रवादी सरकार का गठन करेगा। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, हमें यकीन है कि जनता चार जून को वैकल्पिक सरकार के लिए जनादेश देगी। भाजपा पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि लोगों ने हमारे विचार का समर्थन किया।

## कानून को अपना काम करना चाहिए: शशि थरूर

नई दिल्ली, 30 मई। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को उस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें दावा किया गया कि उनके सहयोगी को दिल्ली एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी करते हुए पकड़ लिया गया था। थरूर ने इस रिपोर्ट पर कहा कि कानून को अपना काम करना चाहिए। थरूर ने बताया कि आरोपी व्यक्ति उनके स्टाफ का पुराना सदस्य है। उन्होंने कहा कि वह कुछ समय के लिए ही एयरपोर्ट पर उन्हें सहायता प्रदान कर रहा था। शशि थरूर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, अपने स्टाफ के पूर्व सदस्य के बारे में यह सुनकर हैरान हूं। वह मुझे एयरपोर्ट पर सहायता प्रदान कर रहा था।वह एक 72 वर्षीय सेवानिवृत्त व्यक्ति है। उसका समय-समय पर डायलिसिस होता है। उन्हें अनुकंपा के आधार पर पार्ट टाइम के तहत रखा गया था। जांच में मैं अधिकारियों का का पूरा समर्थन करूंगा। बता दें कि कस्टम विभाग ने बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट से दो लोगों को गिरफ्तार किया था। उनमें से एक की पहचान शिव कुमार प्रसाद के तौर पर की गई है। व्यक्ति ने यह दावा किया कि वह शशि थरूर का निजी सहायक है।

## इंडिगो ने फ्लाइट में महिलाओं को अपनी पसंद की सीट चुनने का दिया विकल्प

नई दिल्ली, 30 मई। इंडिगो एयरलाइंस ने एक नया फीचर पेश किया है, जिसके तहत महिला यात्रियों को अपनी पसंद की सीट चुनने का विकल्प मिलेगा। महिला यात्री अब वेब चेक-इन पर यह पता कर सकेंगी कि किस सीट को पहले से ही आरक्षित किया जा चुका है और किसे नहीं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिला यात्रियों के लिए हवाई यात्रा को और सुरक्षित और आरामदायक बनाना है। यह सुविधा विशेष रूप से महिला यात्रियों के यात्री नाम रिकॉर्ड (पीएनआर) के लिए तैयार की गई है। जिसमें अकेले यात्रा कर रही महिलाओं और अपने परिवार के साथ यात्रा कर रही महिलाओं के लिए भी सुविधा मिलेगी। इंडिगो एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि इंडिगो को एक नई सुविधा की शुरुआत करते हुए गर्व महसूस हो रहा है। इस सुविधा का उद्देश्य हमारी महिला यात्रियों के लिए यात्रा के अनुभव को और अधिक आरामदायक बनाना है। इसे बाजार की रिसर्च के बाद तैयार किया गया है और फिलहाल इसे पायलट मोड में लागू किया गया है। इंडिगा ने कहा कि हम अपने सभी यात्रियों को एक अद्वितीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और यह नई सुविधा उसी लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में हमारे द्वारा उठाए जा रहे कदमों में से एक है।

## प्रज्वल की गिरफ्तारी और पीड़ितों को इंसाफ की मांग

नई दिल्ली, 30 मई। निलंबित जेडी(एस) नेता प्रज्वल रेवन्ना द्वारा किए यौन शोषण के पीड़ितों के लिए न्याय की मांग के लिए बृहस्पतिवार को सैकड़ों लोगों सड़क पर उतरे। लोगों ने यौन शोषण पीड़ितों के न्याय के लिए मार्च किया। सड़क पर उतरे लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और इस मामले की निष्पक्ष जांच की भी मांग की। कर्नाटक के हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के आरोपों की जांच और पीड़िताओं की न्याय की मांग करने लोग सड़कों पर उतर आए हैं। यह मार्च महाराजा पार्क के पास हेमावती प्रतिमा से शुरू हुआ और हसन के डिप्टी कमिश्नर सी सत्यभामा को ज्ञापन सौंपकर समाप्त हुआ। लोगों ने मानवाधिकार समूह नवेडु निलादिदारे (अगर हम खड़े नहीं होते) द्वारा नम्मा नादिगे, हसनदा कडेगा (हसन की ओर हमारा मार्च) के बैनर तले किया गया। इस मार्च में राज्य भर से नागरिक समाज समूह की महिलाएं, मजदूर, किसान, दलित और यौन अल्पसंख्यक शामिल हुए।

## नौजवानों को नौकरी, किसानों को कर्जमाफी का दिया भरोसा: अखिलेश यादव

**सिम्मी कौर बब्बर**

मऊ, 30 मई। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने घोसी में जनसभा के दौरान भाजपा सरकार पर जमकर हमला किया। साथ ही मऊ की जनता कहा कि चुनाव में आप सावधान रहिए। बीजेपी सरकार में बुनकर बदहाल हैं। हमारी सरकार आई तो बुनकर की बदहाली को दूर करेंगे। कहा कि जब बीजेपी अपने दोस्तों का कर्ज माफ कर सकती है, तो हमारी सरकार बनी तो किसानों का कर्ज माफ करेंगे। 30 लाख सरकारी नौकरियों को सही आरक्षण लागू करके दिया जाएगा। शिक्षामित्र, आशा कार्यकार्य और मनरेगा मजदूरों का मानदेय बढ़ाएंगे। कहा कि ये चुनाव हमारे और आपके भविष्य और संविधान को बचाने का है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को घोसी लोकसभा से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी राजीव कुमार राय के समर्थन में सभा को संबोधित किया। कहा कि इतनी गर्मी में जो उत्साह देख रहा हूं। ये समर्थन जीत दिलाने जा रहा है। रिकॉर्ड मतों से जीत होगी। अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वे लोग पिछले कई चरण का चुनाव देखकर घबरा गए हैं। अब उनको छड़ी भी नहीं बचा पाएगी। पीएम महात्मा गांधी जी को याद कर रहे हैं और परिणाम जानकर तपस्या करने जा रहे हैं। परिणाम आएगा तो यही कहेंगे कि उनकी तपस्या में कोई कमी रह गई थी। अखिलेश यादव ने कहा कि जो 400 पार का नारा दे रहे थे, छह चरणों के चुनाव में उनको परिणाम पता चल गया। बीजेपी को 140 सीट भी नहीं मिलेगी। भाजपा ने किसानों, नौजवानों, माताओं और बहनों को धोखा दिया है। किसान पहले से दुखी हैं। देश के पीएम, गृहमंत्री और जिनको कोई नहीं जानता वो उपमुख्यमंत्री कई बार आ चुके हैं। वोट के दिन सावधान रहना। कहा कि नौजवान परीक्षा देने गया तो सरकार ने धोखा दिया। सरकार पेपर लीक का लीकेज नहीं रोक पाई। ये पेपर लीक हुए नहीं, सरकार ने जानबूझ कर पेपर लीक कराया है। जिससे नौजवानों को नौकरी नहीं देना पड़े। युवाओं का एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया। पूर्वांचल के नौजवान तैयारी करते थे, लेकिन सरकार ने आधी- अधूरी अग्निवीर की व्यवस्था की। इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो अग्निवीर को समाप्त कर पक्की नौकरी देंगे और उम्र की वजह से नौकरी छुटी है तो उनके लिए भी कुछ करेंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि खाकी वर्दी वाले को भी चिंता है कि अगर बीजेपी वाले आ गए तो उनकी नौकरी भी तीन साल की हो जाएगी। बोरी में खाद कम होने के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि बोरी की चोरी बीजेपी वाले पारले जी से सीखकर आए हैं। कहा कि जब 2022 का चुनाव था तो राशन में तेल, चना, नमक दे रहे थे।



अब सबकुछ कटौती हो गई। अखिलेश ने कहा कि सपा ने लैपटॉप दिया था, मगर हमारी नकल कर घटिया लैपटॉप बीजेपी ने दिया। बीजेपी वालों ने बड़े- बड़े लोगों से इलेक्टोरल बांड से पैसा लिया। वैक्सीन से जान का खतरा हो गया है। जिन्होंने वैक्सीन लगवाई है, उन्हें बीमारी होने वाली है। वैक्सीन शरीर से वापस कैसे आएगी।

## हरियाणा की मनमानी ने दिल्ली को आपात स्थिति में डाल दिया: आतिशी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 30 मई। दिल्लीवासियों पर इस समय दोहरी मार पड़ रही है। भीषण गर्मी से तपती दिल्ली में पेयजल संकट भी परेशान कर रहा है। पानी की कमी को लेकर दिल्ली सरकार ने आपातकालीन बैठक बुलाई। उधर, दिल्ली की मंत्री आतिशी ने वजीराबाद जल उपचार संयंत्र का निरीक्षण किया। वहीं, दिल्ली में जल संकट को लेकर महिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री आतिशी के आवास के बाहर अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। अतिशी ने कहा, दिल्ली अपनी पूरी पानी की पूर्ति के लिए यमुना नदी पर निर्भर है। दिल्ली की यमुना नदी में वो ही पानी आता है जो हरियाणा से छोड़ा जाता है। आज हम वजीराबाद प्लांट पर हैं। जो यमुना का पानी आता है उससे वजीराबाद, चंद्रावल और



ओखला वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को यहां से पानी मिलता है। जब हरियाणा से पानी ही कम आएगा तो वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पानी कहां से लाएगा? हमने हरियाणा सरकार को भी चिट्ठी लिखी है, हम केंद्र सरकार से भी संपर्क करेंगे कि दिल्ली को उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए। दिल्ली की मंत्री ने कहा कि हम केंद्र सरकार को पत्र लिखेंगे कि पानी समय पर और पूरा हरियाणा की तरफ से दिया जाए। हरियाणा दिल्ली के साथ ऐसे नहीं कर सकता है। दिल्ली यमुना पर निर्भर है। वजीराबाद वॉटर प्लांट में हम पहुंचे हैं। यहां का पानी लगातार घट रहा है। वजीराबाद, चंद्रवाल और ओखला वोटर ट्रीटमेंट प्लांट में जाता है। लेकिन पानी कम होनो की वजह से प्लांट में पानी ही नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हरियाणा दिल्ली को पानी नहीं देगा तो प्लांट कैसे काम करेंगे। हरियाणा को हमने पत्र भी लिखा हुआ है। हमने एक अहम बैठक बुआई बुलाई है। हमें उम्मीद है कि अधिकारी सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे। पानी की सप्लाई की समस्या आ रही है। हरियाणा की मनमानी ने दिल्ली को आपात स्थिति में डाल दिया है। केंद्र की जिम्मेदारी है कि वो हरियाणा को इस तरह की मनमानी नहीं करने दें। ये भ्रम है कि दिल्ली में पानी वाटर पाइपलाइन में लीकेज से बर्बाद होता है।

## थम गया 7वें दौर का चुनाव प्रचार

नई दिल्ली, 30 मई। लोकसभा चुनाव के छह चरणों का मतदान हो चुका है। एक जून को सातवें चरण के लिए मतदान होगा। इसके लिए चुनाव प्रचार आज शाम पांच बजे थम गया। सातवें चरण में आठ राज्यों और केंद्र शासित राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। इसमें उत्तर प्रदेश की 13 सीटों, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, झारखंड की तीन, हिमाचल प्रदेश की चार, पश्चिम बंगाल की नौ और चंडीगढ़ की एक सीट शामिल हैं। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में बहरामपुर लोकसभा सीट से ञस्ष्ट उम्मीदवार यूसुफ पठान ने कहा, अपेक्षाएं बहुत ज्यादा हैं...यहां अच्छे नंबर आएंगे...4 जून को बंगाल में अच्छे नंबर(सीटों) से ञस्ष्ट जीतेगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ओडिशा के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर विस्तृत पोस्ट में लिखा कि सीएम नवीन पटनायक का उत्तराधिकारी महत्वहीन है। उन्होंने कहा कि पटनायक के करीबी पांडियन के पास ओडिशा को चलाने के लिए पहले से ही एक मजबूत बैक डोर एंट्री है। मुख्यमंत्री और नवीन निवास पर उनका व्यापक नियंत्रण है। नवीन बाबू ओडिशा के लोगों को यह भरोसा दिलाने में नाकाम रहे हैं कि ऐसा नहीं होगा। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के आखिरी दौर का चुनाव प्रचार थम गया। अब एक जून को मतदान कराए जाएंगे। इसी बीच प्रधानमंत्री कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर ध्यान लगाने जा रहे हैं। पीएम मोदी भगवती अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना भी करेंगे। गौरतलब है कि सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों समेत आठ राज्यों और केंद्र शासित राज्यों की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि चार जून के बाद जब प्रधानमंत्री मोदी को खाली वक्त मिले तो उन्हें महात्मा गांधी की आत्मकथा पढ़नी चाहिए। भाजपा ने वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अनगिनत प्रयास किए, लेकिन लोगों ने हमारे द्वारा उठाए गए वास्तविक मुद्दों को चुना। प्रधानमंत्री ने पिछले 15 दिन में भाषणों में कांग्रेस का नाम 232 बार और अपना नाम 758 बार लिया, लेकिन एक भी बार भी बेरोजगारी पर बात नहीं की। उन्होंने कहा कि जनता हमारे इस विचार से सहमत है कि अगर इस सरकार को दोबारा मौका दिया गया तो यह लोकतंत्र का अंत होगा।

## निर्दोष साबित होने पर वह संन्यास ले लेंगी ? अजित पवार

मुंबई, 30 मई। महाराष्ट्र मं पुणे पोर्श मामले ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है। उपमुख्यमंत्री और राकांपा नेता अजित पवार ने एक कार्यकर्ता के उस दावे पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने (कार्यकर्ता) कहा था महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम ने फोन करके पुलिस पर दबाव बनाया। अजित पवार ने इस दावे पर पलटवार करते हुए कहा कि वह खुद को बेकसूर साबित करने के लिए नार्को परीक्षण कराने के लिए तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि निर्दोष साबित होने के बाद क्या वह (कार्यकर्ता) संन्यास ले लेंगी? कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने अजित पवार पर आरोप लगाया कि पुणे सड़क दुर्घटना के बाद उन्होंने (अजित पवार) पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार को फोन किया था। डिप्टी सीएम ने सोमवार को कहा कि उन्होंने ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया था कि पुलिसकर्मी किसी दबाव में न आएं। राकांपा नेता ने कहा, एक जनप्रतिनिधि के तौर पर हमारे पास इन घटनाओं को लेकर फोन कॉल आते रहते हैं। मैंने पुलिस कमिश्नर को फोन किया था। मैंने उनसे कहा कि नबालिग आरोपी अमीर घर से ताल्लुक रखता है, ऐसे में पुलिस पर दबाव बनाने की संभावनाएं हैं। मैंने उनके कहा कि वे किसी भी राजनीतिक दबाव के आगे न झुकें। कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने यह दावा किया था कि आरोपी को बचाने के लिए फोन कॉल किया गया था। इसी के साथ उन्होंने अजित पवार के फोन रिकॉर्ड की जांच करने की भी मांग की थी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम ने कहा, मैं नार्को परीक्षण के लिए तैयार हूं, लेकिन अगर मैं इसमें निर्दोष साबित होता हूं, तो आपको संन्यास लेना होगा। क्या आप इसके लिए तैयार हैं? अजित पवार का बयान तब आया, जब ससून अस्पताल के डीन ने कहा कि उनकी (अजित) पार्टी के विधायक और मंत्री ने चिट्ठी लिखकर आरोपी डॉक्टरों में से एक को फॉरेंसिक विभाग का प्रमुख बनाने की मांग की थी। दरअसल, ससून जनरल अस्पताल के दो डॉक्टरों ने नाबालिग आरोपी के खून के नमूनों के साथ छेड़छाड़ और सबूत नष्ट करने की कोशिश की थी। इस आरोप में दोनों डॉक्टरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान डॉ. अजय तावरे और डॉ. श्रीहरि हार्लोर के तौर पर की गई है। डॉक्टर विनायक काले ने दावा किया कि महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ और विधायक सुनील टिंगरे ने डॉ अजय तावरे को फॉरेंसिक विभाग का प्रमुख बनाने के लिए चट्ठी लिखी थी। पुणे शहर में 18-19 मई की दरम्यानी रात को करीब तीन करोड़ रुपये की पोर्श कार को तेज गति से दौड़ाने के चक्कर में 17 साल के लड़के ने एक बाइक को टक्कर मार दी थी। गाड़ी की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक अपना संतुलन खोकर काफी दूर तक सड़क पर घिसटते चली गई, जिससे उस पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## सीएम नवीन वास्तव में भाजपा के खिलाफ लड़ रहे तो उनपर कोई मामला दर्ज क्यों नहीं: राहुल गांधी

**नरेश मल्होत्रा**

बालासोर, 30 मई। भाजपा नेता संबित पात्रा इन दिनों अपनी टिप्पणी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उन्होंने भगवान जगन्नाथ को प्रधानमंत्री मोदी का भक्त बताया था। हालांकि, वह सफाई भी दे चुके हैं। फिर भी विवाद बढ़ता जा रहा है। इस टिप्पणी को लेकर विपक्ष ने भाजपा और संबित पात्रा को घेरना शुरू कर दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को भाजपा पर ओडिशा का अपमान करने का आरोप लगाया। वहीं, बीजू जनता दल (बीजद) पर भी सवाल खड़े किए। बालासोर में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, मैं भाजपा के खिलाफ लड़ रहा हूं। इसलिए उन्होंने मेरे खिलाफ 24 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें मानहानि और आपराधिक मामले शामिल हैं। उन्होंने मेरी लोकसभा सदस्यता छीन ली और मुझे दो साल की जेल की सजा सुनाई। ईडी ने मुझसे 50 घंटे तक पूछताछ की। यह मेरा घर ले गए। अगर यहां के सीएम नवीन बाबू वास्तव में भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं, तो उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज क्यों नहीं किया गया है? भद्रक लोकसभा सीट के सिमुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने भारत के संविधान और देश में लोकतंत्र को बचाने का संकल्प भी लिया। राहुल ने कहा कि भाजपा ने ओडिशा के हर व्यक्ति का अपमान किया है क्योंकि उसके एक नेता ने दावा किया है कि भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री मोदी के भक्त हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगी लोकतंत्र और देश के संविधान को नष्ट करने के लिए एकजुट हैं। धरती पर कोई भी ताकत हमारे संविधान को नष्ट नहीं कर सकती। आप अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करके संविधान को छू भी नहीं सकते। पुरी से उम्मीदवार संबित पात्रा ने कहा था कि



ओडिशा के सबसे प्रतिष्ठित देवता भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भक्त हैं। इसके बाद उनका यह वीडियो जमकर वायरल हुआ। जिसपर लोगों ने काफी नकारात्मक प्रतिक्रियाएं दी हैं। लोगों ने और नेताओं ने कहा कि उनके इस बयान से करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है, इसलिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। वहीं विपक्ष के घेराव के बाद अब संबित पात्रा सफाई देते घूम रहे हैं। उन्होंने माफी मांगते हुए कहा कि हम सभी की जुबान कभी-कभी फिसल जाती है, वही मेरे साथ हुआ। संबित पात्रा ने माफी मांगते हुए कहा था कि उनका आशय यह था कि प्रधानमंत्री भगवान जगन्नाथ के कट्टर भक्त हैं। उन्होंने नवीन पटनायक के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था, आज पुरी में पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद मैंने कई मीडिया चैनलों को कई बाइट दी। हर जगह मैंने उल्लेख किया कि मोदी जी भगवान जगन्नाथ के प्रबल भक्त हैं। लेकिन एक बाइट के दौरान गलती से, मैंने ठीक इसका विपरीत बोल दिया। मुझे पता है कि आप भी इसे जानते और समझते हैं। सर किसी अस्तित्वहीन मुद्दे को मुद्दा न बनाएं। हम सभी की जुबान कभी-कभी फिसल जाती है।

## ईरान सेना की फायरिंग में चार पाकिस्तानी नागरिकों की मौत और दो घायल, क्षेत्र में बढ़ा तनाव

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सीमा पर ईरान की सेना द्वारा की गई फायरिंग में चार पाक नागरिकों की मौत हो गई है और दो जख्मी हो गए हैं। ईरान की तरफ से यह फायरिंग पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में वाहन पर की गई। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। बलूचिस्तान प्रांत के अर्धसैनिक बलों के सूत्र ने बताया कि रात तहसील मशकिल बाचा राय में हुई घटना पर अधिकारी ईरानी समकक्षों के संपर्क में हैं। हालांकि अब तक ईरान की सेना द्वारा सीमा पार वाहन पर की गई फायरिंग का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। गत जनवरी में ईरान ने अशांत बलूचिस्तान में आतंकी ठिकाने होने का आरोप लगाते हुए हवाई हमले किए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान में आतंकी के ठिकानों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन व रॉकेट का प्रयोग किया था। हमले में नौ लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि दोनों पक्षों ने राजनयिक माध्यम से समस्या को हल कर लिया था।

## 4,000 साल पुरानी खोपड़ियों पर मिले कट के निशान

एजेंसी

**मिश्रा ।** प्राचीन मिस्र के लोग अत्यधिक ऊतक वृद्धि पर ऑपरेशन करने या रोगी की मृत्यु के बाद कैंसर संबंधी विकारों के बारे में अधिक जानने का प्रयास करते थे, यह बात 4,000 वर्ष पुरानी दो खोपड़ियों पर किए गए अध्ययन से पता चली है।प्राचीन मिस्र के लोग प्रारंभिक सभ्यताओं में से एक के स्थान के रूप में जाने जाते हैं, वे बीमारियों और दर्दनाक चोटों की पहचान करने, उनका वर्णन करने और उनका इलाज करने, कृत्रिम अंग बनाने और दांतों में फिलिंग लगाने के लिए जाने जाते हैं। उनके आगे के कौशल को समझने के लिए, शोधकर्ताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने दो मानव खोपड़ियों का अध्ययन किया - पुरुष और महिला और दोनों हज़ारों वर्ष पुरानी हैं।खोपड़ियों पर कट के निशानों से प्राचीन मिस्र के लोगों द्वारा किए जाने वाले दर्दनाक और ऑन्कोलॉजिकल उपचारों की सीमा का पता चलता है, उन्होंने फ्रंटियर्स इन मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित शोधपत्र में कहा।स्पेन में सैंटियागो डे कंपोस्टेला विश्वविद्यालय के एक पैलियोपैथोलॉजिस्ट एडगार्ड कैमरोस ने इस खोज को ÷अद्वितीय और असाधारण÷ साक्ष्य बताया कि कैसे प्राचीन मिस्र की चिकित्सा ने 4,000 वर्ष से भी अधिक पहले कैंसर से निपटने या उसका पता लगाने की कोशिश की होगी।दो खोपड़ियाँ - खोपड़ी और मैंडिबल 236, जो 2687 और 2345 ईसा पूर्व के बीच की हैं, 30 से 35 वर्ष की आयु के एक पुरुष व्यक्ति की थीं, जबकि खोपड़ी श्व270, जो 663 और 343 ईसा पूर्व के बीच की हैं, एक महिला व्यक्ति की थीं जो 50 वर्ष से अधिक उम्र की थीं।

## नेपाल में पत्रकार को धमकाने के मामले में सोशल मीडिया पर चीनी राजदूत हुए ट्रोल

**काठमांडू।** नेपाल के पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण में हुई अनियमितता के बारे में ट्वीट करने को लेकर चीन के राजदूत द्वारा सरेआम धमकी दिए जाने पर सोशल मीडिया पर उनको ट्रोल का सामना करना पड़ा है। इस एयरपोर्ट का निर्माण चीन की कंपनी ने किया है। नेपाल के आर्थिक मामलों के वरिष्ठ पत्रकार गजेन्द्र बुढाथोकी ने सुबह ट्विटर (एक्स) पर पोखरा एयरपोर्ट के निर्माण के लिए चीन द्वारा दिए गए कर्ज को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने लिखा कि चीन पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए दो प्रतिशत के ब्याज दर पर कर्ज देने का ढिंढोरा पीट रहा है लेकिन असल में वो पांच प्रतिशत का ब्याज वसूल रहा है। बुढाथोकी के इस पोस्ट के बाद काठमांडू में पदस्थ चीन के राजदूत चेन सांग ने तत्काल टिप्पणी की। उन्होंने लिखा कि पत्रकार चीन के खिलाफ भ्रम फैला रहे हैं। यदि इस तरह की बात है तो उन्हें सबूत पेश करना चाहिए। चीनी राजदूत की इस टिप्पणी पर पत्रकार बुढाथोकी ने लिखा कि उनके पास इस बात का प्रमाण सुरक्षित है और समय आने पर इसको सार्वजनिक करेंगे।

चीनी राजदूत यहीं नहीं रुके, उन्होंने पत्रकार को धमकी भरे लहजे में लिखा कि इस तरह का भ्रम फैलाने वाले पत्रकार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। चीनी राजदूत की इस धमकी पर पत्रकार ने पोखरा एयरपोर्ट को लेकर नेपाल और चीन के एग्जिम बैंक के साथ हुए समझौते के उस हिस्से को सार्वजनिक किया जिसमें कर्ज के ब्याज का उल्लेख था। पत्रकार ने यह भी लिखा कि चीनी राजदूत अपनी हद में रहें।

## गाजा और मिस्र की सीमा से लगे अहम सामरिक गलियारे पर इजराइली सेना का नियंत्रण

**तेल अवीव।** गाजा की मिस्र से लगती सीमा पर स्थित अहम सामरिक गलियारे पर इजराइली सेना ने नियंत्रण स्थापित कर लिया है। इसकी पुष्टि इजराइली सेना की है। फिलाडेल्फी के नाम से जाना जाने वाला यह गलियारा पड़ोसी देश मिस्र की सीमा पर दक्षिणी गाजा शहर रफाह के पास है, जहां हाल ही में इजराइली सेनाएं लड़ रही हैं। मिस्र से गाजा में तस्करी करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सुरंगें इसी इलाके में स्थित हैं। हालांकि, सेना ने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

# इजरायली टैंकों ने राफा में घुसपैठ की

एजेंसी

**गाजा।** दक्षिणी गाजा के शहर में 'हत्या रोकने' के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक मसौदा प्रस्ताव की अनदेखी करते हुए, इज़राइल ने राफा पर अपना हमला जारी रखा है।गवाहों और एक फ़िलिस्तीनी सुरक्षा सूत्र के यह कहने के कुछ घंटों बाद कि इज़रायली टैंक रफ़ा के मध्य में घुस गए हैं, सुबह सबसे दक्षिणी शहर में नए हवाई हमलों की सूचना मिली।निवासी अब्देल खतीब ने कहा, लोग इस समय अपने घरों के अंदर हैं क्योंकि जो कोई भी आगे बढ़ता है उसे इजरायली ड्रोन द्वारा गोली मार दी जा रही है।फ़िलिस्तीनी समाचार एजेंसी शेहाब के अनुसार, इज़रायली हवाई हमलों ने शहर के विभिन्न हिस्सों को निशाना बनाया, जिसमें बद्र शिविर के आसपास का क्षेत्र और शहर के पश्चिम में ज़ोरोब गोल चक्कर भी शामिल था।पूरे रफ़ा में दूरसंचार और इंटरनेट सेवाओं के पूरी तरह से बंद होने की भी सूचना है। सेना का अब फिलाडेल्फ़ी कॉरिडोर पर नियंत्रण है और वह कॉरिडोर के शेष भाग - राफ़ा शहर के पश्चिमी भाग - में गहराई से आगे बढ़ रही है।अल जज़ीरा ने बताया कि हमलों के बीच इज़राइल लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना जारी रखता है।इससे पहले, जब उसने उत्तरी और



मध्य गाजा में ठिकानों पर हमला किया था, तो इज़राइल की सेना ने राफा को एक सुरक्षित क्षेत्र के रूप में नामित किया था। इससे एन्क्लेव की 2.3 मिलियन आबादी में से आधे से अधिक लोग शहर की ओर चले गए।अब, बताया गया है कि इज़रायली हमले का नक्शा सामने आने के बाद करीब दस लाख लोगों ने रफ़ा छोड़ दिया है। इज़रायल के सहयोगियों ने नागरिक हताहतों के जोखिम और इमारत में मानवीय संकट का हवाला देते हुए शहर पर हमले के खिलाफ चेतावनी दी है।

जिन लोगों को बमबारी से बचने के लिए अल-मवासी निकासी क्षेत्र में रहने के लिए कहा गया है, वे खुद को फिर से कहीं और आश्रय की तलाश में पा रहे हैं। लेकिन युद्ध क्षेत्र में कोई सुरक्षित जगह नहीं होती. बमबारी हर जगह हो रही है, न केवल राफा में, बल्कि खान यूनिस और पट्टी के बाकी हिस्सों में भी, 'महमूद ने बताया।गोलाबारी कुवैती अस्पताल के आसपास तक फैल गई है, जो पूरी तरह से सेवा से बाहर है। एक को छोड़कर राफा के सभी फील्ड अस्पताल भी सेवा से बाहर हैं, उन्होंने कहा।अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन इज़राइल से राफा में एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू करने से परहेज करने के आह्वान में शामिल हो गए हैं। हालाँकि, उनके प्रशासन ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि इज़राइल ने अभी तक अपनी लाल रेखाएँ पार नहीं की हैं।राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, हमने उन्हें राफा में तोड़फोड़ करते नहीं देखा है।गाजा में एक नागरिक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि मंगलवार को राफा के पश्चिम में एक विस्थापन शिविर पर इजरायली हमले में कम से कम 21 लोग मारे गए।

इजराइल की सेना ने इन आरोपों को खारिज कर दिया कि उसने मंगलवार को एक निर्दिष्ट मानवीय क्षेत्र में हमला किया था।सेना ने एक बयान में कहा, [इज़राइल सेना] ने अल-मवासी में मानवीय क्षेत्र में हमला नहीं किया, एक ऐसे क्षेत्र का जिक्र करते हुए जिसे राफा से विस्थापित लोगों को आश्रय देने के लिए नामित किया गया था।सप्ताहांत में इसी तरह के हमले में 45 लोगों की मौत हो गई, जिससे वैश्विक आक्रोश फैल गया और अल्जीरिया को मंगलवार शाम को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का आपातकालीन सत्र बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा।उत्तरी अफ्रीकी राज्य ने बैठक का उपयोग एक मसौदा प्रस्ताव पेश करने के लिए किया जिसमें राफा में इजरायल के हमले को समाप्त करने और तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया गया।

मसौदे में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के पिछले सप्ताह के फैसले का हवाला दिया गया है, जिसमें इजराइल को शहर पर अपने सैन्य हमले को तुरंत रोकने का आदेश दिया गया था।अल्जीरिया के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत अमर बेंडजामा ने गाजा पर 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा निकाय की बैठक के बाद कहा कि इस कदम का उद्देश्य राफा में हत्या को रोकना था। अल्जीरिया 2024-25 के लिए परिषद का सदस्य है।परिषद इस मुद्दे पर फिर से चर्चा करने वाली थी। राजनयिकों ने सुझाव दिया कि कुछ ही दिनों में वोट आ सकता है। हालाँकि, संयुक्त राज्य अमेरिका ने गाजा में युद्धविराम की मांग के प्रस्ताव को सुरक्षित करने के लिए पिछली तीन बोलियों पर वीटो कर दिया है।

## ब्राजील के राष्ट्रपति ने इजराइल से राजदूत को वापस बुलाया

एजेंसी

**रियो डी जेनेरियो।** गाजा में युद्ध को लेकर ब्राजील और इजराइल के बीच महीनों से जारी तनाव के बाद राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने तेल अवीव से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है। ब्राजील ने इस कदम की आधिकारिक रूप से जानकारी दी है। इससे पहले गाजा पर हमले की राष्ट्रपति लूला इजराइल की आलोचना कर चुके हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने गाजा युद्ध की तुलना यहूदियों के नरसंहार से की थी। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्स ने ब्राजील के राजदूत को यरूशलम में स्थित राष्ट्रीय होलोकॉस्ट संग्रहालय में बुलाकर सार्वजनिक रूप से नाराजगी जाहिर की थी। मामले से अवगत ब्राजील विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी के अनुसार ब्राजील ने काट्स के कदम के जवाब में और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए अपने राजदूत को वापस बुलाया है कि उस घटनाक्रम के बाद से कोई सकारात्मक बदलाव नहीं हुआ है।

## हौथियों ने यमन में अमेरिकी एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया

एजेंसी

**मारेब, यमन।** यमन के ईरान-संबद्ध हौथियों ने कहा कि उन्होंने यमन के दक्षिण-पूर्वी प्रांत मारेब में एक अमेरिकी MQ-9 ड्रोन को मार गिराया है, समूह के सैन्य प्रवक्ता ने एक टेलीविज़न भाषण में कहा। हौथियों के प्रवक्ता याह्या



सरिया ने कहा कि यह ड्रोन छठा यूएवी है जिसे अब तक मार गिराया गया है। 21 मई को, हौथियों ने दक्षिणी यमन में अल-बायदा प्रांत के ऊपर एक और ड्रोन को मार गिराया। यमन की राजधानी और अरब प्रायद्वीप राज्य के सबसे अधिक आबादी वाले क्षेत्रों को नियंत्रित करने वाले इस समूह ने इज़राइल और हमास आतंकवादियों के बीच युद्ध में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता में नवंबर से लाल सागर में अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग पर हमला किया है, जिसके कारण फरवरी से अमेरिका और ब्रिटेन ने जवाबी हमले किए हैं।

## अमेरिका का कहना कि गाजा युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र का नया प्रस्ताव मददगार नहीं होगा

एजेंसी

**गाजा।** संयुक्त राज्य अमेरिका गाजा में युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र के नए प्रस्ताव से चिंतित है, इसके उप राजदूत ने कहा क्योंकि एक मसौदा तत्काल युद्ध विराम और राफा में इजरायल के आक्रमण को रोकने की मांग करता है। रविवार को विस्थापित लोगों के लिए राफा में एक टेंट कैंप में इजरायली हमले में 45 लोगों की मौत के बाद अल्जीरिया ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक तत्काल बैठक बुलाई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की गई। परिषद के एक पाठ का हवाला देते हुए उप अमेरिकी दूत रॉबर्ट वुड ने संवाददाताओं से कहा, हमने शुरू से ही कहा है कि इस समय स्थिति पर किसी भी तरह का अतिरिक्त उत्पाद शायद मददगार नहीं होगा। यह जमीन पर स्थिति को बदलने वाला नहीं है। आपातकालीन बैठक के बाद अल्जीरिया ने सुरक्षा परिषद के साथी सदस्यों के बीच अपने मसौदे को प्रसारित करना शुरू कर दिया। मसौदा प्रस्ताव, जो पिछले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के फैसले पर आधारित है, ÷यह निर्णय लेता है कि इजरायल, कब्जे वाली शक्ति, राफा में अपने सैन्य आक्रमण और किसी भी अन्य कार्रवाई को तुरंत रोक देगा।÷ यह ÷सभी पक्षों द्वारा सम्मान किए जाने वाले तत्काल युद्ध विराम की भी मांग करता है, तथा सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की भी मांग करता है। अभी तक पाठ पर कोई मतदान निर्धारित नहीं किया गया है। हमेंअमेरिका का कहना कि गाजा युद्ध पर संयुक्त राष्ट्र का नया प्रस्ताव मददगार नहीं होगा नहीं लगता कि एक और प्रस्ताव वास्तव में जमीनी स्तर पर गतिशीलता को बदलने वाला है, वुड ने कहा।वुड ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका, जो इजरायल की रक्षा के लिए स्वतंत्र रूप से अपनी वीटो शक्ति का उपयोग करता है, का मानना ??है कि क्षेत्र में वार्ता युद्ध विराम प्राप्त करने का उचित तरीका है।मई की शुरुआत में इजरायल और हमास के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता युद्ध विराम और बंधकों और कैदियों की रिहाई के सौदे को प्राप्त करने में विफल रही। कतर, मिस्र और संयुक्त राज्य अमेरिका ने मध्यस्थ के रूप में काम किया। एक बैठक में सुरक्षा परिषद के कई सदस्यों ने पिछले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा इजरायल को राफा में अपने आक्रमण को तुरंत रोकने का आदेश देने वाले फैसले पर ध्यान दिया।

7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के हमले और उसके बाद इजरायल के जवाबी अभियान के साथ युद्ध छिड़ने के बाद से परिषद को एक एकीकृत आवाज खोजने के लिए संघर्ष करना पड़ा है।इजरायल के आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर एएफपी की गणना के अनुसार, हमास के हमले में 1,189 लोगों की मौत हुई, जिनमें से अधिकतर नागरिक थे।आतंकवादियों ने 252 लोगों को बंधक भी बनाया, जिनमें से 121 गाजा में ही रह गए, जिनमें से 37 के बारे में सेना का कहना है कि वे मर चुके हैं।हमास द्वारा संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायल के जवाबी हमले में गाजा में कम से कम 36,171 लोग मारे गए हैं, जिनमें से अधिकतर नागरिक थे।गाजा में लोगों को मानवीय सहायता की आवश्यकता पर केंद्रित दो प्रस्तावों को पारित करने के बाद, मार्च में सुरक्षा परिषद ने तत्काल युद्ध विराम का आह्वान करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया - एक अपील जिसे इजरायल के मुख्य सहयोगी संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पहले भी कई बार रोका जा चुका था।

## पाकिस्तान में हथियारबंद लोगों के एक समूह ने लड़कियों के स्कूल को जला दिया

एजेंसी

**टोक्यो।** पुलिस ने बताया कि हथियारबंद लोगों के एक समूह ने पाकिस्तानी तालिबान के एक पूर्व गढ़ में लड़कियों के एक स्कूल में केरोसिन का इस्तेमाल कर आग लगा दी, जिससे फर्नीचर, कंप्यूटर और किताबें नष्ट हो गईं। स्थानीय पुलिस अधिकारी रहमत उल्लाह ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान में रात में हुए हमले में कोई हताहत नहीं हुआ। इस महीने की शुरुआत में इस क्षेत्र में लड़कियों के दो अन्य स्कूलों पर भी बमबारी की गई थी। किसी ने भी हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने कहा



कि उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के शामिल होने का संदेह है, जिसका हाल ही में स्कूल के मालिक के साथ विवाद हुआ था और वे उसे गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों को पहले उन आतंकवादियों पर संदेह था, जिन्होंने सालों पहले लड़कियों के स्कूलों को निशाना बनाया था और कहा था कि महिलाओं को शिक्षित नहीं किया जाना चाहिए। उत्तरी वजीरिस्तान पाकिस्तानी तालिबान का एक पूर्व गढ़ है, जिन्हें तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के नाम से भी जाना जाता है। यह एक अलग समूह है, लेकिन अफगान तालिबान का करीबी सहयोगी है, जिसने 2021 में पड़ोसी अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे से पाकिस्तानी तालिबान का हौसला बढ़ गया है।

## नेपाली क्रिकेटर को वीजा नहीं दिए जाने पर अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को अमेरिका द्वारा वीजा नहीं दिए जाने के खिलाफ लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है। अमेरिका में होने वाले विश्वकप क्रिकेट के लिए नेपाली क्रिकेटर संदीप लामिछाने को वीजा देने से इनकार करने के बाद लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर दिख रहा है। लामिछाने के सैकड़ों प्रशंसकों ने आज काठमांडू की सड़कों पर अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी की। काठमांडू के मइतीघर मण्डला में अमेरिका द्वारा वीजा देने से इनकार किए जाने के बाद लोगों ने प्लेकार्ड लेकर अमेरिका विरोधी नारे लगाए। इन लोगों ने अमेरिका से क्रिकेटर संदीप लामिछाने को तत्काल वीजा देने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन करने वाले लोगों ने नेपाल सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग भी की है। सरकार की तरफ से अमेरिका के साथ इस मामले में कुछ नहीं करने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब नेपाल की अदालत ने संदीप लामिछाने को निर्दोष करार दे दिया तो फिर अमेरिका को उसका सम्मान करना चाहिए। बलात्कार के आरोप में जिला अदालत से सजा पाने वाले संदीप लामिछाने को उच्च अदालत ने निर्दोष करार देते हुए उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया और जिला अदालत की तरफ से दी गई सजा और जुर्माने को रद्द कर दिया था।

## युद्ध प्रभावित यूक्रेन में रूसी हमलों में 9 लोगों की मौत

एजेंसी

**निप्रॉपेट्रोस, यूक्रेन।** यूक्रेन ने बताया कि युद्ध से त्रस्त देश के पांच क्षेत्रों में नौ लोग मारे गए हैं, जबकि रूस अग्रिम पंक्ति पर बढ़त हासिल करने की कोशिश कर रहा है, जहां कीव के सैनिक संघर्ष कर रहे हैं।पूर्वी निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र में, निप्रो नदी के दाहिने किनारे पर निकोपोल शहर पर हुए हमलों में दो लोग मारे गए, गवर्नर सर्जी लिसाक ने कहा।उन्होंने कहा कि ये 52 वर्षीय व्यक्ति थे, जिन्हें गोलाबारी से गंभीर छर्रे लगे थे, और एक 54 वर्षीय एम्बुलेंस चालक, जिसका वाहन एक हमलावर ड्रोन द्वारा मारा गया था।रूस की सीमा से लगे पूर्वी सुमी क्षेत्र में दिन में पहले हुए मिसाइल हमले में दो लोग मारे गए और तीन घायल हो गए, क्षेत्रीय अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर कहा।फ्रंट-लाइन डोनेट्स्क क्षेत्र के गवर्नर, जिसे क्रेमलिन रूस का हिस्सा होने का दावा करता है, ने कहा कि मंगलवार को अलग-अलग हमलों में तीन लोग मारे गए थे। गवर्नर वादिम फिलाशकिन ने कहा कि टोरेट्स्क शहर में दो लोग मारे गए और मंगलवार को फ्रंट-लाइन शहर सेलीडोव पर हुए हमले में एक और व्यक्ति मारा गया, जिसे रूसी सेना नियमित रूप से निशाना बनाती है।दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में, जिस पर क्रेमलिन ने 2022 में कब्ज़ा करने का दावा किया है, हालांकि वह अभी भी काला सागर क्षेत्र पर नियंत्रण के लिए लड़ रहा है, गवर्नर ने कहा कि रूस ने आवास और बुनियादी ढाँचे की सुविधाओं पर गोलाबारी की है।खेरसॉन के गवर्नर ओलेक्सांद्र प्रोकुडिन ने कहा, रूसी आक्रमण के परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की



मौत हो गई।पिछले सप्ताहांत, रूसी सेना ने रूस की सीमा से लगे उत्तरपूर्वी खार्किव क्षेत्र में हफ़्तों में सबसे घातक हमलों में से एक को अंजाम दिया, जिसमें एक व्यस्त हार्डवेयर स्टोर को निशाना बनाया गया।अभियोजकों ने कहा कि हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है, हमले के दौरान स्टोर के एक 40 वर्षीय कर्मचारी की अस्पताल में गंभीर रूप से जलने के बाद मौत हो गई।

## लंदन की सड़कों पर लुंगी पहनकर शॉपिंग करती दिखी महिला, वीडियो वायरल

एजेंसी

**लन्दन।** क्या आप जहाँ भी जाती हैं, अपने स्टाइल के कपड़े पहनना पसंद करती हैं? लंदन में रहने के दौरान देसी दक्षिण भारतीय पोशाक को अपनाने वाली इस महिला के साथ भी ऐसा ही लगता है। उसे विदेशी शहर की सड़कों पर लुंगी पहने देखा गया। जी हाँ, आपने सही पढ़ा। लुंगी को पुरुषों के फैशन परिधान के रूप में देखने वाली लैंगिक रूढ़िवादिता को त्यागते हुए, वैलेरी नाम की इस महिला ने शहर में टहलने और स्थानीय बाजार में कुछ खरीदारी करने के लिए इसे पहना। वैलेरी ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करके दिखाया कि वह अपनी अपरंपरागत बॉटम्स में सड़कों पर चलने के लिए कितनी उत्साहित थी। वीडियो में उसे एक साधारण टी-शर्ट के साथ लुंगी पहने हुए दिखाया गया है, जिसे उसने लंबी स्कर्ट की तरह स्टाइल किया है। लंदन में लुंगी पहने




हुए, उसने वीडियो के कैप्शन में लिखा, जिसकी शुरुआत में उसे अपनी कमर के चारों ओर नीले और भूरे रंग की लुंगी लपेटते हुए दिखाया गया। उसने सड़क के बीच में खुद को इस तरह से तैयार किया जैसे कोई उसे देख नहीं रहा हो। अपने देसी कपड़ों के साथ, उसने खुद को कुछ और जातीय स्पर्श भी देना सुनिश्चित किया। उन्होंने फैशन स्टेटमेंट को सही बनाने के लिए बिंदी और सूक्ष्म आभूषण पहने थे।वीडियो में लोगों की प्रतिक्रियाओं को कैद किया गया है, जो उनके वॉक और शॉपिंग रूटीन के दौरान उनके रास्ते में आए। स्थानीय लोगों ने उन्हें शायद उनकी ड्रेस के लिए मना किया होगा। उन्होंने उनके अजीबोगरीब पहनावे पर घृणा व्यक्त करते हुए, एक दुखी पोकर चेहरे के साथ उनकी ओर देखा।हालांकि, घर वापस जाते समय उन्होंने जिन महिलाओं का अभिवादन किया, उनमें से एक ने लंदन में वेलेरी द्वारा लुंगी पहनने की सराहना की। जब वेलेरी ने बुजुर्ग महिला से पूछा कि क्या उन्हें उनकी ड्रेस पसंद है, तो महिला ने प्रशंसा में जवाब दिया और कहा, मुझे यह बहुत पसंद है।÷प्रभावशाली रूप से, इस मई की शुरुआत में पोस्ट किए जाने के बाद, यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया है और इसे 1,00,000 से अधिक बार देखा गया है।

## मां ने 6 साल की बेटी को कलाई से लटकाया और पीट-पीटकर मार डाला

एजेंसी

**अमेरिका।** ब्रोंक्स की एक मां जिसने कथित तौर पर अपनी 6 वर्षीय बेटी को कलाई से लटकाया और उसे पीट-पीटकर मार डाला, उस पर हत्या का आरोप लगाया गया है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, 6 वर्षीय जेलाया ईसन ब्रांच को चोटों, कुपोषण के लक्षणों और कलाई पर निशान के साथ पाया गया, क्योंकि उसे एक कोठरी में बांधकर लटका दिया गया था, जहाँ उसकी माँ ने कथित तौर पर उसे पीटा था।मॉरिसानिया सेक्शन में ईस्ट 165वीं स्ट्रीट की 27 वर्षीय लिनिजा ईसन ने कथित तौर पर अपनी बेटी जेलाया ईसन ब्रांच को 1 मार्च से शुरू होने वाले हफ्तों तक क्रूर दुर्व्यवहार के अधीन किया।

# दांव पर लगाते हुए लिए डोनाल्ड ट्रम्प हश मनी ट्रायल का फैसला

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** जूरी जल्द ही डोनाल्ड ट्रंप के न्यूयॉर्क मुकदमे में फैसला सुनाएगी। दोषी या निर्दोष, उनका फैसला संयुक्त राज्य अमेरिका को हिलाकर रख देगा। उन्हें यह तय करना होगा कि पूर्व और संभवतः भावी राष्ट्रपति अपराधी हैं या नहीं, चुनाव से कुछ महीने पहले जो उन्हें व्हाइट हाउस में वापस ला सकता है। 12 आम न्यूयॉर्कवासियों के पैनल ने सुबह 11:30 बजे (1530 GMT) विचार-विमर्श शुरू किया। उन्हें 34 अलग-अलग आरोपों में से किसी पर भी दोषी ठहराने के लिए सर्वसम्मति से फैसला करना होगा। आगे कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न इस प्रकार हैं÷ जूरी से क्या निर्णय लेने के लिए कहा जा रहा है? मुकदमे में सामने आए अश्लील विवरणों पर बहुत ध्यान दिया गया है, विशेष रूप से पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स से, जिन्होंने दावा किया था कि 2006 में एक सेलिब्रिटी गोल्फ़ टूर्नामेंट में ट्रम्प के साथ उनका यौन संबंध था।

लेकिन मामला अंततः इस बात पर आकर खत्म होता है कि क्या ट्रम्प ने जानबूझकर अपने वकील माइकल कोहेन को .130,000 का भुगतान करने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की थी, ताकि डेनियल्स को उनकी कहानी से हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ़ 2016 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में बाधा न आए।जूरी को न केवल यह तय करना होगा कि क्या ट्रम्प ने कोहेन को भुगतान के रिकॉर्ड में हेराफेरी की है, बल्कि यह भी कि क्या उन्होंने ऐसा किसी अन्य अपराध को छिपाने के लिए किया था - इस मामले में एक अघोषित अभियान दान - जो इसे एक गंभीर अपराध बनाता है। जूरी को अपने निर्देश देते हुए, जज जुआन मर्चेन ने उनसे कहा कि फ़ैसला लेने के लिए उन्हें ÷प्रतिवादी के पक्ष में या उसके खिलाफ़ अपनी व्यक्तिगत राय को अलग रखना होगा।÷उनके पास क्या विकल्प हैं?जूरी को ट्रम्प को दोषी ठहराने या उस आरोप से बरी करने के लिए प्रत्येक आरोप पर सर्वसम्मति से फ़ैसला करना होगा।उनकी बचाव टीम ने जूरी के कम से कम एक सदस्य के मन में संदेह पैदा करने की कोशिश की है, जो संपत्ति के इस दिग्गज को दोषसिद्धि से बचाने के लिए पर्याप्त है, जिससे गलत मुकदमा चलाया जा सकता है।मुकदमे की शुरुआत में जूरी के चयन की जटिल प्रक्रिया ने जूरी के सदस्यों की मीडिया खपत और ट्रंप के प्रति भावनाओं की सूक्ष्मता से जांच की, जिससे पता चला कि कम से कम एक जूरी सदस्य 77 वर्षीय पूर्व रिपब्लिकन राष्ट्रपति को उनके ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर फॉलो करता है।

क्या ट्रंप सलाखों के पीछे जा सकते हैं?हां, पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप जेल जा सकते हैं।उन पर व्यापार रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों में से प्रत्येक के लिए अधिकतम चार साल की जेल हो सकती है।मर्चेन पूर्व राष्ट्रपति के अभूतपूर्व आपराधिक मुकदमे में शामिल गवाहों, जूरी और कुछ लोगों के परिवार के सदस्यों की सुरक्षा के लिए लागू किए गए गैग ऑर्डर के उल्लंघन के लिए दूर-दराज़ के लोकलुभावन को जेल भेजने के करीब पहुंच गए हैं।लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप जैसे पहली बार अपराध करने वाले व्यक्ति के लिए जुर्माना, परिवीक्षा या सामुदायिक सेवा सभी अधिक संभावित विकल्प हैं।

**कौमी पत्रिका**
संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300
**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in
**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**
**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# दिल्ली में पानी बर्बाद करने पर 2000 का जुर्माना लगेगा

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में पानी की बर्बादी करने पर अब दो हजार रुपये का चालान काटा जाएगा. इसके लिए दिल्ली सरकार ने दिल्ली जल बोर्ड की 200 टीमों का गठन किया गया है, जो सुबह से कार्रवाई शुरू करेंगी. पानी का संकट दिल्ली में बढ़ता जा रहा है. दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि अगर पाइप से कार की धुलाई की जाती है. टंकी से पानी ओवरफ्लो होता पाया जाता है या फिर घरेलू पानी आपूर्ति का इस्तेमाल निर्माण या किसी व्यावसायिक काम के लिए किया जाता है तो टीम कार्रवाई करेगी. इसके साथ ही निर्माण स्थलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर अवैध जल कनेक्शन काटे जाएंगे. आदेश में लिखा गया है कि भीषण गर्मी के बीच दिल्ली में पानी आपूर्ति में कमी आई है. हरियाणा की तरफ से पानी सप्लाई प्रभावित है. दिल्ली के कुछ हिस्सों में घरेलू पानी के कनेक्शन से व्यावसायिक और निर्माण स्थलों के लिए भी कनेक्शन लिए गए हैं. अब जल निगम की टीम कार्रवाई करेगी।

# टेली-मानस हेल्पलाइन पर आई 10 लाख से अधिक कॉल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय टेली-मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। टेली-मानस टोल-फ्री नंबर पर अब तक 10 लाख से अधिक कॉल प्राप्त हुई हैं। यानि औसतन प्रति दिन 3,500 कॉल प्राप्त हुई हैं। देश भर में मानसिक स्वास्थ्य सेवा वितरण को बढ़ाने के लिए केन्द्र सरकार ने अक्टूबर 2022 में लॉन्च किया था। इस कार्यक्रम के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 51 टेली-मानस सेल संचालित किये जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण टेली-मानस हेल्पलाइन पर कॉल करने वालों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी गई है। इस नंबर पर दिसंबर 2022 में लगभग 12,000 कॉल आईं थीं, जो बढ़कर मई 2024 में 10 लाख से अधिक हो गई हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार टेली-मानस प्लेटफार्म आज एक आवश्यक मंच बन गया है, जिसमें डिजिटल नेटवर्क स्थापित करके, पेशेवरों के माध्यम से सहायता पहुंचाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि टेली मानस टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14416 या 1-800-891-4416 पर कई भाषाओं में सहायता प्रदान की जाती है। इन नंबर पर कॉल करने वाले लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सलाह और उनका उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। टेली मानस देश के सामने आने वाली मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

# पश्चिमोत्तर और मध्य भारत में धीरे धीरे कम होगा लू का कहर

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमोत्तर और मध्य भारत में जारी झुलसाने वाली गर्मी और लू का कहर धीरे-धीरे कम होने का अनुमान जताया गया है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज शरीर को झुलसाने वाली गर्मी और लू की स्थिति गंभीर हो सकती है और उसके बाद धीरे-धीरे इसमें कमी आएगी। इन क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में एक जून तक लू की स्थिति यथावत जारी रहने का अनुमान है। विभाग ने कहा कि बिहार, झारखंड, ओडिशा, विदर्भ, छत्तीसगढ़, जम्मू संभाग और हिमाचल प्रदेश में भी शुक्रवार तक लू की स्थिति गंभीर बने रहने का अनुमान है। एक ताजा विक्षोभ के पश्चिमोत्तर क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिसके प्रभाव में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में दो जून तक गरज साथ बौछार और बिजली कड़कने के साथ अलग-अलग स्थानों पर बारिश हो सकती है।

# रूद्रम- दो मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( डीआरडीओ) ने हवा से सतह पर मार करने वाली रूद्रम - दो मिसाइल का वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई से सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मिसाइल के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ , वायु सेना और उद्योग जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण की सफलता से रूद्रम -दो की भूमिका की मजबूती से पुष्टि हुई है और इससे भारतीय सशस्त्र बलों की ताकत कई गुणा बढ जायेगी।



# दिल्ली पुलिस ने 25 हजार के इनामी लेडी डॉन को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक लेडी डॉन को गिरफ्तार किया है। आरोपित महिला की गिरफ्तारी पर उप्र पुलिस ने 25 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा था। आरोपित की पहचान काली तंवर के रूप में हुई है। यह मूलतः उप्र के गाजियाबाद की रहने वाली है। डीसीपी स्पेशल सेल अमित कौशिक ने बताया कि इंस्पेक्टर मान और एसआई प्रीति की टीम ने इसके बारे में सूचना इकट्ठा करके इसे गिरफ्तार किया। गाजियाबाद के लोनी में हुई एक हत्या के मामले में इसकी उप्र पुलिस को पिछले साल से तलाश थी। जानकारी मिली कि यह दिल्ली के फतेहपुर इलाके में छुपी हुई है। वहां पर पुलिस ने छापा मारकर मांडी गांव से इसे पकड़ा। पिछले साल उस पर हत्या का केस दर्ज हुआ था, जिसमें पुरानी दुश्मनी में दो समूहों के बीच में जमकर झगड़ा हुआ था। उसमें एक शख्स की हत्या कर दी गई थी। यह लेडी दीपक अगरोला और कर्मवीर काला गैंग से ताल्लुक रखती है। उस हत्या की वारदात के बाद से यह फरार हो गई थी। इसकी गिरफ्तारी के लिए उप्र पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। डीसीपी कौशिक ने बताया कि विगत 03 मई को स्पेशल सेल ने हत्या के उसी मामले में एक और वांटेड फैजान उर्फ नन्हे को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था।

# भारतीय सेना ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के 76वें अंतरराष्ट्रीय दिवस को याद किया

## संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के अभियानों में भारतीय सैनिकों का बड़ा योगदान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** । भारतीय सेना ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) शांति सैनिकों के 76वें अंतरराष्ट्रीय दिवस परराष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद साथियों को श्रद्धांजलि दी। आज ही के दिन 1948 में पहले संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन 'यूएन ट्रूस सुपरविजन ऑर्गनाइजेशन (यूएनटीएसओ)' ने फिलिस्तीन में ऑपरेशन शुरू किया था। हर साल इस दिन संयुक्त राष्ट्र और दुनिया भर के देश उन सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हैं, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सेवा करके शांति के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है।

उप सेना प्रमुख (सूचना प्रणाली एवं समन्वय) लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर, संयुक्त राष्ट्र संगठन के अधिकारी, रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की। संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के अभियानों में योगदान की समृद्ध विरासत के साथ भारतीय सैनिकों का सबसे बड़ा योगदान है। भारत के लगभग 2,87,000 सैनिकों ने शांति अभियानों में सेवाएं दी हैं। भारतीय सेना के जवानों ने कठिन, चुनौतीपूर्ण इलाकों और परिचालन स्थितियों में काम करते हुए संयुक्त राष्ट्र के आदेशों को कायम रखने के लिए सर्वोच्च बलिदान देने तक अनुकरणीय साहस और वीरता का परिचय दिया है।



अब तक 160 भारतीय सेना के जवानों ने दुनिया भर में शांति सुनिश्चित करने के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बल नौ देशों में शांति अभियानों में तैनात हैं। संयुक्त राष्ट्र, मेजबान देशों और साझेदार देशों के लिए क्षमता विकास में भारत सबसे आगे रहा है। इसके अलावा भारतीय सेना की पशु चिकित्सा टुकड़ियों ने विभिन्न संयुक्त राष्ट्र मिशनों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। सूडान में पशु चिकित्सा टुकड़ी के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल गुरप्रीत सिंह बाली ने अबेई में पशुधन के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार लाने के प्रयास किये हैं, जिनकी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय ने भी सराहना की है।

भारतीय सेना ने शांति अभियानों में विशिष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (सीयूएनपीके) की स्थापना की है। यह केंद्र हर साल 12 हजार से अधिक सैनिकों को प्रशिक्षित करता है। यह संस्थान पिछले दो दशकों में उत्कृष्टता केंद्र और अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं के भंडार के रूप में विकसित हुआ है। भारतीय सेना ने संयुक्त राष्ट्र मिशनों में भारतीय टुकड़ियों की परिचालन दक्षता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक उपकरण और वाहन तैनात किए हैं। ये स्वदेशी वाहन और उपकरण मिशन क्षेत्रों में कठिन इलाकों, मौसम और परिचालन स्थितियों की अनिश्चितताओं का सफलतापूर्वक सामना कर चुके हैं।

# कार पर गुर्जर लिखवाकर एक्सप्रेसवे पर घूमा रहा था युवक, पुलिस ने चलाया 55 हजार रुपए का हंटर

**नईअदिल्ली।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एक कार चालक ने अपनी और दूसरे लोगों की जान जोखिम में डालते हुए खतरनाक स्टंट किया। इस स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।जिसके बाद नोएडा ट्रैफिक पुलिस का हंटर चला। पुलिस ने वीडियो के आधार पर कार का 55 हजार रुपये का चालान काटा है।

**पुलिस का बयान**

नोएडा ट्रैफिक पुलिस के डीसीपी अनिल कुमार यादव ने बताया, 'एक्सप्रेसवे पर बीच सड़क पर ही कार को गोल-गोल घुमाकर स्टंट करते हुए वीडियो सामने आया है। इससे सेक्टर-125 के पास काफी देर तक वाहनों की रफ्तार थम गई थी।' उन्होंने बताया कि कार नंबर के आधार पर मालिक पर 55,000 रुपये का चालान किया गया है और स्टंट करने वालों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बम बम महाराज नौहट्टिया द्वारा मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर करने के लिए ज्ञापन 1 जून को

नई दिल्ली। बम-बम महाराज नौहट्टिया ने दिल्ली की जनता के द्वारा केजरीवाल से मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा की मांग एवं मजबूर करने के लिए ज्ञापन देने के लिए 1 जून संध्या 5.00 बजे शीशमहल, 6 फ्लैग रोड़ पर ज्ञापन देने हेतु। बम बम महाराज नौहट्टिया ने संवाददाताओं को बताया कि हमने पत्र में मांग की कि केजरीवाल आप दिल्ली की जनता के दुर्भाग्य से दिल्ली के मुख्यमंत्री पद विराजमान हैं मुख्यमंत्री के पद से दिल्ली की जनता आपसे इस्तीफा की मांग बगैर दिल्ली विधानसभा को भंग अथवा निलंबित करने की सिफारिश करती हैं उन्होने कहा कि दिल्ली की जनता आपके सब्ज-बाग में चाहे जैसे भी हो, आपको दिल्ली की शासन व्यवस्था संपूर्ण बहुमत से प्रदान किया और दिल्ली की जनता आपको दिल्ली की शासन व्यवस्था के लिए बहुमत दिया है, ना कि किसी अन्य विधायक को अथवा आपकी पत्नी सुनीता अग्रवाल को अथवा किसी भी अन्य को आपके द्वारा जेल जाने की स्थिति में मुख्यमंत्री का पद सौंपने के लिए बहुमत दिया है। यदि आप ऐसा करते हैं अथवा करेंगे तो यह दिल्ली की जनतंत्र के द्वारा खारिज माना जाएगा क्योंकि आपके द्वारा जेल जाने के बाद अब तक किसी को भी मुख्यमंत्री दिल्ली का दायित्व नहीं दिया गया जबकि दिल्ली राज्य नागरिक की सरकार की स्थापना को लेकर अबतक दिल्ली विधानसभा में जनता की सरकार बनाने का दावा किया जा चुका है, इसलिए जब एक दावा उपराज्यपाल के समक्ष वैधानिक तरीके से लंबित है तब आपके द्वारा आपकी गलती के कारण और आपकी लापरवाही के कारण अब आपके नामित कोई भी मुख्यमंत्री दिल्ली का नहीं हो सकता क्योंकि दिल्ली की जनता ने उसे अपना बहुमत नहीं दिया है। अत- आप इस



पत्र के मिलने के बाद किसी भी प्रकार की चालाकी नहीं करें तो बेहतर होगा। उन्होने यह भी कहा कि केजरीवाल आप वर्तमान में न्यायिक कैदी हैं और आप पर एक नहीं अनेक गंभीर आरोप भी लगे हुए है अत- इसलिए केजरीवाल से दिल्ली का जनतंत्र बगैर विधानसभा भंग किए और बगैर विधानसभा निलंबित करने की सिफारिश किए बगैर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग करते है। बम-बम महाराज नौहट्टिया ने कहा कि मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा आपको क्यों देना चाहिए और क्यों दिल्ली की जनता आपसे इस्तीफा की मांग कर रही है इसका सबसे मुख्य कारण और आधार और सबूत आपके/केजरीवाल आपके वह ब्यान हैं जो कि आपने सोशल मीडिया पर सरेआम जारी किया हुआ है, जिसमें आप खुद कह रहे हैं कि कोई भी व्यक्ति के खिलाफ मतलब कोई भी व्यक्ति किसी भी सरकारी पद पर बैठे हैं जिसमें मुख्यमंत्री का भी पद शामिल है और उनकी खिलाफ कोई न्यायिक कार्यवाही जारी होता है तो इस परिस्थितियों में न्याय को प्रभावित नहीं करने के लिहाज से उस व्यक्ति को जिस पर की न्यायिक कार्यवाही जारी हुआ है उन्हें तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए यह ब्यान चूंकि केजरीवाल जी आपके हैं अत- आपको अपने ब्यान के आधार पर न्यायिक कार्यवाही का अंतिम निर्णय आने तक दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद से पहले ही इस्तीफा दे देना चाहिए था, किंतु जो इस्तीफा अभी तक नहीं दिया, बाध्य होकर दिल्ली की जनता के द्वारा बम-बम महाराज नौहट्टिया के दिल्ली की जनता की सरकार के मुख्यमंत्री का दावाकर्ता के द्वारा आपको इस्तीफा देने के लिए इस पत्र के द्वारा मांग करना पड़ रहा है और आपको मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए मजबूर करने के लिए दिल्ली की जनता के द्वारा 1 जून को शामं 5-00 बजे ज्ञापन देने का भी फैसला किया।

नौहट्टिया ने कहा कि केजरीवाल अपने गिरेबान में झांके। बहुत सारे सबूत आपने मीडिया में भी छोड़ रखे हैं, जिससे आप किसी भी प्रकार किनारा नहीं कर सकते। अब आप को इस पत्र के द्वारा एक बेहतरीन कार्य दिल्ली की जनता के हित में करने के लिए, दिल्ली की जनता के द्वारा, जनता की सरकार की स्थापना को लेकर बम-बम महाराज नौहट्टिया के द्वारा अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिस पत्र के ऊपर आप तत्काल प्रभाव से दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद पर से बगैर विधानसभा को भंग करने अथवा निलंबित करने का सिफारिश के दिल्ली में, दिल्ली की जनता की सरकार की स्थापना को लेकर अपना इस्तीफा उपराज्यपाल दिल्ली को सौंप दें, ताकि दिल्ली में, दिल्ली की जनता की सरकार की स्थापना बम-बम महाराज नौहट्टिया द्वारा वर्तमान विधानसभा में, वर्तमान सभी लगभग 66 विधायकों के बीच लगभग 50 विधायकों के समर्थन से नई सरकार की स्थापना कर दिल्ली को बेहतर शासन व्यवस्था मुहैया कराया जा सके। आपके द्वारा इस पुनीत कार्य को करने से दिल्ली की जनता का जो कायाकल्प होगा बम-बम महाराज नौहट्टिया द्वारा सरकार बनाकर किया जाएगा, इसका सभी श्रेय आपको जाएगा। बम-बम महाराज नौहट्टिया यह भी याद दिलाया कि 2013 से जब आपने 49 दिन की सरकार के बाद मुख्यमंत्री पद से गलत इस्तीफा दिया था तब से दिल्ली की जनता के हित में बेहतर प्लान लेकर सक्रियता दिखाते हुए आ रहे हैं। आपको ताकीद रहे कि आप अपने हितों के आधार पर अपनी मर्जी से आप मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें और मुख्यमंत्री के पद पर बने रहे यह नहीं हो सकता। चित भी आपका और पट भी आपका नहीं हो सकता। नौहट्टिया ने कहा कि यदि दिल्ली की जनता के हित में जनता की सरकार बनाने के लिए बम-बम महाराज नौहट्टिया के दिल्ली सरकार बनाने का दावा जो किया गया है उसके मद्देनजर और उसको उपराज्यपाल दिल्ली सरकार को अमल में लाने के लिए आप तत्काल प्रभाव से पत्र पाते ही 1 जून को संध्या 5-00 बजे इस संदर्भ में ज्ञापन लेने के पश्चात् इस्तीफा मुख्यमंत्री के पद से प्रदान कर दें। यदि आपके द्वारा इस पत्र के बाद और ज्ञापन के बाद तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दिल्ली की जनता के हित में नहीं देते हैं तो बाध्य होकर आपको अदालत के द्वारा इस्तीफा देने अथवा मुख्यमंत्री पद से बर्खास्त कराने के लिए अदालत की कार्यवाही दिल्ली की जनता के लिए बम-बम महाराज नौहट्टिया दिल्ली की जनता की सरकार बनाने का दावाकर्ता द्वारा किया जाएगा, जिसकी समस्त हर्जे-खर्चे की जवाबदेही आपकी होगी।


**NAME CHANGE**

I, RIHA BACK W/O AJIT BACK R/O Parmanent adress village/ town Garkash ,P/S Tangla, Sub Divn -Udalguri District Udalguri Assam-784521,Present adress HNO -616 ,GADDA COLONY,SULTANPUR, NEW.DELHI -110030 have changed the name of my minor-son AYUSH BECK Aged 11 Year and he shall hereafter be known as AUSH BACK.

**NAME CHANGE**

I, PRASHANT UNIYAL, S/o. SH. MAHESH CHAND R/o. RZF-775/6, GALI NO.15, RAJ NAGAR-II, PALAM COLONY, NEW DELHI-110077, have changed my name from PRASHANT to PRASHANT UNIYAL for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, PROTIMA DAS (Existing Name of Mother) is legally Mother of No. 14852796N Rank- NK Name-AMIT KUMAR DAS Presently residing at VPO-MUSTHULI, DIST- BARDHAMAN, WEST BENGAL-713502, have changed my name from PROTIMA DAS to PRATIMA DAS for all future purposes. Vide affidavit No IN-DL95038360670071W Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I, No. 20801367A HAV MARYAPA VITHOBA JADHAV S/o VITHOBA MARAYAPPA JADHAV Presently residing at MADLI GALI, KUDANUR, CHANDGARH, KUDANUR, KUDNUR, KOLHAPUR, MAHARASHTRA-416508 have changed my name from MARYAPA VITHOBA JADHAV to MARAYAPPA VITHOBA JADHAV for all future purposes vide Affidavit dated 29/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, AVREEN KAUR CHAWLA D/O MANJEET SINGH RESIDING AT B-1/190 FIRST FLOOR PASCHIM VIHAR WEST DELHI-110063 HAVE CHANGED MY NAME TO AVREEN KAUR FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I, SURJEET KAUR CHAWLA W/O MANJEET SINGH RESIDING AT B-1/190 FIRST FLOOR PASCHIM VIHAR WEST DELHI-110063 HAVE CHANGED MY NAME TO SURJEET KAUR FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I, MANJEET SINGH CHAWLA S/O AMRIK SINGH RESIDING AT B-1/190 FIRST FLOOR PASCHIM VIHAR WEST DELHI-110063 HAVE CHANGED MY NAME TO MANJEET SINGH FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Ravish Kumar alias Sanjay Nayak S/O Jagdish Nayak,R/O C1/230, Phase-4, Aya Nagar, South Delhi, Delhi-110047 have changed my name and shall hereafter be known as SANJAY NAYAK.

**NAME CHANGE**

I, hitherto Known as VIJAY KUMAR alias ANAR SINGH S/o BIRENDRA SINGH residing at House No. D-104, Lalu Colony, Meetapur, Vistar, Badarpur, South Delhi, Delhi -110044 have changed my name and shall hereafter be known as ANAR SINGH.

**NAME CHANGE**

I, Shikha D/o Rajbir R/o Near Railway Station, Pillu Khera Mandi, Pillu Khera (17), Jind, Haryana-126113, Have Changed My Name To Shikha Chauhan For All Future Purpose

**NAME CHANGE**

I, MANOJ KUMAR S/o SITARAM SINGH residing at 168, Khanjahapur, Bahadar Khan Jahanpur, Naabad, Bijnor, Uttar Pradesh - 246701 have changed the name of minor Son YAMAK KUMAR aged 13 Years and he shall hereafter be known as SAGAR KUMAR.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, SANJIV YADAV S/o RAKESH YADAV, R/o G-1/46/47, Gali No. 2, Mohan Garden, Sai Enclave, Uttam Nagar, West Delhi-110059 declare that name of mine has been wrongly written as SANJEEV KUMAR in my Driving Licence No. DL-0420130274383. The actual name of mine is SANJIV YADAV.

**NAME CHANGE**

I, SHAGHUFA W/O WASEEM AKRAM residing at G-85/4, THOKAR NO-4, ABUL FAZAL ENCLAVE -1, JAMIA NAGAR, OKHLA, DELHI-110025 have changed my name to SHAGUFA for all future purposes

**NAME CHANGE**

I, SHOBHA DEVI W/o NO-4082311W HAV LATE YASHPAL SINGH R/o MAYUR VIHAR, DULEPURI, PO-PEERUMADARA, RAMNAGAR RANGE, NAINITAL, UTTARAKHAND-244715 have changed my minor daughter's name from SHIRISHTI RAWAT to SRISHTI RAWAT for all future purposes vide affidavit dated 30/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, JC-618479A Rank-SUB Name-MOHAN SINGH GURUNG S/o LATE BIRKHA BAHADUR GURUNG Presently residing at KIRAN LINE BASTI, HAPPY VALLEY, SHILLONG, EAST KHASI HILL, MEGHALAYA-793007 have changed my daughter's name from PRENA GURUNG to PRERNA GURUNG for all future purposes vide affidavit dated 30/05/2024 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SHAILESH GUPTA S/O TARA CHAND RESIDING AT D-14A BAL UDHYAN ROAD UTTAM NAGAR DELHI-110059 HAVE CHANGED MY NAME TO SHAILESH KUMAR GUPTA FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I, Jagdish Prasad, S/O, Bhanwar Lal Mali, R/O Kalwani Road, Hirai Bass, Didwana - Kuchaman, Rajsthan 341301, I have split my name PRASAD as Surname, Jagdish Prasad for all future purpose

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, RAM KOMAL YADAV S/o SH DALLU YADAV, R/o 85, New Priyanka Camp, Madanpur, Khadar, Sarita Vihar, South Delhi, Delhi- 110076, declare that name of mine and my minor Son has been wrongly written as KOMAL YADAV and RAMMAD in my minor Son namely RAMMAD YADAV aged 16 years in his 10th class educational documents. The actual name of mine and my minor son are RAM KOMAL YADAV and RAMMAD YADAV respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, Nisha Rani W/o Sumer Singh R/o Ward No-11, Farrukhnagar Rural-35, Gurgaon, Haryana-122506, Have Changed My Name To Nisha For All Future Purpose

**NAME CHANGE**

I, ARIBA D/O SHAHID ALI residing at C-93, THIRD FLOOR, JEEVAN PARK, UTTAM NAGAR, DWARKA, DELHI-110059 have changed my name to IFRA ZEHRA for all future purposes

**NAME CHANGE**

I, Taruna Kumari D/o Subhash Chand R/o 37D hauz Rani Malviya Nagar Delhi 110017 have changed my name to Taruna for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I, Jyoty Yadav W/o Azad Singh R/o VPO Maliyaki (246), Rewari, Haryana-123035, Have Changed My Name To Jyoti Yadav For All Future Purpose

**NOTICE**

Public at large is hereby informed that my client (1) Mrs. Kamla Jain and (2) Mr. Sandeep Jain is the owner of Entire First Floor a Servant quarter on the terrace of second Floor, Property bearing NO.A-34, area measuring 486 sq. yds., Situated at New Friends Colony New Delhi-110025 vide Regd. Relinquishment Deed dated 21/09/2021 executed by (1) Mrs. Ranju Jain (2) Mrs. Gita Jain and (3) Mrs. Bindu Vipan Jain in favour of (1) Mrs. Kamla Jain and (2) Mr. Sandeep Jain (Doc No.4533, Book No.1, Vol No.1710, Page No.158-165, SR-V (1) That, (1) Original Regd. Relinquishment Deed dated 21/09/2021 executed by (1) Mrs. Ranju Jain (2) Mrs. Gita Jain and (3) Mrs. Bindu Vipan Jain in favour of (1) Mrs. Kamla Jain and (2) Mr. Sandeep Jain (Doc No.4533, Book No.1, Vol No.1710, Page No.158-165, SR-V (1) was lost on 07.05.2024 duly reported to police station Police Station P.S. Crime Branch, Delhi on 29/05/2024, LR No. 1773814/2024, If anyone found the same may return to undersigned and if the same is misused shall be at his/her own risk. That my client intends to mortgage the said immovable property for her bonafide requirements to Cholamandalam Investment and Finance Company Ltd. Whosoever is having any objection to the said mortgage or anyone has claim or right or interest in the property shall contact the undersigned with the objection within 07 days failing which it shall be presumed that there stands no objections.

NEW DELHI
DATE: 30/5/2024

**PRAGYA BHUSHAN ADVOCATE**
Enrl. No. D/721/02
Office: L-27,GF, Kailash Colony, New Delhi-48
Mob.: 9968006418

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my clients Mr. Jagdish Prasad and his Wife Mrs. Jasmat Devi, R/o H no 75, JJ Camp, Tigri, South Delhi, New Delhi 110062 have severed all their relations with their son Ashish Kumar his wife Poonam Jaiswal and their Grandson Vansh due to their bad Habits. My above named clients have also disowned and debarred them from all their movable and immovable properties. Anybody dealing with them will do so at their own risk and responsibilities and my above named clients will not be responsible for any act, deed or dealing done by them.

**KESHAV BHARDWAJ**
(ADVOCATE AND LEGAL CONSULTANT)
Chamber No. 342(E), Lawyers Block, Saket District Court
New Delhi-110017

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री शेर सिंह निवासी 7- सी तारा नगर ककरौला दक्षिण पश्चिम दिल्ली -110078 ने अपने पुत्र श्री राहुल कश्यप व उसकी पत्नि नीतू उर्फ नीतू कश्यप को उनके गैर जिम्मेवाराना हरकतो के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है तथा उक्त पुत्र व उसकी पत्नि से अपने सारे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है ! मेरे मुवक्किल का उक्त पुत्र व उसकी पत्नि से अब किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं रहा है और भविष्य मे इनसे कोई लेन देन अथवा किसी प्रकार का व्यवहार करता हैं तो मेरी मुवक्किल व उसके परिवार के अन्य सदस्यो कि कोई जिम्मेवारी नही होगी तथा उसका स्वंय का जोखिम होगा !

**श्वेता दीक्षित अधिवक्ता**
चैम्बर न0- 339, अधिवक्ता बिल्डिंग जिला सत्र न्यायालय, साकेत नई दिल्ली .

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री देवा सिंह चौहान पुत्र स्व. हरि सिंह फ्लैट नंबर C16/2, C17, नंबर-1 (1 मंजिल वाला) (GF), खसरा नं. 266, विश्वकर्म कॉलोनी, एम.बी. रोड पुल पहलादपुर, दिल्ली-44 के मालिक हैं। (क्षेत्रफल 91.97 वर्ग मीटर) में स्थित प्राधिकरण पर्ची दिनांक 04/10/2021 के तहत डीडीए द्वारा श्री देवा सिंह चौहान पुत्र स्व. हरि सिंह के पक्ष में निष्पादित की गई। (दस्तावेज़ संख्या 5375, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 16238, पृष्ठ-182 से 185, SR-V) जो फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के साथ अपनी वास्तविक आवश्यकताओं के लिए उक्त संपत्ति को गिरवी रखना चाहता है। जिसे भी उक्त बंधक या अधिग्रहण या किसी को भी कोई आपत्ति है संपत्ति पर दावा या अधिकार या हित होने पर 07 दिनों के भीतर आपत्ति के साथ अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करना होगा, अन्यथा यह माना जाएगा कि कोई आपत्ति नहीं है।

नई दिल्ली
दिनांक: 30/5/2024

**प्रज्ञा भूषण वकील**
Enrl No. D/721/02
कार्यालय: L-27,GF, कैलाश कालोनी, नई दिल्ली-48 Mob: 9968006418

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री. यशपाल लखीना पुत्र स्व. गोकल चंद लखीना दूसरी मंजिल बिना छत के अधिकार वाली आवासीय भूखंड नंबर ए-168, जिसकी माप 191.36 वर्ग है पुनर्वास मंत्रालय कर्मचारी सहकारी हाउस बिल्डिंग सोसाइटी लिमिटेड के लेआउट प्लान में स्थित है, जिसे अब शिवालिक कॉलोनी के रूप में जाना जाता है, मालवीय नगर के पास, नई दिल्ली, जो अब दक्षिण दिल्ली नगर निगम की सीमा के भीतर है की के मालिक हैं। प्रारंभ में कन्वेन्स डीड दिनांक 10/01/2019 को L&DO द्वारा (1) वी.के. चौधरी एच.यू.एफ., अपने कर्ता श्री वी.के. चौधरी पुत्र स्वर्गीय श्री धर्म देव (2) श्री यशपाल लखीना और (3) श्री मुकेश लखीना के पक्ष में निष्पादित किया गया। (Doc. No. 310) (प्लॉट संख्या ए-168, माप 191.36 वर्ग गज) बाद में, बिक्री विलेख दिनांक 16 /07/2019 के माध्यम से श्री वी.के. चौधरी एचयूएफ अपने कर्ता श्री वी.के. श्री चौधरी द्वारा निष्पादित यशपाल लखीना पुत्र स्व. गोकल चंद लखीना के पक्ष में (Doc. No. 4937) (10.83% अविभाजित शेयर) और बिक्री विलेख दिनांक 16/07/2019 के माध्यम से श्री वी.के. चौधरी एचयूएफ अपने कर्ता श्री वी.के. श्री चौधरी द्वारा निष्पादित पुनीत ढींगरा के पक्ष में (Doc. No. 4935) (22.50% अविभाजित शेयर), अंत में, रिलीज डीड दिनांक 06/08/2019 को श्री मुकेश लखीना द्वारा श्री यशपाल लखीना पुत्र स्व. गोकल चंद लखीना के पक्ष में निष्पादित किया गया। (33.33% अविभाजित हिस्सा) (Doc. No. 5487, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 2968, पृष्ठ 158-168, SR-V, Delhi), अंत में, विभाजन विलेख दिनांक 24/01/2020 श्री द्वारा यशपाल लखीना पुत्र स्व. गोकल चंद लखीना (प्रथम पक्ष का संपूर्ण बेसमेंट, भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल) और श्री. पुनीत ढींगरा (दूसरी पार्टी दूसरी मंजिल के ऊपर और ऊपर की पूरी छत साझा करती है) के मध्य निष्पादित किया गया । (छ्रश्ष. ह्रश. 532, बुक नंबर 1, वॉल्यूम नंबर 3242, पेज 139-154, SR-VA), अब श्री यशपाल लखीना पुत्र स्व. गोकल चंद लखीना दूसरी मंजिल बिना छत के अधिकार वाली उस इच्छित उधारकर्ता को बेचने के लिए सहमत हुआ जो उक्त अचल संपत्ति को गिरवी रखना चाहता है, जो एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड को अपनी वास्तविक आवश्यकताओं के लिए उक्त अचल संपत्ति को गिरवी रखने का इरादा रखता है। जिस किसी को भी उक्त बंधक पर कोई आपत्ति है या किसी का संपत्ति पर दावा या अधिकार या हित है, तो वह 07 दिनों के भीतर आपत्ति के साथ अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करेगा, अन्यथा यह माना जाएगा कि कोई आपत्ति नहीं है।

नई दिल्ली
दिनांक: 30/5/2024

**प्रज्ञा भूषण वकील**
Enrl No. D/721/02
कार्यालय: L-27,GF, कैलाश कालोनी, नई दिल्ली-48 Mob: 9968006418

**पगारिया एनर्जी लिमिटेड**

रजि. कार्यालय: 9/18, बाजार गली, विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली -110 032
वेबसाइट : www.pagariaenergy.com ईमेल: info@pagariaenergy.com
CIN: L67120DL1991PLC043677
31.03.2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित
वित्तीय परिणाम (ईपीएस को छोड़कर लाखों रुपये में)

| विवरण | समाप्त तिमाही की समीक्षा की गई | | | लेखा परीक्षित | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31.03.2024 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2023 |
| **परिचालन से कुल आय (शुद्ध)** | 12.87 | 1.82 | 8.91 | 18.74 | 14.91 |
| कर से पहले सामान्य गतिविधियों से शुद्ध लाभ/(हानि) | 3.94 | 0.44 | 3.75 | 6.53 | 5.04 |
| कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) | 2.56 | 0.44 | 2.12 | 5.15 | 3.41 |
| अवधि के लिए कुल व्यापक आय (इस अवधि के लिए लाभ (हानि) और अन्य व्यापक आय शामिल) | 2.56 | 0.44 | 2.12 | 5.15 | 3.41 |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 434.97 | 434.97 | 434.97 | 434.97 | 434.97 |
| रिज़र्व (पिछले वर्ष की बैलेंस शीट में दिखाए गए पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व को छोड़कर) | - | - | - | 190.50 | 185.35 |
| प्रति शेयर आय (असाधारण वस्तुओं से पहले)(रु. 10/- प्रत्येक)(रु.) | - | - | - | - | - |
| बुनियादी | 0.059 | 0.010 | 0.049 | 0.120 | 0.080 |
| पतला | 0.059 | 0.010 | 0.049 | 0.120 | 0.080 |
| प्रति शेयर आय (असाधारण वस्तुओं के बाद) (प्रत्येक 10/-रु.) | - | - | - | - | - |
| बुनियादी | 0.059 | 0.010 | 0.049 | 0.120 | 0.080 |
| पतला | 0.059 | 0.010 | 0.049 | 0.120 | 0.080 |

ध्यान दें : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दायर किए गए त्रैमासिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। त्रैमासिक वित्तीय परिणामों का पूरा खुलासा स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध है। वेबसाइट अर्थात www.bse-india.com और कंपनी की वेबसाइट पर भी।

बोर्ड के आदेश से

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 29.05.2024

-एसडी-
हनुमानमल बेंगानी
निदेशक
डीआईएन: 08425643

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that my client Mr. Ashwani Khera S/o Mr. B.R. Khera, Grand Son Mr. Kashish Khera S/o Mr. Ashwani Khera, Mr. Bhavya Khera S/o Mr. Ashwani Khera and my all-grandsons Mr. Bhavya Khera and Mr. Kashish Khera are owners of Built Up Property Bearing Plot No. F-57, Area measuring 50 Sq. Yards, out of Khasra No. 87/10, situated in the revenue estate of Village Hastsal, Delhi State Delhi, area abadi Known as Colony F-Block, Arya Samaj Road Uttam Nagar, New Delhi executed by Mrs. Shakuntala Kumari W/o Mr. B.R. Khera vide WILL dated 19.03.2014 Regd. No. 578. Thereafter Mrs. Shakuntala Kumari died on 03.01.2020. Now, the said property to be financed by Hero Housing Finance Ltd. having its Branch Address at Unit No. 400, Plot No.-A-9, GD ITL North- Ext-Tower Netaji Subhash Place Road, Pitampura, Delhi-110034. That, (1) Surviving Member Certificate of Late Mrs. Shakuntala Kumari and (2) Probate Order of WILL Dated 19.03.2014 are not available in the records. If any person(s) objection for subject property, then kindly may contact the undersigned along with original property document, within 10 days from date of this notice on below mentioned address, failing which, the claim as per aforesaid shall be treated as null and void in respect of the subject property.

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

## आईएएस और एचसीएस अधिकारियों को सेल्फ अप्रेजल के लिए मिला एक और महीना

एजेंसी

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनावों की व्यस्तताओं के चलते सेल्फ अप्रेजल से चूके आईएएस और एचसीएस अधिकारियों को एक महीने का समय और मिला है। यह अधिकारी 30 जून तक अप्रेजल कर सकेंगे। केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनावों के कारण आईएएस अधिकारियों की सेल्फ अप्रेजल की समय सीमा को बढ़ाया है, जिसका अनुसरण करते हुए प्रदेश सरकार ने एचसीएस अधिकारियों को भी राहत दी है। इससे पहले आईएएस और एचसीएस अधिकारियों के लिए सेल्फ अप्रेजल की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई थी। अब यह अधिकारी 30 जून तक आनलाइन अप्रेजल भर सकेंगे, जिस पर रिपोर्टिंग अथॉरिटी 31 अगस्त तक मुहर लगाएगी। इसके बाद समीक्षा अधिकारी को 31 अक्टूबर तक का समय मिलेगा, जिसके बाद निर्णायक अधिकारी को 31 दिसंबर तक अप्रेजल फाइनल करना होगा।

## नहर विभाग व पुलिस अधिकारियों ने नहर की पटरी से उखाड़े भांग के पौधे

**कैथल।** कैथल में नारकोटिक्स विभाग की पहल पर सिंचाई विभाग व पुलिस अधिकारियों ने अभियान चलाकर सड़क व नहर के किनारे लगे भांग के पौधों को उखाड़ कर नष्ट किया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं स्टेट नारकोटिक्स ब्यूरो पंचकूला की ओर से सभी जिला आयुक्त,उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, निगम आयुक्त, एचएसवीपी संपदा अधिकारी, जिला बागवानी अधिकारी, कृषि उपनिदेशक, वन विभाग, सिंचाई विभाग, एचएसएनसीबी के डीएसपी को पत्र भेजा गया है। जिसमें भांग के पौधे उखाड़ने व नष्ट करने के संबंध में जरूरी निर्देश भी दिए गए हैं। इसके तहत सभी विभाग अपने अधीन क्षेत्र की जानकारी के साथ उखाड़े जाने वाले पौधों का ब्योरा 31 मई तक शपथ पत्र के साथ देंगे। इसके बाद सिंचाई विभाग के उपमंडल अभियंता विकास गिर, कनिष्ठ अभियंता प्रविन्दर जांगड़ा, पुलिस स्टेशन तितरम से एसएचओ सुनीता ढाका, सब इंस्पेक्टर विरेंदर की अगुवाई में ड्योढ़ खेड़ी, नरड़, शेरगढ़, करनाल रोड, कठवाड, व विभिन्न जगहों जैसे नहर, ड्रेन, विभिन्न एरिया से भांग के पौधे उखाड़े गए व इन्हें नष्ट किया गया। नशे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए सभी सरकारी विभाग मिलकर काम करेंगे। इसके तहत प्रदेश भर में रेलवे लाइन, नहर, ड्रेन, खाली जमीन व प्लॉट में खड़े भांग के पौधों को उखाड़ा जाएगा। इसी कड़ी में सोमवार व मंगलवार को शहर व ग्रामीण आसपास से भांग के पौधे उखाड़े गए। कनिष्ठ अभियंता प्रविन्दर जांगड़ा व तितरम थाना प्रभारी सुनीता ढाका ने कहा कि भांग के पौधों को नष्ट किया जा रहा है, नशे के ऊपर नकेल कसना बहुत अच्छी पहल है। देश को नशे से बचाना है।

## शहर की तीन कॉलोनियों में 24 घंटे से बिजली गुल एसई कार्यालय पर प्रदर्शन

**सोनीपत।** बिजली कटों की हालत इतनी खराब है कि बंदेपुर की कलावती विहार, कबीरपुर स्थित शांति विहार और पटेल नगर में 24 घंटे से बिजली नहीं आने से परेशान लोगों ने दोपहर के बाद रोष प्रदर्शन किया है। तीन कॉलोनियों में 24 घंटे से बिजली नहीं आने से लोग कबीरपुर स्थित बिजली निगम के एसई कार्यालय पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही खरखौदा के गांव भदाना से भी ग्रामीणों ने खेतों में 20 दिन से बिजली नहीं आने का आरोप लगाते हुए नारे लगाए। लोगों का कहना है कि बार बार शिकायतों के बावजूद भी समाधान नहीं हो रहा है। भीषण गर्मी के बीच जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं बिजली कटों ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। शहर के बंदेपुर की कलावती विहार, कबीरपुर स्थित शांति विहार और पटेल नगर में 24 घंटे से बिजली नहीं आने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं आने से जहां गर्मी से हाल बेहाल हो गया है, वहीं पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है।

## कार व बाइक की भीषण टक्कर में बाइक सवार दंपत्ति की मौत, दो घायल

**जींद।** सफीदों-जींद सड़क मार्ग पर गांव बहादुरगढ़ के पास कार व बाइक की भीषण टक्कर में दंपत्ति की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पलटकर खेतों में जाकर गिरी और उसके एयर बैग खुल गए। वहीं बाइक का अगला हिस्सा टुकड़े-टुकड़े हो गया। गांव बुढ़ाखेड़ा के कुछ लोग कार में सवार होकर सफीदों की तरफ आ रहे थे और गांव मानपुरा (करनाल) का गांव बहादुरगढ़ निवासी जयकुमार अपनी पत्नी सरोज के साथ बाइक से जींद की तरफ जा रहे थे। तभी गांव बहादुरगढ़ के पास कार तथा बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पलटी मार कर खेतों में जा गिरी और उसके परखच्चे उड़ गए तथा बाइक का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। भिड़ंत की आवाज सुन कर आसपास व राहगीर एकत्र हो गए। लोगों ने बाइक सवार दंपत्ति को सफीदों के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया तथा कार सवारों को सफीदों के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। नागरिक अस्पताल के डॉक्टरों ने बाइक सवार दंपत्ति जयकुमार (60) व सरोज (58) निवासी गांव मानपुरा (करनाल) को मृत घोषित कर दिया गया।

दुर्घटना में कार सवार घायल गांव बुढ़ाखेड़ा के बताए जाते हैं। दोनों को निजी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। मामले की सूचना पाकर सफीदों पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का जायजा लिया। सदर थाना प्रभारी आत्माराम ने बताया कि पुलिस ने दंपत्ति का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

# निर्वाचन आयोग ने चार दिन बाद जारी किया आंकड़ा, हरियाणा में कुल 64.80 फीसदी हुआ मतदान

एजेंसी

**चंडीगढ़।** निर्वाचन आयोग ने 25 मई को हरियाणा में हुए छठे चरण में मतदान का आंकड़ा चार दिन बाद जारी कर दिया है। हरियाणा में मतदान प्रतिशत 64.80 रहा है। हीट वेव के चलते मतदान प्रतिशतता पिछले चुनाव की अपेक्षा थोड़ी कम रही है। फिर भी हरियाणा के मतदाताओं ने निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चुनाव संपन्न करवाने में आयोग के कर्मचारियों पूरा सहयोग दिया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशतता 69.77 दर्ज की गई और इसमें 13 लाख 51 हजार 932 मतदाताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया, जिनमें 7 लाख 29 हजार 125 पुरुष, 6 लाख 22 हजार 786 महिला तथा 21 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। जबकि सिरसा में कुल मतदाताओं की संख्या 19 लाख 37 हजार 689 थी। इसी प्रकार अंबाला लोकसभा क्षेत्र में 13 लाख 44 हजार 503 मतदाताओं ने किया और यहां मतदान प्रतिशत 67.43 दर्ज किया गया, जिनमें 7 लाख 23 हजार 622 पुरुष तथा 6 लाख 20 हजार 875 महिला और 6 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। अंबाला में मतदाताओं की कुल संख्या 19 लाख 96 हजार 708 थी। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 67.01 रहा, जिनमें 6 लाख 36 हजार 532 पुरुष, 5 लाख 65 हजार 857 महिला तथा 12 अन्य श्रेणी के मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जबकि यहां कुल मतदाताओं की संख्या 17 लाख 94 हजार 300 थी। हिसार लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 65.27 रहा, जिनमें 6 लाख 36 हजार 644 पुरुष तथा 5 लाख 32 हजार 137 महिला मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। हिसार में 11 लाख 68 हजार 784 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 90 हजार 722 थी। यहां तीन अन्य श्रेणी के मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। यहां मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 90 हजार 722 थी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि करनाल लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 21 लाख 4 हजार 229 थी, जिनमें से 13 लाख 41 हजार 174 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और मतदान प्रतिशत 63.74 रहा। करनाल में 7 लाख 21 हजार 745 पुरुष व 6 लाख 19 हजार 410 महिला मतदाताओं के अलावा 19 अन्य श्रेणी के मतदाताओं ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व में भाग लिया। इसी प्रयास सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 63.44 दर्ज हुआ और कुल 11 लाख 20 हजार 791 मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया, जिनमें 6 लाख 10 हजार 295 पुरुष, 5 लाख 10 हजार 488 महिला तथा 8 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं। जबकि यहां मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 66 हजार 624 थी।

रोहतक लोकसभा क्षेत्र में 12 लाख 41 हजार 201 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जिनमें 6 लाख 68 हजार 815 पुरुष, 5 लाख 72 हजार 384 महिला व अन्य श्रेणी के दो मतदाता शामिल हैं। यहां मतदान प्रतिशत 65.68 रहा। जबकि यहां मतदाताओं की कुल संख्या 18 लाख 89 हजार 844 थी।

इसी प्रकार से भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत 65.39 रहा और 11 लाख 72 हजार 526 मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया, जिनमें 6 लाख 27 हजार 622 पुरुष, 5 लाख 44 हजार 903 महिला तथा एक अन्य श्रेणी का मतदाता शामिल है। जबकि यहां पर मतदाताओं की कुल संख्या 17 लाख 93 हजार 29 थी। उन्होंने बताया कि गुडग़ांव लोकसभा क्षेत्र में प्रदेश में सर्वाधिक 15 लाख 96 हजार 240 मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया, हालांकि यहां मतदान प्रतिशत 62.03 रहा। यहां 8 लाख 58 हजार 499 पुरुष, 7 लाख 37 हजार 734 महिला तथा 7 अन्य श्रेणी के मतदाताओं ने मत का प्रयोग किया। जबकि यहां पर मतदाताओं की कुल संख्या सर्वाधिक 25 लाख 73 हजार 411 थी। इसी तरह से फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 24 लाख 30 हजार 212 थी। यहां मतदान प्रतिशत 60.52 रहा। यहां 14 लाख 70 हजार 649 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जिनमें 8 लाख 14 हजार 402 पुरुष, 6 लाख 56 हजार 241 महिला तथा 6 अन्य श्रेणी के मतदाता शामिल हैं।

## सड़कों को सुरक्षित बनाने की कवायद में जुटी ट्रेफिक पुलिस

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर सभी अवैध कट होंगे बंद, फलैक्सी बोर्ड लगेंगे

एजेंसी

**हिसार।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने व सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्ययोजना पर काम शुरू किया है। इसके तहत राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर सभी अवैध कट बंद किए जाएंगे और जागरूकता के लिए फ्लैक्सी बोर्ड लगाए जाएंगे। इसके अलावा अन्य उपाय भी अपनाए जाएंगे ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

सड़कों को सुरक्षित बनाने की कड़ी में उप पुलिस अधीक्षक ट्रेफिक संजीव कुमार व ट्रेफिक थाना प्रबंधक निरीक्षक जयभगवान ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर दुर्घटना संभावित बिंदुओं, सर्विस लाइन कट, मध्य कट पर सुरक्षात्मक उपाय किए जाने के



लिए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ बैठक कर नेशनल हाइवे का संयुक्त निरीक्षण किया। उप पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि पुलिस जिला हिसार में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रेफिक पुलिस समय-समय पर राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर सड़क सुरक्षा उपायों के बारे में चालकों और आमजन को जागरूक करती रहती है। ट्रेफिक पुलिस आम लोगों के अनमोल जीवन को बचाने के लिए हमेशा प्रयासरत है।

**ये घोषित किए दुर्घटना संभावित क्षेत्र**

इस संबंध में हिसार ट्रेफिक पुलिस द्वारा टीसीपी गेट नंबर 2, भानू चौक हिसार, सेक्टर 27-28 कट, रायपुर चौक, मिर्जापुर चौक, एयरपोर्ट चौक, सिरसा चुंगी (पीर बाबा कट), बीएसएफ कैंप के सामने, चिकनवास फ्लाईओवर के पास और अग्रोहा मेडिकल फ्लाईओवर ब्रिज के पास बिंदुओं को दुर्घटना संभावित क्षेत्र घोषित किया गया है।

## सोशल मीडिया पर ऑनलाइन कमाई का लालच देकर 77 हजार रुपए ठगे

एजेंसी

**कैथल।** राजौंद के एक युवक से सोशल मीडिया पर ऑनलाइन कमाई का लालच देकर साइबर ठगों ने 77 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में राजौंद के वार्ड नंबर 8 निवासी राजवीर ने कहा है कि 2 फरवरी को रात के 12ः00 बजे उसके लड़के के पास सोशल मीडिया ऐप से फोन पर एक मैसेज आया। उस मैसेज में उसके लड़के को पार्ट टाइम जॉब के लिए कहा गया और साथ में सैलरी देने की बात हुई। यह कोई काम नहीं था बल्कि उसके लड़के को फसाने के लिए बिछाया गया जाल था। साइबर ठगों ने पहले दिन उसके लड़के को बोनस के तौर पर 895 ट्रांसफर किए। फिर अगली सुबह उनका दोबारा मैसेज आया और अपना अगला कदम बढ़ाने के लिए कहा। उसके लड़के ने तुरंत काम के लिए हां कर दी। यह वह समय था जब उन्होंने अपने शिकार को दाना डाल और जाल में फसाया। वह बोले कि पहले 1000 रूपए जमा करें और अपना कार्य करके भेज दें। जमा राशि के साथ उसे दिन की जितनी भी कमाई 6 से 7 हजार रुपए होगी वह उसको मिलकर उनके खाते में ट्रांसफर कर देंगे। समय बीतता गया और उसके लड़के का विश्वास उन्होंने जीत लिया। इस तरह वह अपनी चाल में कामयाब रहे। उसे दिन की कमाई 7 हजार रुपए थी और हमने जमा करवाए थे 10 हजार रुपए। उन्होंने कुल मिलाकर 17 हजार रुपए हमारे खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्होंने पहले 10 हजार रुपए और बाद में 20 हजार रुपए पेमेंट जमा करवाई।

## एचसीएस और संबद्ध सेवाओं के 121 पदों के लिए साक्षात्कार 10 जून से

### ड्रोन, ग्लाइडर का उपयोग व उड़ाने पर प्रतिबंध, मतगणना क्षेत्र को रेड जोन घोषित किया

एजेंसी

**चंडीगढ़।** लोकसभा आम चुनाव की मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने उपरांत जिला प्रशासन मतगणना प्रक्रिया संपन्न करवाने की तैयारी में जुट गया है। जिले में स्थापित किए गए मतगणना केंद्रों के आसपास 200 मीटर के दायरे में जिलाधीश प्रदीप दहिया ने धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेशानुसार जिले में आठ मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। महावीर स्टेडियम स्थित जिम्नास्टिक हॉल (पूर्वी व पश्चिमी विंग), जुड्डो हाल, फेसिलिटेशन सेंटर, बॉक्सिंग हाल, रेसलिंग हाल तथा पंचायत भवन स्थित सिल्वर जुबली हाल (पूर्वी व पश्चिमी विंग) में होनी है। मतगणना के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा-144 तथा



मतगणना क्षेत्र को रेड जोन घोषित किया गया है। जिलाधीश प्रदीप दहिया ने दंड प्रक्रिया 1973 की धारा 144 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए चार जून को मतगणना संपन्न होने तक मतगणना केंद्रों के आसपास के 200 मीटर क्षेत्र में धारा 144 लगाने, ड्रोन नियम 2021 के तहत जिला हिसार में ड्रोन, ग्लाइडर का उपयोग व उड़ाने पर प्रतिबंध, मतगणना क्षेत्र को रेड जोन तथा मतगणना केंद्रों के 100 मीटर क्षेत्र को चार जून के दिन पैदल क्षेत्र घोषित किया है। आदेशों की अवहेलना करने पर संबंधित के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के अनुसार नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## बिजली व पानी को जमा पूंजी की तरह करें इस्तेमाल : दुष्यंत चौटाला

### पूरे प्रदेश में आमजन से की सामाजिक स्तर पर अपील

एजेंसी

**सिरसा।** हरियाणा के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने भयंकर गर्मी में आमजन से एक सामाजिक अपील करते हुए बिजली व पानी का दुरूपयोग न करने का अनुरोध किया है। राजनीतिक परिप्रेक्ष्य से हटकर वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मी के इस मौसम में प्रत्येक व्यक्ति से सामाजिक तौर पर अपील करते हुए दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस समय हरियाणा में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी शीर्ष पर



है, ऐसे में सभी अपना और अपने परिवार का विशेष ख्याल रखें। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि बच्चों और बुजुर्गों की सेहत की संभाल रखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक बहुत जरुरी न हो धूप में जाने से परहेज करें। भयंकर गर्मी के इस मौसम में बिजली व पानी की हर व्यक्ति को हर परिवार को जरुरत है। इसलिए हमें बिजली और पानी को भी अपनी जमा पूंजी की तरह इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे पानी बेकार न बहाएं, न बिजली को भी व्यर्थ न करें। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति से आग्रह है कि पेयजल को अमृत मानकर उसे जरुरत के हिसाब से खर्च करें।

## लोकसभा मतों की गिनती के दौरान मतगणना केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू

एजेंसी

**जींद।** जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने लोकसभा आम चुनाव 2024 के मध्यनजर शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना प्रक्रिया संपन्न करवाने को लेकर वोटों की गिनती के संपन्न होने तक मतगणना केंद्रों के आसपास 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए हैं। जिलाधीश द्वारा बुधवार को जारी आदेशानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 के मतों की गणना के लिए स्टॉग रूम बनाएं गए हैं। विधानसभा 34 जुलाना रेसलिंग हॉल अर्जुन स्टेडियम, 35 सफीदों बैडमिंटन हाल अर्जुन स्टेडियम, 36 जींद मल्टीपर्पज हाल अर्जुन स्टेडियम, 37 उचाना कलां प्रियदर्शनी महिला कॉलेज जींद व 38 नरवाना बृजमोहन सिंगला मेमोरियल हाल हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के विभिन्न कमरों में स्थित किए गए हैं। यहां पर सुरक्षा का कड़ा पहरा है। उन्होंने मतगणना कार्य को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए मतगणना केंद्रों के आसपास 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू करने के आदेश दिए हैं।

## मतगणना के दौरान केवल अधिकृत व्यक्ति ही काउंटिंग हॉल के अंदर जाएगा

### मतगणना संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

एजेंसी

**सिरसा।** चार जून को मतगणना कार्य के दौरान काउंटिंग हॉल में केवल अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश करेगा। अनाधिकृत व्यक्ति किसी भी सूरत में प्रवेश न कर पाए। अधिकृत व्यक्ति के पास उसका पहचान पत्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतों की गणना में किसी स्तर पर कोई चूक न हो। पहले राउंड का परिणाम क्लियर होने के बाद ही दूसरे राउंड के लिए मशीन टेबल पर लाई जाएं, मतगणना के पूरे कार्य की वीडियोग्राफी की जाएगी। प्रत्येक राउंड का परिणाम संबंधित विधानसभा का एआरओ ही घोषित करेगा। वे स्थानीय पंचायत भवन स्थित सभागार में काउंटिंग टीमों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि काउंटिंग टीमों में काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट और माइक्रो आर्ब्जवर भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि काउंटिंग हाल में जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन करवाई जाएगी। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक टेबल पर एक चार्ट लगाया जाए, जिस पर राऊंड के हिसाब से आने वाली मशीन को दर्शाया गया हो, ताकि काउंटिंग एजेंट को पता चलता रहे कि अब कौन सी मशीन आने वाली है, इससे मतगणना कार्य में और अधिक पारदर्शिता आएगी। इसके साथ-साथ उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम से ईवीएम लाने वाले कर्मचारी इस कार्य में पूर्ण से कुशल होने चाहिए। यहां यह ध्यान देना जरूरी है कि मशीन केवल उसके निर्धारित किए टेबल पर ही भेजी जाए। इसी प्रकार से मतों की गणना के बाद ईवीएम को सील करके वापिस स्ट्रांग रूम में ही उसी समय साथ-साथ जमा की जाएंगी।

**काउंटिंग एजेंट को मौके पर मिलेंगे कागज व पेंसिल**

जिला निर्वाचन अधिकारी आर.के. सिंह ने बताया कि सभी पार्टियों के काउंटिंग एजेंट को काउंटिंग हॉल में कागज व पेंसिल दिए जाएंगे। बाहर से कोई चीज लाने की अनुमति नहीं होगी। एजेंट के साथ-साथ किसी भी कर्मचारी को अपने साथ मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कोई भी व्यक्ति मतगणना के दौरान ईवीएम की वीडियोग्राफी करने की अनुमति नहीं होगी। मास्टर ट्रेनर पुनित ने मतगणना ड्यूटी में लगने वाले कर्मचारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद सुभाष, सीटीएम पारस, डीआईओ सिकंदर मौजूद रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बयान पर बिफरा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ

एजेंसी

**हिसार।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है, जिसमें उन्होंने चुनाव ड्यूटी में कर्मचारियों पर लापरवाही व पक्षपात का आरोप लगाया है। संगठन का कहना है कि कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी पूरी निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ की है और उनको धमकी देना निंदनीय है।

इस संबंध में हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की बैठक डिपो प्रधान अजय दुहन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कहा गया कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनविरोधी व कर्मचारी विरोधी नीतियों से हर वर्ग दुखी है। ऐसे में लोकसभा चुनाव में जब भाजपा को वोट नहीं मिला तो इसके नेता बौखला गए हैं। अब वे कर्मचारियों को कार्रवाई करने की सरेआम धमकियां देने लगे हैं जबकि ऐसा कोई आधार नहीं है। संगठन ने कहा कि कर्मचारियों ने दिन-रात एक करके लोकतंत्र के इस महापर्व को सम्पन्न करवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने की जगह पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल उन्हें धमकियां दे रहे हैं, जो निंदनीय है। संगठन



नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का हल न करना, समय-समय पर कर्मचारियों द्वारा किए गए आंदोलन के दौरान कर्मचारियों को पुलिस की लाठियां से पिटवाना, आंसू गैस के घोड़े छोड़ना तथा आंदोलन के दौरान कर्मचारियों को प्रताड़ित करने से कर्मचारियों की सरकार के प्रति तो नाराजगी स्वाभाविक है लेकिन किसी पार्टी विशेष के प्रति नहीं। रोडवेज संगठन के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा यह कहना कि सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने भारतीय जनता पार्टी के साथ भीतरघात किया है, बेहद निंदनीय है। पूर्व मुख्यमंत्री के इस बयान से पूरे कर्मचारी वर्ग में बेहद नाराजगी है। यदि इसी प्रकार से पूर्व मुख्यमंत्री ने बदले की भावना को उजागर किया तो कर्मचारी वर्ग द्वारा वर्तमान सरकार के विरोध आंदोलन के सिवाय कोई रास्ता शेष नहीं रहेगा। संगठन ने कहा कि कर्मचारी बेहद ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहता है तथा किसी भी प्रकार की अपनी ड्यूटी के प्रति उदासीनता नहीं दर्शाता। बैठक में डिपो प्रधान अजय दुहन के अलावा सलीम सरसोद, सुभाष ढिल्लो, दर्शन जांगड़ा, अनिल, प्रेस प्रवक्ता मनोज कुमार, जोगिंद्र, पूर्व प्रधान रामबिश्नोई, नागेंद्र, हनुमान जांगड़ा व सुदर्शन सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## बिना वर्दी एवं यूनिक कोड के 161 चालान कर 73 ऑटो को किया इम्पाउंड

**फरीदाबाद।** बिना वर्दी व यूनिक कोड के ड्राइव कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो ड्राइवरो के चालान व इम्पाउंड किया है। इसी कड़ी में पुलिस ने पिछले 2 दिन में 161 ऑटो चालाको का चालान करके 73 ऑटो को इम्पाउंड किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस उपायुक्त यातायात ने बताया कि यातायात पुलिस टीम समय-समय पर यातायात नियमों के संबंध में वाहन चालको को जागरुक करने के लिए प्रोग्राम करती है। इसी के निरंतर में ऑटो चालाको को जगरुक करते हुए ड्रेस कोड, यूनिक कोड व निर्धारित ऑटो स्टैण्ड के संबंध में जागरुक किया जा चुका है। यूनिक कोड में ऑटो/रिक्शा चालक का फोटो और उसका संक्षिप्त जानकारी होती है। इस नंबर पर क्लिक के साथ ही डायल 112 के स्क्रीन पर ऑटो चालक की जानकारी सामने आ जाती है। उन्होने बताया कि सभी ऑटो चालकों को यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है।

## सुपर-100 कार्यक्रम में छाए गुरुग्राम के विद्यार्थी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले होनहार बच्चों के सपनों को सुपर-100 कार्यक्रम नई उड़ान दे रहा है। इस योजना में वर्ष 2024-26 बैच के लिए प्रदेशभर से 403 बच्चों का चयन किया गया है, वहीं 199 बच्चे प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) में हैं। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सुपर-100 कार्यक्रम (2024-26 बैच) लेवल-2 की परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। परीक्षा में 403 बच्चे उर्तीण हुए हैं। सुपर-100 गुरुग्राम व फतेहाबाद का परिणाम शानदार रहा है, जबकि कुरुक्षेत्र और करनाल का सबसे निराशाजनक रहा है। दोनों जिलों में बच्चे दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। सुपर-100 का 2024-26 बैच के चयनित विद्यार्थियों की कक्षाएं 5 जून से सुपर-100 कैंपस बारना कुरुक्षेत्र में शुरू होंगी। चयनित विद्यार्थियों को सुबह 9 बजे कैंपस में रिपोर्ट करना होगा। छात्र-छात्रा को अपने अभिभावक के साथ आना होगा। वहीं दाखिले के लिए स्वयं आधार कार्ड, अपने माता-पिता का आधार, तीन फोटो, कक्षा 10वीं का प्रोविजनल परिणाम, स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट, कैटेगिरी सर्टिफिकेट और ओरिजनल परिवार पहचान पत्र साथ लाना होगा। सुपर-100 कार्यक्रम में झज्जर, नूंह, महेंद्रगढ़, पलवल, पंचकूला और सिरसा का परिणाम संतोषजनक रहा है। दरअलस, शिक्षा विभाग और विकल्प फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में वर्ष 2018 में मिशन बुनियाद और हरियाणा सुपर-100 कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। सुपर-100 का उद्देश्य होनहार प्रतिभाशाली बच्चों को आधुनिक शिक्षा पद्धति द्वारा निशुल्क साइंस और मैथ की कोचिंग देना है। सुपर-100 में कुरुक्षेत्र और करनाल जिले का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। कुरुक्षेत्र से महज चार छात्र ही पास हुए हैं, जबकि एक छात्र प्रतीक्षा सूची में है। वहीं करनाल में 6 बच्चे पास हुए हैं और 6 को दाखिले के लिए इंतजार करना पड़ेगा। इसके साथ ही महेंद्रगढ़ में भी 8 पास हुए हैं और 8 प्रतीक्षा सूची, रेवाड़ी में 9 पास, 5 प्रतीक्षा सूची और यमुनानगर में 7 बच्चे पास हुए हैं तथा चार बच्चे प्रतीक्षा सूची में हैं।

## आईपीओ शेयर की बिक्री का ऑफर अनुमान

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** क्रोनॉक्स लैब साइंस आईपीओः प्रस्तावित इश्यू पूरी तरह से प्रमोटर जोगिंदर सिंह जसवाल, केतन रमानी और प्रीतेश रमानी द्वारा 95.7 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री का ऑफर (ओएफएस) है। मूल्य बैंड के ऊपरी छोर पर आईपीओ का आकार 130.15 करोड़ रुपये होने का अनुमान है क्रोनॉक्स लैब साइंसेज आईपीओः स्पेशलिटी केमिकल कंपनी क्रोनॉक्स लैब साइंसेज ने घोषणा की कि उसने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 129-136 रुपये प्रति शेयर की मूल्य सीमा तय की है, जो 3 जून को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेगा। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के अनुसार, तीन दिवसीय आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 5 जून को समाप्त होगा और एंकर निवेशकों के लिए बोलियाँ 31 मई को एक दिन के लिए खुलेंगी। प्रस्तावित निर्गम पूरी तरह से प्रमोटर जोगिंदर सिंह जसवाल, केतन रमानी और प्रीतेश रमानी द्वारा 95.7 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए प्रस्ताव (ओएफएस) है। मूल्य बैंड के ऊपरी छोर पर IPO का आकार 130.15 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। वडोदरा स्थित क्रोनॉक्स लैब साइंसेज, विशेष फाइन केमिकल्स का निर्माता है। इसके उत्पादों का उपयोग विभिन्न उद्योगों में विभिन्न उद्देश्यों जैसे कि फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन, सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री, बायोटेक, वैज्ञानिक अनुसंधान और परीक्षण, व्यक्तिगत देखभाल, कृषि रसायन, पशु स्वास्थ्य और धातु विज्ञान के लिए किया जाता है।

## विश्व बैंक ने बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए 700 मिलियन डॉलर की मंजूरी दी

**ढाका।** विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने बांग्लादेश में मेजबान समुदायों और विस्थापित रोहिंग्या आबादी दोनों के लिए बुनियादी सेवाएं प्रदान करने और आपदा और सामाजिक लचीलापन बनाने के लिए कुल 700 मिलियन अमेरिकी डॉलर की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी है।350 मिलियन डॉलर की समावेशी सेवाएं और मेजबान समुदायों और विस्थापित रोहिंग्या आबादी के लिए अवसर परियोजना और 350 मिलियन डॉलर की मेजबान और रोहिंग्या जीवन संवर्धन परियोजना मिलकर बांग्लादेशी मेजबान समुदायों और रोहिंग्या लोगों को सहायता प्रदान करेगी क्योंकि यह संकट अपने सातवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, वाशिंगटन स्थित ऋणदाता ने मंगलवार को एक बयान में कहा।बयान के अनुसार, म्यांमार से लगभग 1 मिलियन विस्थापित रोहिंग्या लोग वर्तमान में बांग्लादेश में रह रहे हैं। हम लगभग एक मिलियन रोहिंग्या लोगों का समर्थन करने में बांग्लादेश सरकार की उदारता की बहुत सराहना करते हैं। हम मेजबान समुदायों पर पड़ने वाले भारी दबाव को भी पहचानते हैं,÷ बांग्लादेश और भूटान के लिए विश्व बैंक के देश निदेशक अब्दुलाय सेक ने कहा।विश्व बैंक के देश निदेशक ने कहा, संकट के सातवें वर्ष में प्रवेश करने के साथ, दीर्घकालिक योजना और स्थायी समाधान महत्वपूर्ण हो गए हैं, साथ ही अल्पकालिक, तत्काल आवश्यकताओं को संबोधित करना भी महत्वपूर्ण हो गया है। हम इस जटिल संकट को दूर करने और रोहिंग्या और मेजबान समुदायों दोनों की भलाई का समर्थन करने के लिए बांग्लादेश सरकार का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## एमजी ग्लोस्टर फेसलिफ्ट लॉन्च से पहले लीक हो गई; क्लाउड ईवी भी इसी साल आने की उम्मीद

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** भारतीय बाजार में अपने आक्रामक विस्तार का संकेत देते हुए, स्न्न मोटर इंडिया कथित तौर पर इस साल के अंत में अपने तीसरे इलेक्ट्रिक वाहन, क्लाउड EV का अनावरण करने की तैयारी कर रही है। दिलचस्प बात यह है कि वैश्विक रूप से अपडेट किए गए LDV D90/Ma&us D90 के नए संस्करण, फेसलिफ़्टेड MG Gloster की ताज़ा जासूसी तस्वीरें भारत में जल्द ही रिलीज़ होने का संकेत देती हैं। 2024 MG Gloster फेसलिफ़्ट में पर्याप्त डिज़ाइन अपग्रेड और परिष्कृत इंटीरियर सुविधाएँ होने का वादा किया गया है। ताज़ा लीक (HT Auto के माध्यम से) के अनुसार, MG लोगो के साथ एक बोल्ड थ्री-स्लैट ग्रिल द्वारा हावी एक आकर्षक नया फ्रंट फ़ेशिया, SUV के अपडेटेड लुक के लिए टोन सेट करता है। हेडलाइट्स को एक विशिष्ट क्यूब-शेप्ड स्प्लिट कॉन्फ़िगरेशन के साथ फिर से तैयार किया गया है, और LED डे-टाइम रनिंग लाइट अब ग्रिल में सहजता से एकीकृत हो गई हैं, जो वाहन के फ्रंट प्रोफ़ाइल को बढ़ाती हैं।

## रेस्पॉन्सिव इंडस्ट्रीज का चौथी तिमाही में मुनाफा 101 प्रतिशत उछला

**मुंबई।** लक्ज़री विनाइल प्लैंक (एलवीपी),एसपीसी फ्लोर्स, रेजिलिएंट शीट विनाइल, सिंथेटिक लेदर, सिंथेटिक रोप्स और वॉटरप्रूफिंग मेम्ब्रेन बनाने वाली देश की प्रमुख कंपनी रेस्पॉन्सिव इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में 45.87 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 22.74 करोड़ रुपये की तुलना में 101.72 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही में उसका कुल राजस्व 288.19 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 237.15 करोड़ रुपये की तुलना में 21.52 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में 161.26 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 24.39 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 561.17 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी का कुल राजस्व 973.66 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में 11.64 प्रतिशत बढ़कर 1086.97 करोड़ रुपये हो गया है।

## एसएंडपी का भारत के रेटिंग में परिदृश्य में संशोधन विकास का सूचकः सीतारमण

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग का भारत के रेटिंग परिदृश्य में सकारात्मक संशोधन आने वाले वर्षों के लिए मजबूत वृद्धि और आशाजनक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स द्वारा भारत के लिए अपने दृष्टिकोण को 'स्थिर' से 'सकारात्मक' में संशोधित करना एक स्वागत योग्य विकास है। सीतारमण ने कहा कि रेटिंग एजेंसी का 'स्थिर' से 'सकारात्मक' में संशोधित करना भारत



के ठोस विकास प्रदर्शन और आने वाले वर्षों के लिए एक आशाजनक आर्थिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह 2014 से किए गए व्यापक आर्थिक सुधारों की श्रृंखला के साथ-साथ पूंजीगत व्यय, राजकोषीय अनुशासन और निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व के कारण संभव हुआ है।

## पेटीएम का अडाणी समूह से हिस्सेदारी बिक्री संबंधी बातचीत से इनकार

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने साफ किया कि वो अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए अडाणी समूह से बातचीत नहीं कर रही है। हालांकि, अडाणी समूह ने भी ऐसी खबरों को ''गलत और असत्य'' करार दिया है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने जारी बयान में कहा कि हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि ये महज अटकलें हैं और कंपनी इस संबंध में किसी भी चर्चा में शामिल नहीं है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा था कि पेटीएम के फाउंडर और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने इस डील को अंतिम रूप देने के लिए अहमदाबाद में गौतम अडाणी से मुलाकात की है। दूसरी ओर अडाणी




समूह के प्रवक्ता ने कहा कि हम इस आधारहीन अटकलबाजी का खंडन करते हैं।

उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक लगा दी थी। इसके बाद मार्च के अंत तक विजय शेखर शर्मा के पास व्यक्तिगत हैसियत से पेटीएम की 9.1 फीसदी हिस्सेदारी बची थी, जबकि विदेशी संस्था रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट के जरिए उनके पास 10.3 फीसदी हिस्सेदारी थी।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गिरावट का रुख, बिटकॉइन 68 हजार डॉलर से भी नीचे लुढ़का

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 2 आभासी मुद्राएं मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं जबकि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 7 क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। इसके अलावा एक क्रिप्टो करेंसी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 67,934.01 डॉलर यानी 56.64 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 2.53



प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,814.52 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.01 प्रतिशत, बीएनबी 0.71 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.45 प्रतिशत और डॉगकॉइन 0.93 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। टॉनकॉइन 1.24 प्रतिशत और कार्डानो 0.37 प्रतिशत बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। इसके अलावा सोलाना की कीमत में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान कोई बदलाव नहीं हुआ है। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.56 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 213.45 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 9,157 करोड़ डॉलर यानी 7.63 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 1.69 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.05 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 52.34 प्रतिशत रह गई है।

## ईवी निर्माता यूलर मोटर्स ने ट्रांसपोर्ट का विस्तार करने के लिए 200 करोड़ जुटाए

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माता यूलर मोटर्स ने कहा कि उसने अपने सीरीज सी फंडिंग राउंड को बंद करने के लिए अतिरिक्त 200 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जिससे इस राउंड में जुटाई गई कुल फंडिंग 570 करोड़ रुपये हो गई है।कंपनी ने कहा कि वह इस नई पूंजी का उपयोग अपनी अखिल भारतीय उपस्थिति और सर्विसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने और वित्त वर्ष 25 तक 40 से अधिक शहरों में अपनी उपस्थिति स्थापित करने के लिए करेगी।यह उत्पाद विकास और तकनीकी और अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं को बढ़ाने के लिए भी इस फंडिंग का उपयोग करेगी।यूलर मोटर्स के संस्थापक और सीईओ सौरव कुमार ने एक बयान में कहा, हमारे निवेशकों के भरोसे के साथ यह नई पूंजी निवेश हमें दोहरे अंकों की बाजार हिस्सेदारी के हमारे लक्ष्य की ओर ले जाएगा।

ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट, यूके की विकास वित्त संस्था और प्रभाव निवेशक, ब्लूम वेंचर्स और नए निवेशक पिरामल अल्टरनेटिव्स इंडिया एक्सेस फंड सहित मौजूदा निवेशकों ने इस राउंड में भाग लिया।पिरामल अल्टरनेटिव्स के सीईओ कल्पेश किकानी ने कहा, हम



व्यापक ईवी श्रेणी के साथ-साथ वाणिज्यिक/लॉजिस्टिक्स श्रेणी के भीतर अंतिम मील की गतिशीलता के मामले में हमारे चुने हुए उप-खंड और अपनी मजबूत तकनीक और आरएंडडी क्षमता के आधार पर यूलर मोटर्स की सापेक्ष स्थिति से उत्साहित हैं।÷0 वित्त वर्ष 24 में, कंपनी के पास 22 शहरों में 3,700 हाईलोड ईवी थे। यूलर मोटर्स ने 2018 में अपनी स्थापना के बाद से कुल 770 करोड़ रुपये का वित्तपोषण जुटाया है।

## एसएंडपी ने भारत की रेटिंग परिदृश्य 'स्थिर' से बढ़ाकर 'सकारात्मक' किया

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को 'स्थिर' से बढ़ाकर 'सकारात्मक' कर दिया है। इसके साथ ही मजबूत वृद्धि और सरकारी व्यय की बेहतर गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग को 'बीबीबी-' (ठ्ठठ्ठठ्ठ) पर बरकरार रखा है।

रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने जारी बयान में बताया कि भारत के लिए परिदृश्य को 'स्थिर' से संशोधित कर 'सकारात्मक' कर दिया गया है। इसके साथ ही एजेंसी ने 'बीबीबी-' दीर्घकालिक और 'ए-3' अल्पकालिक विदेशी तथा स्थानीय मुद्रा सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग की पुष्टि की है। एजेंसी ने पिछली बार 2010 में रेटिंग परिदृश्य को 'नकारात्मक' से बढ़ाकर 'स्थिर' किया था। एसएंडपी ने कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है, जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी




आती है और आर्थिक जुझारू क्षमता बढ़ती है, तो वह अगले दो साल में भारत की साख को बढ़ा सकती है। एजेंसी ने कहा कि यदि भारत का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के सात फीसदी से नीचे आ जाता है, तो वह रेटिंग बढ़ा सकती है।

**क्या होता है क्रेडिट रेटिंग और इसका काम**

क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां कंपनियों और सरकारों को उनके क्रेडिट जोखिम के आधार पर 'एएए' से 'डी' तक की रेटिंग देती हैं। फिच रेटिंग के लिए रेटिंग उच्चतम निवेश ग्रेड॰ से लेकर निम्नतम निवेश ग्रेड ठ्ठठ्ठठ्ठ तक काम करती है, जबकि ष्ठ सबसे कम सट्टा ग्रेड को दर्शाता है। फिच की तरह ही एसएंडपी के लिए भी यही बात लागू होती है।

'बीबीबी-' सबसे निचली निवेश श्रेणी की रेटिंग है। दुनिया की तीन प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों एसएंडपी, फिच और मूडीज ने भारत को सबसे निम्न निवेश ग्रेड की रेटिंग दी है। हालांकि, फिच और मूडीज ने अपनी रेटिंग अब भी 'स्थिर' परिदृश्य कायम रखा है। निवेशक इन रेटिंग को देश की साख के मापदंड के तौर पर देखते हैं, इसका उधार लेने की लागत पर प्रभाव पड़ता है।

## आरबीआई ने एडलवाइस पर सम्पूर्ण रोक लगाएं

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** आरबीआई ने एवरग्रीनिंग चिंताओं के चलते एडलवाइस के ऋण और एआरसी आर्म्स पर प्रतिबंध लगाए एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (ईएआरसीएल) के मामले में, आरबीआई ने इकाई से सुरक्षा रसीदों (एसआर) सहित वित्तीय परिसंपत्तियों के अधिग्रहण और मौजूदा एसआर को वरिष्ठ और अधीनस्थ किस्तों में पुनर्गठित करने से रोकने को कहा है। रिजर्व बैंक ने ऋणों के एवरग्रीनिंग से संबंधित चिंताओं के चलते एडलवाइस समूह के ऋण और परिसंपत्ति पुनर्निर्माण आर्म्स पर व्यावसायिक प्रतिबंध लगा दिए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय बैंक ने ईसीएल फाइनेंस लिमिटेड (ईसीएल) को अपने थोक जोखिमों के संबंध में पुनर्भुगतान और/या खातों को बंद करने के अलावा किसी भी संरचित लेनदेन को बंद करने और रोकने के लिए कहा है। एडलवाइस एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (ईएआरसीएल) के मामले में, आरबीआई ने इकाई को सुरक्षा प्राप्तियों (एसआर) सहित वित्तीय परिसंपत्तियों के अधिग्रहण को रोकने और रोकने और मौजूदा एसआर को वरिष्ठ और अधीनस्थ खंडों में पुनर्गठित करने के लिए कहा है। आरबीआई के बयान में कहा गया है कि दोनों कार्रवाई तत्काल प्रभाव से लागू हैं। ÷यह कार्रवाई पर्यवेक्षी परीक्षाओं के दौरान देखी गई भौतिक चिंताओं पर आधारित है, जो अनिवार्य रूप से ईसीएल के तनावग्रस्त जोखिमों को सदाबहार बनाने के लिए संरचित लेनदेन की एक श्रृंखला में प्रवेश करके, ईएआरसीएल और संबंधित एआईएफ के मंच का उपयोग करके, लागू नियमों को दरकिनार करते हुए, समूह संस्थाओं के आचरण से उत्पन्न हुई है।' हाल के दिनों में, RBI ने ऋणों के सदाबहार उपयोग के लिए वैकल्पिक निवेश कोष चिंता जताई थी और वित्तपोषकों से ऐसे निवेशों के लिए अधिक धन अलग रखने को कहा था।

## सर्राफा बाजार में तेजी, सोना और चांदी के बढ़े भाव

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन मजबूती नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट और 22 कैरेट सोने के भाव में पिछले दिन के मुकाबले 200 रुपये से लेकर 400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 73,540 रुपये से लेकर 72,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,410 रुपये से लेकर 66,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी मजबूती आई है। आज की तेजी के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 99,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर



पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,540 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,410 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,940 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,990 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद, लगातार चौथे दिन सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**एजेंसी**
**मुंबई** ।मुनाफावसूली के दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार लगातार चौथे कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद थोड़ी देर तक खरीदारी का जोर बनता नजर आया, लेकिन कुछ देर बाद ही बिकवालों ने अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार नीचे गिरता चला गया। हालांकि, खरीदार बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश करते रहे। इसके बावजूद बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.89 प्रतिशत और निफ्टी 0.80 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, फार्मास्यूटिकल और मीडिया सेक्टर के शेयरों में मामूली खरीदारी होती नजर आई। दूसरी ओर आईटी, ऑयल एंड गैस और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके साथ ही एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर, एफएमसीजी और बैंकिंग इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर



मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आया। बिकवाली के दबाव के कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 415.09 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 416.92 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.83 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,929 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,693 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,127 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 109 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,254 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 955 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,299 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर बढ़त के साथ और 24 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 13 शेयर हरे निशान में और 37 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 343.51 अंक टूट कर 74,826.94 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से 150 अंक से अधिक की रिकवरी करके 74,986.22 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा। इसके बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक 715.90 अंक गिर कर 74,454.55 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 667.55 अंक की कमजोरी के साथ 74,502.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ।सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 125.40 अंक की गिरावट के साथ 22,762.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक उछल कर 22,825.50 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में मंदड़ियों ने अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से ये सूचकांक लगातार गिरता चला गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक 202.70 अंक की कमजोरी के साथ 22,685.45 अंक के स्तर तक गिर गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी ने 183.45 अंक लुढ़क कर 22,704.70 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 3.52 प्रतिशत, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन 1.57 प्रतिशत, डिवीज लेबोरेट्रीज 1.27 प्रतिशत, नेस्ले 1 प्रतिशत और सन फार्मास्यूटिकल्स 0.96 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

## पीएम किसान 17वीं किस्त लाभार्थी की स्थिति

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** पीएम किसान 17वीं किस्त की तिथिः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 फरवरी, 2024 को महाराष्ट्र के यवतमाल में अपने दौरे के दौरान 9 करोड़ से अधिक किसानों को 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की पीएम-किसान योजना की 16वीं किस्त प्रदान की। पीएम-किसान 17वीं किस्त॰ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 17वीं किस्त का इंतजार है। आखिरी किस्त इस साल फरवरी में जारी की गई थी, तब से अब तक 4 महीने बीत चुके हैं, ऐसे में जल्द ही यह राशि वितरित की जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम-किसान योजना की 17वीं किस्त लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद जारी होने की उम्मीद है। नतीजे 4 जून को घोषित किए जाने हैं। फरवरी में जारी हुई थी 16वीं किस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 फरवरी, 2024 को महाराष्ट्र के यवतमाल में अपने दौरे के दौरान 9 करोड़ से अधिक किसानों को 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की पीएम-किसान योजना की 16वीं किस्त प्रदान की। 15वीं किस्त मोदी ने 15 नवंबर, 2023 को जारी की। पीएम-किसान योजना के तहत योग्य किसानों को हर चार महीने में 2,000 रुपये दिए जाते हैं, जो सालाना 6,000 रुपये होते हैं। यह राशि हर साल तीन किस्तों - अप्रैल-जुलाई, अगस्त-नवंबर और दिसंबर-मार्च में वितरित की जाती है। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है। अगली किस्त प्राप्त करने के लिए किसानों को अपना ई-केवाईसी पूरा करना होगा। योजना की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, पीएमकिसान पंजीकृत किसानों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है। ओटीपी-आधारित ई-केवाईसी पीएमकिसान पोर्टल पर उपलब्ध है, या बायोमेट्रिक-आधारित ई-केवाईसी के लिए निकटतम सीएससी केंद्रों से संपर्क किया जा सकता है। लाभार्थी की स्थिति कैसे जांचें? इसके बाद, आपको पेज के दाईं ओर स्थित 'अपना स्टेटस जानें' टैब पर क्लिक करना होगा अपना पंजीकरण नंबर दर्ज करें, कैप्चा कोड भरें, और 'डेटा प्राप्त करें' विकल्प चुनें आपकी स्क्रीन पर आपकी लाभार्थी स्थिति दिखाई देगी पीएम-किसानः पीएम किसान की आधिकारिक साइट pmkisan.gov.in पर जाएं होम पेज पर 'नया किसान पंजीकरण' विकल्प खोजें और कैप्चा कोड सत्यापित करने से पहले आधार नंबर दर्ज करें सभी आवश्यक विवरण दर्ज करें और फिर 'हां' पर क्लिक करें पीएम-किसान आवेदन पत्र 2024 के लिए पूछी गई जानकारी भरें।

# घर से दूर आपको भी याद आ रहा है मम्मी के हाथ के अचार का स्वाद, तो इन तरीकों से झटपट बनाएं इंस्टेंट अचार



**अचार हमारे खाने के स्वाद दोगुना कर देता है। यह भारतीय खानपान का एक अहम हिस्सा है जिसके बिना कई लोगों का खाना अधूरा रहता है। हालांकि अचार बनाने में अकसर काफी समय लगता है और कई लोग घर से दूर होने की वजह से इसे मिस करते हैं। ऐसे में आप आसानी से बनने वाले इन इंस्टेंट अचार (instant achaar) को ट्राई कर सकते हैं।**

भारतीय थाली अचार बिना अधूरी है। यहां सभी घरों में अचार से भरे जार और शीशे की बरनी मिल जाती है। अचार आपको खाने का जायका बढ़ा देता है। चटपटा पसंद करने वाले लोगों के लिए तो सिर्फ रोटी और अचार ही लंच में काफी होता है और कई लोगों का खाना तो अचार के बिना अधूरा होता है। इसमें इस्तेमाल होने वाले भारतीय मसाले खाने को पचाने में भी सहायक होते हैं। बस ध्यान रहे कि एक सीमित मात्रा में इसका सेवन करना चाहिए।

हालांकि, इन्हें बनाने में अकसर काफी मेहनत और समय लगता है। ऐसे में अगर आप भी अचार खाने के शौकीन हैं, लेकिन इसे बनाने के लिए आपके ज्यादा समय नहीं है, तो आप इंस्टेंट अचार बना सकते हैं। आइए जानते हैं घर बैठे इंस्टेंट अचार बनाने की आसान सी रेसिपी-

हरी मिर्च का अचार

हरी मिर्च रोस्ट कर लें और फिर धनिया, जीरा और मेथी को रोस्ट कर के पाउडर बना लें। इसे रोस्टेड हरी मिर्च में डालें। नींबू और नमक डालें। सरसों तेल में लहसुन, अदरक, राई, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर डाल कर पकाएं। इस तड़के को हरी मिर्च में डाल दें। इंस्टेंट हरी मिर्च का अचार तैयार है।

मिक्स वेज अचार

एक पैन में काले और पीले सरसों के दाने, जीरा, काली मिर्च, मेथी, साबुत धनिया, अजवाइन और सौंफ डाल कर रोस्ट करें। ठंडा कर के इन्हें दरदरा पीस लें। इसे एक कटोरे में निकालें। इसमें कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, हल्दी और कलौंजी डाल कर मिक्स करें। अचार मसाला तैयार है। एक पैन में तेल गर्म करें। इसमें हींग डालने के बाद लंबी-लंबी कटी हुई गाजर, मूली,अदरक और हरी मिर्च डालें। इसमें नमक और सिरका डालें। फिर तैयार किया हुआ अचार मसाला डालें और अच्छे से मिक्स करें। इंस्टेंट चटपटा और टेस्टी मिक्स वेज अचार तैयार है। चाहें तो इसमें मटर और गोभी के छोटे टुकड़े भी डाल सकते हैं।

कटहल का अचार

उबले हुए कटहल के छोटे टुकड़ों में सरसों का तेल डाल कर मिलाएं। हींग, नमक, हल्दी, लहसुन अदरक पेस्ट, पिसी हुई पीली सरसों डालें और मिक्स करें। एक पैन में कलौंजी, मेथी, सौंफ, जीरा, धनिया, अजवाइन रोस्ट करें और ठंडा होने के बाद मिक्सी में पीस लें। अचार मसाला तैयार है। अमचूर के साथ अचार मसाला कटहल में डालें और मिक्स करें। फिर लाल मिर्च पाउडर और गरम मसाला पाउडर डाल कर अच्छे से मिक्स कर के बरनी में भरें और धूप में रख दें। चटपटा कटहल अचार तैयार है।

आम का अचार

कैरी या कच्चे आम को टुकड़े काट लें। इसमें हल्दी और नमक डाल कर अच्छे से मिलाएं। कुछ देर के लिए अलग रख दें। सरसों तेल गर्म कर के ठंडा होने के लिए रख दें। तब तक मसाला तैयार करें। राई, सौंफ, जीरा, मेथी, खड़ी लाल मिर्च को पैन में रोस्ट करें। ठंडा कर के पीस लें। अचार मसाला तैयार है। एक बड़े कटोरे में हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, कलौंजी, नमक, तैयार अचार मसाला और कच्चे आम डाल कर मिक्स करें। बरनी में भरें। धूप दिखाएं और कैरी के अचार का आनंद लें।

# अमीर होते देश में आत्महत्या करते लोग



कृषि कार्य में किसान का पूरा परिवार जुड़ा होता है। केवल खेती नाम पर नहीं होने या कर्ज ना होने के कारण किसी आत्महत्या को किसान की आत्महत्या दर्ज न करना किसानों के प्रति साजिश है। किसान परिवार में हुई आत्महत्या को खेती में दर्ज करना चाहिये। उद्योग और सार्वजनिक क्षेत्र को निजी कंपनियों के हाथों सौंपा जा रहा है। अब व्यापार को भी कारपोरेट्स के हवाले किया जा रहा है। पारिवारिक खेती को कारपोरेट खेती में बदला जा रहा है।

भारत में बढ़ती आत्महत्याएं चिंता का विषय है। वैसे इसके कई कारण दिये जा सकते हैं, लेकिन आत्महत्या मुक्त भारत की दिशा में आगे बढ़ने और उसके सही कारणों को जानकर उपाय करना जरुरी है। %एनसीआरबी% (नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो) की रिपोर्ट के अनुसार भारत में हुई आत्महत्याओं का आर्थिक, व्यवसायिक, शैक्षणिक और आयु के आधार पर विश्लेषण करने पर जो तस्वीर उभरती है, उससे स्पष्ट होता है कि बढ़ती आत्महत्याओं के लिये सरकारी नीतियां अधिक जिम्मेदार हैं।%एनसीआरबी% की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2022 में कुल 1 लाख 70 हजार 924 आत्महत्याऐं हुई हैं और आत्महत्याओं की दर 12.4 रही है। भारत में प्रतिदिन 468 आत्महत्याएं हुई हैं। वर्ष 2014 में कुल 1 लाख 31 हजार 666 आत्महत्याएं हुई थीं और आत्महत्याओं की दर 10.6 रही थी। पिछले 9 साल में आत्महत्याएं और उसकी दर निरंतर बढ़ती जा रही है। %विश्व स्वास्थ्य संगठन% के आंकड़ों के अनुसार 2019 में दुनिया में 7 लाख 3 हजार आत्महत्याएं हुई हैं। इसमें से 77 प्रतिशत आत्महत्याएं निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हुई हैं। वैश्विक स्तर पर 15 से 29 साल के बच्चों में आत्महत्या मृत्यु का चौथा प्रमुख कारण रहा है। आत्महत्या की दर भेदभाव के शिकार हुये कमजोर समूहों में अधिक है। संख्या की दृष्टि से आत्महत्याओं में भारत दुनिया में नंबर एक पर है।

आत्महत्याओं के लिये मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत समस्याएं, सामाजिक और आर्थिक कारक प्रमुख कारण माने जाते हैं। मानसिक कारकों में अवसाद, चिंता, तनाव और सामाजिक-आर्थिक कारकों में गरीबी, बेरोजगारी, कर्ज, सामाजिक बहिष्कार, भेदभाव आत्महत्या के जोखिम को बढ़ाते हैं। संघर्ष, आपदा, हिंसा, दुर्व्यवहार, नुकसान का अनुभव और अकेलेपन की भावना आत्मघाती व्यवहार से करीबी से जुड़ी हुई है। संकट के क्षणों में आवेग में अधिक आत्महत्याएं होती हैं।

शैक्षणिक स्थिति के आधार पर दसवीं कक्षा से कम पढ़े 67.9 प्रतिशत और दसवीं से बारहवीं कक्षा तक पढ़े 15.9 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्याएं की हैं। कुल आत्महत्याओं में 12 वीं कक्षा तक पढ़े 83.8 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्या की हैं। इनमें से 9 प्रतिशत लोगों की शिक्षा की जानकारी नहीं है। इसमें बारहवीं से कम की संख्या जोड़ने पर बारहवीं तक पढ़े लोगों में आत्महत्याएं करने वालों की संख्या में और बढ़ोतरी होगी। आत्महत्याओं में बारहवीं से अधिक पढ़े 7.2 प्रतिशत लोगों का समावेश है।

आर्थिक स्थिति के आधार पर वार्षिक 1 लाख रुपये से कम आय वर्ग में, याने मासिक 8 हजार रुपये से कम मासिक आय वर्ग में 64.3 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्याएं की हैं। वार्षिक 1 से 5 लाख रुपये आय वर्ग, याने मासिक 8 हजार से 42 हजार रुपये आय वर्ग में 30.7 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्याएं की हैं। कुल आत्महत्याओं में 5 लाख से कम आय वर्ग में 95 प्रतिशत लोगों ने और 5 लाख से अधिक आय वर्ग में 5 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्या की हैं।

व्यवसायिक स्थिति के आधार पर गृहिणी 14.8 प्रतिशत, विद्यार्थी 7.6 प्रतिशत, बेरोजगार 9.2 प्रतिशत, स्वयं रोजगार करने वाले 11.4 प्रतिशत, खेती कार्य करने वाले 6.6 प्रतिशत, दैनिक मजदूरी करने वाले 26.4 प्रतिशत लोग हैं। वेतन पाने वाले 9.6 प्रतिशत और सेवानिवृत्त 0.8 प्रतिशत हैं। अन्य 13.5 प्रतिशत हैं। इससे एक बात स्पष्ट होती है कि लगभग 76 प्रतिशत आत्महत्याएं असुरक्षित रोजगार के क्षेत्र में हुई हैं। अज्ञात आंकड़ों में जोड़ने से यह आंकड़ा और बढ़ेगा।आयु के आधार पर कुल आत्महत्या पीड़ितों में सबसे अधिक 59 हजार 108 याने 34.58 प्रतिशत आत्महत्याएं 18 से 30 साल आयु के लोगों की हुई हैं और 54 हजार 351 याने 31.8 प्रतिशत आत्महत्याएं 30 से 45 साल आयु के लोगों की हुई हैं। व्यक्ति को आर्थिक और सामाजिक स्थिरता प्राप्त करने के लिहाज से यह उम्र सबसे महत्वपूर्ण होती है। कुल आत्महत्याओं में 5 लाख से कम आय वर्ग में 95 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्या की हैं। 12 वीं कक्षा तक पढ़े 83.8 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्या की है। 76 प्रतिशत से अधिक आत्महत्या असुरक्षित रोजगार के क्षेत्र में हुई है। रोजगार और आर्थिक स्थिरता प्राप्त करने की उम्र में 66.38 प्रतिशत आत्महत्या हुई हैं।

भारत में कुल आत्महत्याओं का आर्थिक, व्यवसायिक, शैक्षणिक और आयु के आधार पर विश्लेषण करने से स्पष्ट होता है कि आत्महत्याओं के लिये गरीबी, शिक्षा की कमी और असुरक्षित रोजगार अधिक जिम्मेदार है। ये आंकड़े भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था और खेती-किसानी की दुर्दशा तथा बढ़ती बेरोजगारी से युवाओं में बढ़ते तनाव की स्थिति को दर्शाते हैं।

देश में 95 प्रतिशत किसानों की औसत आय 1 लाख रुपये से कम है। उनकी आय की कोई गारंटी नहीं है। किसानों के बेटी-बेटों की शादी में दिक्कत आ रही है। सरकार कहती है कि किसानों के सुशिक्षित बच्चे खेती नहीं करना चाहते, लेकिन उपरोक्त आकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि जिन कारकों के चलते आत्महत्याएं हो रही हैं, उन सभी में किसान परिवार के सदस्य किसी-न-किसी से जुडे हैं। %एनसीआरबी% की रिपोर्ट में किसानों की आत्महत्याओं की संख्या कम दर्ज करके उसे छुपाने का प्रयास किया गया है।

कृषि कार्य में किसान का पूरा परिवार जुड़ा होता है। केवल खेती नाम पर नहीं होने या कर्ज ना होने के कारण किसी आत्महत्या को किसान की आत्महत्या दर्ज न करना किसानों के प्रति साजिश है। किसान परिवार में हुई आत्महत्या को खेती में दर्ज करना चाहिये। उद्योग और सार्वजनिक क्षेत्र को निजी कंपनियों के हाथों सौंपा जा रहा है। अब व्यापार को भी कारपोरेट्स के हवाले किया जा रहा है। पारिवारिक खेती को कारपोरेट खेती में बदला जा रहा है। देश के चंद कारपोरेट घरानों के पास संपत्ति इकठा हो रही है। दूसरी तरफ 80 करोड लोगों को 5 किलो अनाज पर आश्रित बनाया गया है।

भारत सरकार आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या और दर को रोकने में पूर्णता असफल हुई है। सभी को स्वास्थ्य सुविधा और हाथों को काम देने वाली शिक्षा देने में असफल हुई है। किसान और असंगठित कामगारों को सुनिश्चित आय प्रदान करने में असफल हुई है। बेरोजगारी दूर करने के उपाय करने और %एमएसएमई% (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) की नीति को प्रभावी ढंग से लागू करने में असफल हुई है। भारत सरकार की गलत नीतियों के कारण आत्महत्याओं के कारकों में बढ़ोतरी होने से आत्महत्याऐं लगातार बढ़ रही हैं।

## संपादकीय

# इंडिया' की बैठक के प्रयोजन और निहितार्थ

1 जून को लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान जब तक समाप्त होगा, संयुक्त प्रतिपक्ष यानी इंडिया की दिल्ली में बैठक आहूत की गई है। यह बैठक एक ओर जीत के प्रति इंडिया के विश्वास की अभिव्यक्ति है वहीं वह सरकार बनाने की रणनीति का हिस्सा भी कही जा सकती है। चुनावी नतीजों को लेकर जैसे अनुमान लगाये जा रहे हैं, वे निश्चित रूप से विपक्षी गठबन्धन में उत्साह का संचार करने के लिये पर्याप्त हैं। तो भी बैठक बुलाया जाना इस बात का संकेत है कि इंडिया चौकन्ना है और वह ऐसी कोई भी गुंजाइश नहीं छोड़ना चाहता जिससे जोड़-तोड़ में माहिर भारतीय जनता पार्टी सेंधमारी कर सके। बैठक को लेकर यह भी कयास लगाये जा रहे हैं कि बहुमत मिलने की स्थिति में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार इसमें तय हो सकता है।

चुनाव के परिणाम 4 जून को निकलेंगे। दोपहर तक ही तय हो जायेगा कि किसकी सरकार बनेगी। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी अपने बल पर 370 और अपने सहयोगियों (नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस-एनडीए) के साथ मिलकर 400 पार जाने का नारा दे रही है। हालांकि यह लक्ष्य 7 मई को हुए मतदान के तीसरे चरण के बाद ही हवा-हवाई हो चुका है। तो भी इसका जिक्र कभी-कभार भाजपा की प्रचार सभाओं में होता रहता है। यह अलग बात है कि अब भाजपा इतना ही कह रही है कि वह सरकार बनाने लायक सीटें (272) तो ले ही आयेगी, यानी मोदी तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं। दूसरी तरफ जो जमीनी हालात दिखाई दे रहे हैं उससे इंडिया को बढ़त साफ महसूस की जा सकती है।

अब तो केवल 8 राज्यों की मात्र 57 सीटों पर मतदान रह गया है लेकिन अब तक कांग्रेस व गठबन्धन के सहयोगी दलों की सभाओं में उमड़ी भीड़ ने बता दिया है कि जादुई आंकड़े को भाजपा नहीं इंडिया छूने जा रहा है। जिस उत्तर प्रदेश को भाजपा का सबसे मजबूत किला कहा जाता है, वहां भी उसे अपनी कई सीटें बचाने के लिये कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड जैसे राज्यों में जहां 2019 में भाजपा का स्ट्राइक रेट शत प्रतिशत या लगभग उतने का स्ट्राइक रेट था, वहां के बारे में पूरे दावे से कोई नहीं कह पा रहा है कि वह इस प्रदर्शन को दोहरा सकेगी। उल्टे, केरल, तमिलनाडु, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब जैसे राज्यों में इस प्रकार का प्रदर्शन इंडिया द्वारा होना सम्भव बतलाया जा रहा है। जिस हिन्दी पट्टी को लेकर भाजपा-एनडीए बहुत आश्वस्त थे, वहां हर राज्य में उनकी नाव डगमगा रही है। पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार, तेलंगाना और कर्नाटक में भाजपा पिछले दोनों (2014 व 19) चुनावों के मुकाबले पिछड़ती दिख रही है।इस स्थिति में अनेक ऐसे तथ्य हैं जिन्हें लेकर इंडिया को बहुत सावधान रहने की आवश्यकता होगी। सम्भवत~ प्रस्तावित बैठक का यह भी एक महत्वपूर्ण एजेंडा होगा; और यदि न हो तो उसे होना चाहिये। मुश्किल से 2 वर्ष पहले तक भाजपा के बारे में लोगों की यही राय थी कि उसे पराजित नहीं किया जा सकता और मोदी का कोई विकल्प नहीं है। राहुल गांधी की दो भारत जोड़ो यात्राओं, मल्लिकार्जुन खरगे का कुशल नेतृत्व, प्रियंका गांधी की मेहनत, शरद पवार, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, अरविंद केजरीवाल, एमके स्टालिन, कल्पना सोरेन आदि के जुझारूपन ने इंडिया को जीत की दहलीज तक लाया है।

इसके बाद रह जाती है तो सतर्कता- ईवीएम को लेकर।543 सीटों वाली लोकसभा के लिये बटन दबी मशीनों को देश भर के जिन हजारों स्ट्रांग रूम में रखा गया है उनकी कक्षों के खुलने तक निगरानी और चौकस निगाहों से वोटों की गिनती उतनी ही आवश्यक है जितनी अब तक की जमीनी दौड़-धूप। सरकार बनाने के लिये भाजपा किसी भी हद तक जा सकती है। यह कहने की भी ज़रूरत नहीं है। यह भी ख्याल रखना होगा कि अब भी तमाम शासकीय मशीनरी सरकार के अप्रत्यक्ष नियंत्रण में है। कायदे से वह केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के तहत है पर उसकी पिछली कार्यप्रणाली ने कह दिया है कि उससे ऐसी कोई आशा न की जाये क्योंकि अपनी निष्पक्षता व स्वायत्तता का तमगा उसने खुद ही निकाल फेंका है। प्रशासन, पुलिस एवं सारी वे एजेंसियां जो नयी सरकार के गठन के वक्त थोड़ी सी भी भूमिका निभाती हैं, उन सभी पर नज़र रखनी होगी।एक बात तो साफ है; और जिसे सभी मान रहे हैं, वह यह कि इंडिया की सम्भावित जीत के बाद भी मोदी व भाजपा की ओर से सारी ऐसी कोशिशें की जायेंगी कि सत्ता उसके हाथ में रहे। ऐसा मानने वालों की तादाद बहुत कम है कि वह बहुत शालीनता व आसानी से सत्ता को जाने देगी।कुछ लोग अनुमान लगा रहे हैं कि त्रिशंकु लोकसभा की स्थिति भी बन सकती है। ऐसे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जायेगी। देश का यह सर्वोच्च कार्यालय भी मोदी के नियंत्रण में काम करता है- यह बात सामने आ चुकी है। यदि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर आती है .

# पाप-पुण्य के रजिस्ट्रार चित्रगुप्त की भूमिका में नरेन्द्र मोदी

मोदीजी को इसलिये पाप-पुण्य के पीछे जाकर इस योजना के बाबत लोगों को बताना पड़ा है क्योंकि कुछ अर्से तक तो लोगों ने इसे सुना क्योंकि मोदी इसका बहुत प्रचार करते रहे थे। अब विपक्ष ने इस योजना को लेकर मोदी की कड़ी आलोचना शुरू की है। कई नेताओं ने सवाल करने शुरू किये कि क्या मोदी यह राशन अपने खर्च पर लोगों को दे रहे हैं। लोग यह भी जान गये कि देश में खाद्यान्न भंडार अगर भरे हुए हैं तो यह वर्षों की किसानों की कड़ी मेहनत और पूर्ववर्ती सरकारों की देन है

पाप-पुण्य की अवधारणा पूरी दुनिया में है। इसका उद्गम धर्म है। प्रकारान्तर से हर धर्म ने पाप क्या है और पुण्य क्या है, इसकी व्याख्याएं अपने-अपने हिसाब से की हैं। जब तक समाज आधुनिक नहीं था तब तक लोगों के अच्छे-बुरे कर्मों की शिनाख्त उस समाज को चलाने वाले धर्म और उसके पुरोहितों व श्रेष्ठी वर्ग के हाथ में थी। यह वर्ग तय करता था कि किसने पाप किये हैं और किसने पुण्य। पापियों को सजा देने और पुण्यकर्मियों को पुरस्कृत करने का काम राजा का होता था। दुनिया का इतिहास उठाकर देखें तो पता चलता है कि सजाओं और पुरस्कार की व्यवस्था में एकरूपता नहीं रही। राज्यों के शासकों के विचारों व उनकी मान्यताओं के अनुसार न्याय व्यवस्थाएं बदलती रही हैं। किसी देश में एक राजा की सत्ता जाने के बाद जब दूसरा राजा गद्दी पर बैठता था तो उस देश की पूरी व्यवस्था बदल जाती थी। यहां तक कि पुत्रों की शासन प्रणाली अपने पिता से अलग किस्म की हुआ करती थी। असली बात यह है कि किसी भी राज्य की न्याय प्रणाली राजा के व्यक्तिगत मत तथा उन्हें प्रभावित करने वाले पुरोहितों, मंत्रियों एवं सेनापतियों के माध्यम से बनती-बिगड़ती रही है। कई बार तो एक धर्म को मानने वाले राजा के पतन के बाद जो अगला गद्दीनशीन होता था उसकी धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप रातों-रात शासन प्रणाली ढल जाती थी।

इस व्यवस्था में अनेक दोष थे। पहला तो यही कि मान्यताएं समय-समय पर बदलती रहती थीं। दूसरे यह कि सबके लिये कानून अलग-अलग थे जो पाप व पुण्य का निर्धारण करते हों। तीसरे, अपराधों की व्याख्या भी निश्चित नहीं होती थी। शासकों ने जैसा सोच लिया, वही अंतिम सत्य मान लिया जाता था जिसके खिलाफ न तो सुनवाई हो सकती थी और न ही पुनर्विचार। इस गड्डमड्ड और व्यक्तिगत या कोटरी की सनक से परिचालित न्याय प्रणाली को शनै~ शनै~ एक सुसंगठित शासन प्रणाली ने स्थानापन्न किया। मध्ययुग से आधुनिक काल आने में ढाई-तीन सौ साल लग गये। लोकतांत्रिक रूप से परिपक्वता हासिल कर चुके देशों में तो इस आधुनिक प्रणाली का प्रकाश जगमगा रहा है लेकिन अनेक देश अब भी मध्ययुग में जी रहे हैं। उसके लिये कहीं अब भी जारी राजतंत्र जिम्मेदार है तो कहीं धर्मराज्य। कहीं सामंती व्यवस्था तो कहीं सामाजिक कारण। भारत को डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर का वरदान है जिन्होंने सामंतवादी सामाजिक व्यवस्था के बावजूद रातों-रात एक ऐसी शासन प्रणाली देशवासियों को सौपी जिसके चलते वे %मूक प्रजा% से %अधिकार सम्पन्न नागरिक% बन गये। न केवल शासन प्रणाली बदली वरन समानता, स्वतंत्रता एवं बन्धुत्व के मूल्यों को संविधान में अंतर्गुफित किया गया। यह संविधान एक सुव्याख्यायित व सुपरिभाषित है जिसमें कहीं कोई भ्रम या उलझाव नहीं है। उधर स्वतंत्रता मिलते-मिलते अंग्रेजी शासन व्यवस्था ने भारत में अपराध व न्याय संहिता को भी विकसित व लागू कर ही दिया था।



अब देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में पाप-पुण्य के लिये जगह बची ही कहां रह गयी है? वैसे भी समाजशास्त्रियों के अनुसार जब तक संगठित कानून नहीं था तब तक लोगों को भयभीत करने और लालच देने के लिये इसका निर्माण हुआ था। ऐसे में समझना होगा कि जब आधुनिक मानकों पर खरी उतरती हुई एक स्वतंत्र और ज्यादातर निष्पक्ष न्यायपालिका है तब भला देश के सर्वोच्च पद पर विराजे हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोगों को पाप-पुण्य के आधार पर उन्हें वोट देने के लिये प्रेरित करने की ज़रूरत क्यों आन पड़ी? तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने को आतुर मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिये एक प्रचार सभा में जो कहा उसका आशय यह था कि कोरोना काल के बाद शुरू की गयी योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देकर उन्होंने पुण्य कमाया है। उन्हें वोट देने से लोगों को पुण्य मिलेगा। अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने कह दिया कि जो उन्हें वोट नहीं देगा वह पाप का भागीदार बनेगा। एक तरह से वे लोगों को याद दिलाना चाहते थे कि उन्होंने लोगों के लिये 5 किलो निशुल्क राशन की योजना लाई है जो अगले 5 वर्षों तक जारी रहेगी। यह एक तरह से एहसान जताने जैसा ही है।

मोदीजी को इसलिये पाप-पुण्य के पीछे जाकर इस योजना के बाबत लोगों को बताना पड़ा है क्योंकि कुछ अर्से तक तो लोगों ने इसे सुना क्योंकि मोदी इसका बहुत प्रचार करते रहे थे। अब विपक्ष ने इस योजना को लेकर मोदी की कड़ी आलोचना शुरू की है। कई नेताओं ने सवाल करने शुरू किये कि क्या मोदी यह राशन अपने खर्च पर लोगों को दे रहे हैं। लोग यह भी जान गये कि देश में खाद्यान्न भंडार अगर भरे हुए हैं तो यह वर्षों की किसानों की कड़ी मेहनत और पूर्ववर्ती सरकारों की देन है जिन्होंने हरित क्रांति जैसी विभिन्न योजनाओं के जरिये देश को खाद्यान्नों के मामले में आत्मनिर्भर ही नहीं बनाया वरन युद्ध या किसी प्रकृतिक आपदा के अंतर्गत अगर देश में उत्पादन घटे या न हो तो भी देशवासियों के भूखों मरने की नौबत न आए। दूसरे, लोग यह भी जान गये कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने ही नागरिकों को भोजन का अधिकार दिया था। मोदी को 5 किलो मुफ्त राशन का ढिंढोरा पीटने में अड़चन आने लगी जब कांग्रेस ने ऐलान किया कि उनकी सरकार बनी तो हर माह 10 किलो राशन निशुल्क दिया जायेगा। भाजपा के पास इसका तोड़ नहीं है।

मोदी के ही साथ पूरी भारतीय जनता पार्टी को परेशानी इसलिये भी है क्योंकि उनका यह अनुमान गलत निकला कि महंगाई व बेरोजगारी के मुद्दे राममंदिर के कारण दब जायेंगे। ऐसा हुआ नहीं। उल्टे, ये मसले लोगों की चिंताओं का सबब और किसी के पक्ष में वोट डालने के लिहाज से विचार करने के प्रमुख आधार बन गये। बामुश्किल 6 प्रतिशत के लिये ही अयोध्या का राममंदिर महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह शायद वह सिलेबस था जिसकी तैयारी मोदी एवं उनकी पार्टी ने परीक्षा हॉल यानी चुनावी अखाड़े में आने के पहले बिलकुल नहीं की थी। मोदी का वह पैंतरा भी काम आता नहीं दिख रहा है जिसमें वे हिन्दू-मुस्लिम कर ध्रुवीकरण करें और बाजी मार ले जायें। हालांकि अब भी वे इसकी कोशिशें कर रहे हैं। कभी वे कहते हैं कि %कांग्रेस के घोषणापत्र (न्याय पत्र) पर मुस्लिम लीग की छाया है% तो कभी कहते हैं कि %कांग्रेस की सरकार जनता से सोना लेकर कई बच्चों वाले (मुस्लिम) को बांट देगी।% या फिर %इंडिया वाले मंगलसूत्र छीनकर मुसलमानों को दे देंगे।% मोदी के भाषण ध्रुवीकरण के एजेंडे के बिना पूरे नहीं होते। अपनी प्रचार सभाओं या साक्षात्कारों में विकास को लेकर वे कोई बात नहीं करते। उनका फोकस जहां हिन्दू वोटों के ध्रुवीकरण पर रहा वहीं इंडिया ने उनकी पिच पर जाने से इंकार करते हुए रोजी-रोटी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के मुद्दे सत्यता व सघनता से उठाये।

लोकसभा का एक ही चरण बचा रह गया है जिसमें 57 सीटों पर 1 जून को मतदान होगा। वाराणसी की सीट भी है जिस पर खुद मोदी तीसरी बार प्रत्याशी हैं। स्थानीय एवं राष्ट्रीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस समेत इंडिया सक्रिय है। इतना ही नहीं, विपक्षी गठबन्धन ताकतवर बन चुका है। उनके कई नेताओं को जेल में डालने और वित्तीय संसाधनों की कमी के बावजूद वह भाजपा का डटकर मुकाबला कर रहा है। ऐसे में मोदी चित्रगुप्त बनकर मतदाताओं को उनके पाप-पुण्य गिनाते हुए मतदान केन्द्रों तक ठेलने की कोशिश करें तो आश्चर्य नही।



दरअसल आज इन्होंने कहा कि आज छुट्टी का दिन है और त्यौहार भी नजदीक ही हैं तो क्यों न घर की साफ-सफाई ही कर ली जाए। बस इसीलिए घर को थोड़ा-बहुत चमका दिया है। लेकिन इस जवाब से शांता ताई संतुष्ट नहीं हुईं कि तभी उनकी जासूसी नाकों में कुछ गंध पहुंची और वह बोलीं कि अरे वाह! यह बढ़िया-बढ़िया पकवानों की सुगंध कहां से आ रही है? सच-सच बताओ आज किसी का जन्मदिन है क्या या फिर आज तुम्हारी शादी की सालगिरह है। अब तक राधा शांता ताई के तेवरों को देखते हुए तंग आ चुकी थीं आखिर उसने हिम्मत करके उन्हें बता ही दिया कि आज राजीव के बॉस उनके घर पर खाना खाने आने वाले हैं।

# ताक-झांक से क्या होगा हासिल?

राजीव एक मल्टीनेशनल कंपनी में एक्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत है। रविवार की बात है जब उसके बॉस उस दिन उस के घर पर खाने पर आ रहे थे। राजीव के बॉस घर आ रहे थे इस बात से उत्साहित उसकी पत्नी राधा सारे घर को सजाने संवारने में लगी हुई थी कि कहीं राजीव के बॉस को कहीं कुछ खराब न लगे। दूसरी तरफ सामने वाले घर में रहने वाली शांता ताई के दोनों कान आज सुबह से ही खड़े थे उनके लिए परेशानी की बात यह थी कि आखिर किस प्रकार पता चले कि राधा के घर में माजरा क्या है? जबकि राजीव और राधा ने सोच रखा था कि बॉस के घर आने की बात किसी को क्या बतानी और बता भी दी तो लोग पता नहीं क्या-क्या बातें करें। कोई कहेगा कि देखो प्रमोशन पाने के लिए बॉस को खुश कर रहा है तो कोई कहेगा कि देखो किस तरह बॉस की चमचागिरी में मशगूल है।

लेकिन इन सबसे दूर राधा के घर के निकट ही शांता ताई की बैचेनी तो जैसे कम होने का नाम ही नहीं ले रही थी। खैर, जैसे-तैसे उन्होंने तरकीब बैठकार अपने बेटे सोनू को राधा के घर गुप्तचरी के लिए भेजा। लेकिन जब वह भी कोई जानकारी पाने में असफल साबित हुआ तो उन्होंने अपनी बेटी मधु को राधा के घर भेजा। मधु ने राधा से कहा कि आंटी जरा थोड़ी चीनी तो देना, घर में खत्म हो गई है। इस पर राधा बोली कि अभी लाती हूं, और यह कहकर जैसे ही वह किचन की ओर मुड़ी कि तभी मधु ने एकदम से सवाल दागा और बोली कि आंटी, क्या आज घर में कोई मेहमान आ रहे हैं या फिर आज आपके घर में कोई पार्टी है क्या?

इस पर राधा बोली कि नहीं-नहीं बेटा यह तो बस वैसे ही आज साफ सफाई करने का मूड़ बन गया। अब शांता ताई की मुसीबत और भी बढ़ गई थी क्योंकि मधु भी कोई खबर हासिल नहीं कर पाई। अब थक हार कर शांता ताई स्वयं ही राधा के घर पहुंची और बोली कि अरे राधा, अभी मधु कह रही थी कि आज तो राधा आंटी का घर चम-चम चमक रहा है तो मैंने सोचा कि आखिर माजरा क्या है, जरा पता तो लगाया जाए। इसलिए तुमसे मिलने चली आई। अपनी बात खत्म करते-करते वह चारों ओर निगाहें घुमा कर बोली कि यदि मेरी किसी काम में आवश्यकता हो तो बताओ। इस पर राधा बोली कि नहीं ताई ऐसी तो कोई बात ही नहीं है।

दरअसल आज इन्होंने कहा कि आज छुट्टी का दिन है और त्यौहार भी नजदीक ही हैं तो क्यों न घर की साफ-सफाई ही कर ली जाए। बस इसीलिए घर को थोड़ा-बहुत चमका दिया है। लेकिन इस जवाब से शांता ताई संतुष्ट नहीं हुई कि तभी उनकी जासूसी नाकों में कुछ गंध पहुंची और वह बोलीं कि अरे वाह! यह बढ़िया-बढ़िया पकवानों की सुगंध कहां से आ रही है? सच-सच बताओ आज किसी का जन्मदिन है क्या या फिर आज तुम्हारी शादी की सालगिरह है। अब तक राधा शांता ताई के तेवरों को देखते हुए तंग आ चुकी थी आखिर उसने हिम्मत करके उन्हें बता ही दिया कि आज राजीव के बॉस उनके घर पर खाना खाने आने वाले हैं।

इस पर शांता ताई बोलीं कि अच्छा, यह बात है। फिर थोड़ी गहरी सांस लेते हुए वह बोलीं कि हां भई आजकल यह सब चीजें भी तो जरूरी हैं आखिर कम कमाई में गुजारा चलाना मुश्किल तो है ही इसलिए प्रमोशन के लिए थोड़ी बहुत चापलूसी तो करनी ही पड़ती है।

राजीव और राधा का यह किस्सा आज आम हो गया है। आज हर व्यक्ति दूसरे की जिंदगी में तांक-झांक को कोई भी अवसर गंवाना नहीं चाहता। ऐसे में यही विचार मन में आता है कि क्या ऐसा नहीं हो सकता है कि लोग दूसरों की जिंदगी में ताकझांक करना छोड़ दें? कभी-कभी यह भी प्रश्न मन में उठता है कि आखिर क्यों लोग अपनी उलझनों को भूल कर दूसरों के साथ क्या हो रहा है, यह जानने को ज्यादा उत्सुक रहते हैं? मान लीजिए कि कोई कॉलेज जाने वाली लड़की पड़ोस में रहती है तो पड़ोसी लोग यह जानना अपना फर्ज समझते हैं कि वह कब, कहां और किस के साथ आती जाती है। यह भी सच है कि जहां इस प्रकार की निगाहें अधिकतर महिलाओं पर ही रखी जाती हैं तो यह भी सच है कि दूसरों पर भी निगाहें अकसर महिलाएं ही रखती हैं। महिलाओं का स्वभाव यह हो गया है कि यदि उनके पड़ोस में नए पड़ोसी आए हैं तो जब तक वह उन का वर्तमान, भूतकाल और यदि संभव हो तो जब तक भविष्यकाल तक न जान लें, उनको चैन ही नहीं मिलता। पता नहीं क्यों आजकल की महिलाओं को यह समझ नहीं आता कि ऐसा व्यवहार करके आप दूसरे व्यक्ति के जीवन में कितनी मुश्किलें पैदा कर रही हैं? महिलाओं को यह समझना चाहिए कि किसी व्यक्ति के बारे में जो भी उनकी धारणा है या जानकारी है उसके आधार पर उस व्यक्ति के बारे में वह जो प्रचार कर रही हैं वह जब उन्हें भी नहीं पता कि कितना सही है और कितना गलत तो उसके प्रचार से उस व्यक्ति को बहुत नुकसान पहुंच सकता है।

# लिविंग रूम

## को सजाने के लिए अपनाएं 5 मंत्र


**जब आपके किसी के घर मेहमान बन कर जाते हैं तो उनका लिविंग रूम देखकर ही आप पूरे घर का अंदाजा लगा लेते हैं। वैसे ही जब कोई आपके घर आता है तो भी यही बात मायने रखती है। कहने का तात्पर्य यह है कि घर का लिविंग रूम वह कमरा होता है जो आपके पूरे घर को रीप्रेज़ेंट करता है।**



जब आपके किसी के घर मेहमान बन कर जाते हैं तो उनका लिविंग रूम देखकर ही आप पूरे घर का अंदाजा लगा लेते हैं। वैसे ही जब कोई आपके घर आता है तो भी यही बात मायने रखती है। कहने का तात्पर्य यह है कि घर का लिविंग रूम वह कमरा होता है जो आपके पूरे घर को रीप्रेज़ेंट करता है।

इसे सजाने के लिए आप अपनी पसंद की चीजें लगाते हैं, उसे अलग-अलग कलर स्कीम और पैटर्न्स से सजाते हैं। आपकी सजावट पर हमें कोई शक नहीं है बस हम आपके ज्ञान में थोड़ी वृद्धि कर रहे हैं कि कैसे आप अपने लिविंग रूम को और बेहतर बना सकतीं हैं।

1. कंट्रॅास- लिविंग रूम में दीवारों पर कंट्रॅास कलर ट्राई करें या दो रंगों से दीवारों को रंगें। यह रूम को थोड़ा हटके लुक देगा। रंगों में लाइट-डार्क, ब्लैक-व्हाइट, रेड-व्हाइट का कॉम्बिनेशन ले सकते हैं। इन्हीं में से किसी कलर कॉम्बिनेशन को चुन कर आप पूरे कमरे के लुक को डिसाइड कर सकतीं हैं।
2. फूलदान - लिविंग रूम की सेंटर टेबल पर फूलों का गुलदस्ता रखें। इसके लिए नकली फूलों के साथ विशेष अवसर पर प्राकृतिक फूलों का इस्तेमाल करें। यह लिविंग रूम को सजाने का सबसे आसान और सीमित बजट में निपटने वाला तरीका है।
3. फोटो फ्रेम्स- अपने लिविंग रूम को क्लासी और इमोशनल टच देने के लिए दीवार पर अपनी फैमेली की फोटो लगा सकते हैं। चाहे तो पूर्वजों की तस्वीरों को भी लिविंग रूम में जगह दे सकते हैं। इससे निश्चित रूप से आपके लिविंग रूम में शांति और सौम्यता का वातावरण आ जाएगा।
4. पर्दे- लिविंग रूम में पर्दे लगाएं लेकिन ध्यान रखें कि वे कमरे में आनेवाले प्राकृतिक उजाले को ना रोकें। आजकल पारदर्शी पर्दे चलन में हैं आप उन्हें इस्तेमाल कर सकतीं हैं या फिर अगर कुछ अलग करना चाहतीं हैं तो क्रोशिए से बने पर्दे लगाएं। ये मनचाहे रंग में मिल जाएंगे और कमरे में अंधेरा भी नहीं करेंगे और आपका कमरा शानदार दिखेगा।
5. सेटअप- अपने फर्नीचर और एसेसरीज का सेटअप बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से करें। कमर खचाखच भरा हुआ ना लगे इसका खास ध्यान रखें। अच्छी लाइटिंग स्कीम चुनें। इस बात का ध्यान रखें कि कमरा व्यवस्थित लगे। साफ-सुथरा हो।



**बैडरूम व ड्रॅाइंग रूम में हल्के व कूल रंग का इस्तेमाल करें। जैसे हल्का भूरा या सफेद। यह दिमाग की शांति के लिए अनिवार्य है। एक कमरे में चार में से एक दीवार पर ब्राइट रंग या ग्लास वर्क अभी चलन में है। यह सिस्टम भी एस्ट्रो को सूट करता है। आप जिस कमरे में अपना सबसे महत्वपूर्ण काम करते हैं वहाँ मनपसंद और एस्ट्रो के अनुसार चमकदार कलर इस्तेमाल कर सकते हैं।**



# सजावट

## ऐसी जो मूड बना दे

घर का वातावरण कूल बनाए रखने में ज्योतिष अहम् भूमिका निभाता है। अपने घर को एस्ट्रो टच देकर घर और मन की शांति को बनाए रखा जा सकता है। एस्ट्रो और च्वॉइस का सही कॉम्बिनेशन आपके लिए उपयोगी हो सकता है। बच्चों के कमरे में हमेशा ब्राइट रंग करना बेहतर होता है। कमरा यदि लड़के का हो तो उसमें नीला रंग और लड़की के कमरे में गुलाबी रंग अच्छा होता है। चाहे तो राशि के अनुसार रंगों का सिलेक्शन करें। वहीं बैडरूम व ड्रॅाइंग रूम में हल्के व कूल रंग का इस्तेमाल करें। जैसे हल्का भूरा या सफेद। यह दिमाग की शांति के लिए अनिवार्य है। एक कमरे में चार में से एक दीवार पर ब्राइट र ंग या ग्लास वर्क अभी चलन में है। यह सिस्टम भी एस्ट्रो को सूट करता है। आप जिस कमरे में अपना सबसे महत्वपूर्ण काम करते हैं वहाँ मनपसंद और एस्ट्रो के अनुसार चमकदार कलर इस्तेमाल कर सकते हैं।

दीवारों पर वॉल पेपर भी ट्राई कर सकते हैं और बाद में इसे चेंज भी कर सकते हैं। खूबसूरत वॉल पेपर घर को अच्छा लुक देते हैं। यह वॉल पेपर ज्योतिष के अनुसार शुभ और मंगलकारी होना जरूरी है। घर का माहौल खुशनुमा बनाने का सबसे अच्छा तरीका है घर के हर कोने में पौधे लगाना। पौधों से पॉजिटीव एनर्जी मिलती है। इससे कमरों में ऑक्सीजन की भी पर्याप्त मात्रा मिल जाती है और कम रुपयों में घर की सजावट भी। इससे मूड भी अच्छा रहता है। घर के अंदर एक मिनी बगिया विकसित कर सकते हैं, जिसमें कमल के फूल व फिशेस हों। यह देखने में सुंदर और अट्रेक्टिव लगता है। साथ ही एस्ट्रो के अनुसार घर बैठे मछलियों की सेवा भी हो जाएगी। शोपीसेस के अलावा पूरी तरह से कमरों को पौधों से डेकोरेट कर सकते हैं। हरी-भरी बगिया घर के अंदर ही होगी तो सोचिए कितना कूल लगेगा। अलग कमरों में अलग रंग कर सकते हैं, लेकिन सारे घर में एक ही रंग करने से परिवार में संतुलन और शांति नजर आती है। कोशिश कीजिए कि जो रंग सबकी राशियों को सूट करे वही शेड्स आजमाएँ। सजावट ऐसी हो कि स्पेस ज्यादा दिखे। खुला माहौल भी दिमाग को शांत रखता है।



# सूखे फूलों से सजावट



फूलों से हर कोई प्रेम करता है। एक ओर जहाँ ये आपके घर को खूबसूरत लुक देते हैं वहीं मन को भी सुकून देते हैं। किसी को आपने कुछ उपहार देना हो तो सबसे पहले आप फूलों को ही देखते हैं। ऐसा कई बार होता है कि आपका मन परेशान हो लेकिन खिले फूलों को देखकर आप ताजगी भरा महसूस करने लगें। यही वजह है कि किसी बीमार व्यक्ति के सामने हम हमेशा फूल रख देखे हैं ताकि वह जल्दी से ठीक हो जाए। खि?ले फूलों के साथ ही आप सूखे हुए फूलों से भी अपने घर को सजा सकते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह भी है कि जो फूल मौसमी होते हैं यानी सर्दी और गर्मी दोनों ही फूलों का मजा आप एक साथ ले सकते हैं। इन्हें आप अपने घर में ही सुखा सकते हैं। फूलों को कई प्रकार से सुखाया जा सकता है जैसे वैक्यूम ड्राइंग, ओवन ड्राइंग, हवा में सुखाना या फिर माइक्रोवेव ड्राइंग। ओवन ड्राइंग एक ऐसी विधि है जिसमें फूलों के किसी पात्र में रखकर ओवन में रखकर सुखाया जाता है जिसका एक नियंत्रित तापमान होता है। इस विधि से फूल जल्दी सूख जाते हैं। डहलिया के फूल की खूबी है कि इसकी पंखुड़ियों का रंग अधिक समय तक टिका रहता है। इसके फूलों के कर्ण को विकसित होने से पहले ही इन्हें तोड़ लें और इसकी टहनी में बालूमिट्टी भर दें। इसके फूलों को ओवन में 35 से 40 डिग्री सेंटीग्रेड के तापमान पर सुखा लें।

# याददाश्त बढ़ाता है ग्रीन टी का सत्व

**लंदन।** ग्रीन टी को वैसे तो हमेशा ही स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना गया है लेकिन वैज्ञानिक अब इस नतीजे पर पहुंचे है कि ग्रीन टी का सत्व याददाश्त बढ़ाने के लिए भी मददगार साबित होता है।

**मानसिक बीमारी में भी फायदा:** स्विटजरलैंड स्थित बासेल विविद्यालय के शोधार्थियों का मानना है कि ग्रीन टी के इस नए फायदे का लाभ मानसिक बीमारी डिमेंशिया, स्मृतिलोप के इलाज में काफी कारगर साबित हो सकता है। 'द अकेडमिक जरनल साइको फॉरमेकोलॉजी' ने इस रिपोर्ट को प्रकाशित किया है। 'यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल ऑफ बासेल' के प्रो.क्रिस्टोफर बेगलिंग तथा 'साइकैट्रिक यूनिवर्सिटी क्लीनिक्स' के प्रो. स्टीफन बोर्गवार्ट के इस शोध दल ने पाया कि ग्रीन टी का सत्व मस्तिष्क की प्रभावी सक्रियता को बढ़ाता है और यह सक्रियता दिमाग के 'ज्ञान संबंधी' तंत्र को मजबूत करती है।

**शोध में मस्तिष्क के पीछे तथा आगे के कार्टेक्स के बीच बेहतर तारतम्य स्थापित हुआ:** अपने शोध के लिए वैज्ञानिकों ने स्वस्थ पुरुषों को चुना। इन लोगों को एक पेचीदा 'टास्क' दिया गया लेकिन काम शुरू करने से पूर्व इन्हें एक ऐसा शीतल पेय दिया गया जिसमें कई ग्राम ग्रीन टी का सत्व था। इसके बाद वैज्ञानिकों ने इनका 'एमआरआई', 'मेगनेटिकरेजोनेंस इमेजिंग' कर मस्तिष्क की सक्रियता पर ग्रीन टी के सत्व के असर की जांच की। 'एमआरआई' की रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने पाया कि मस्तिष्क के पीछे तथा आगे के कार्टेक्स के बीच बेहतर तार तम्य स्थापित हुआ है। जो यह सिद्ध करता है कि ग्रीन टी मस्तिष्क की सक्रियता को बनाए रखता है तथा बढ़ाता भी है। इसके पहले तक के शोध विभिन्न बीमारियों पर ग्रीन टी के असर तक ही सीमित थे लेकिन पहली बार मस्तिष्क पर ग्रीन टी के फायदे का पता लगने से कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के इलाज में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। (वार्ता) ग्रीन टी का सत्व मस्तिष्क की प्रभावी सक्रियता को बढ़ाता है और यह सक्रियता दिमाग के 'ज्ञान संबं धी' तंत्र को मजबूत करती है



# लगाएं बढ़ते पेट पर लगाम!

*अगर* आपका पेट बेकाबू है और आप इसे अंदर करना भी चाहते हैं तो समझ लीजिए की आपको ऐड़ी का जोर लगाना पड़ेगा, क्योंकि बढ़ा हुआ पेट कम करना आसान काम नहीं। बढ़ा हुआ पेट आपको दूसरों की नजरों के साथ-साथ अपनी नजरों में भी गिराता है। रही बात पेट को सपाट यानी अंदर करने की होड़ की बात तो इसमें आजकल बॉलीवुड बड़ा रोल अदा कर रहा है। हमारे सलमान से लेकर जॉन अब्राहम तक के सभी हीरो अपने एब्स दिखाने की होड़ के आदि हो चुके हैं। इनकी देखा-देखी हमारे अधेड़ उम्र के लोग भी पेट सपाट करने की जुगत में लग चुके हैं क्योंकि अब उन्हें भी फूला हुआ पेट बिल्कुल नहीं भाता। यदि आप भी अपना सपाट पेट पाना चाहते हैं तो इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में कुछ चेंजेस करने होंगे साथ ही काफी समर्पण की जरूरत होगी। इन सबके बाद बारी आती है शुरुआत करने की, तो आप इसके लिए सबसे पहले अपने खानपान और जीवनशैली को बदल दें। शुरुआत में आपको आहार में कार्बोहाइड्रेट को कम करना होगा।

***ऐसे करें शुरुआत***

**सुबह की शुरुआत पानी से करें :** पानी हमारे शरीर की एक बहुत बड़ी जरूरत है यदि पानी नहीं तो जीवन नहीं। रोज फ्रैश होने से पहले एकदो गिलास पानी पीना चाहिए। पानी हमारे शरीर में जमा खराब टॉक्सिन बाहर निकालने में सबसे बड़ा रोल अदा करते हैं, साथ ही पानी बिना पचे हुए भोजन को भी शरीर से बाहर करता है। इससे चर्बी के जमा होने का खतरा कम हो जाता है।

**फिर करें एक्सरसाइज:** शुरु आत सुबह की वॉक से करें। कम से कम आधा घंटा यानी 30 मिनट की वॉकिंग जरूरी है। पेट की चर्बी बड़ी ढीठ होती है इसे गलाने में साल भी लग जाते हैं। पेट कम करने के लिए पेट की एक्सरसाइज भी जरूरी है, लेकिन अपने स्पाइन को ध्यान में रख कर ही पेट की एक्सरसाइज शुरू करें।

**नाश्ते में शामिल करें:** नाश्ते में आप स्प्राउड, ब्राउन ब्रेड, केनफ्लॉग, दलिया, बादाम व ओट्स ले सकते हैं। ये होल ग्रेनी फूड्स पौष्टिक के साथ-साथ ताकत भी देते हैं। इसमें काम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट होता है जो शरीर की चर्बी को गलाने में मदद करता है। इनसे पेट की चर्बी कम करने में मदद मिलेगी।

**दोपहर का भोजन:** दोपहर के भोजन में कोई भी सब्जी व दो से तीन चपाती या ब्राउन राइस, दलिया व ओट्स ले सकते हैं। इनसे जल्दी भूख नहीं लगेगी और पेट भरा-भरा रहेगा। साथ ही यह भी याद रखें कि खाने के साथ पानी नहीं पीना चाहिए, खाने के आधे-एक घंटे बाद ही पानी पिएं। इससे आपका पेट नहीं निकलेगा।

**शाम के नाश्ते में:** यदि आप शाम को नाश्ता लेते हैं तो इनमें आप हल्का- फुल्का कुछ भी ले सकते हैं यानी चाय के साथ रस, बिस्कुट आदि। बिस्कुट में आप लो फैट वाले ही बिस्कुट लें। सबसे अच्छे बिस्कुट आटे के होते हैं। इससे आपको चर्बी घटाने में आसानी होगी।

**रात्रि भोजन:** रात्रि भोजन में आप पहले कोई भी सूप ले लें व कुछ समय बाद दाल व सब्जी के साथ दो रोटी व सालाद में नींबू-टमाटर आदि ले सकते हैं। नींबू आपकी चर्बी को काटने में मदद ही करेगा। रात्रि को गरिष्ठ यानी तला हुआ भोजन नहीं करना चाहिए। डॉक्टरों के मुताबिक रात्रि का भोजन सोने से दो से तीन घंटे पहले व हमेशा ही हल्का-फुल्का लेना चाहिए। इससे खाने को पचाने का पर्याप्त समय मिल जाता है। समतल पेट पाने का यह अहम तरीका है।



# पुरुषों के लिए भी जरूरी है बालों की देखभाल

- मेथी दाने से आप अपने बाल शाइनी और मुलायम बना सकते हैं
- अगर आपके बाल रूखे और टाइट हैं तो आप केले का हेयर पैक लगा सकते हैं
- हिना पैक सिर को पोषण देता है और रंग भी देता है
- अंडा पैक हर तरह के हेयर डैमेज को सही कर देता है



*आज* वाकई पुरु ष बहुत महनत करने लगे हैं। सुबह से देर रात कोई समय नहीं होता जब वे अपने और अपने बालों के लिए समय निकाल पाते हों, इसी लिए उनके बाल बेजान होकर गिरने व खराब होने लगते हैं। धूल, मिट्टी और प्रदूषण से ही बाल ज्यादा डैमेज होते और रूसी की भी समस्या रहने लगती है। अब पुरुषों को भी अपने शरीर के साथ-साथ बालों की भी देखभाल करने की जरूरत है। इसलिए कुछ घरेलू हेयर पैक हैं जो खास केवल पुरु षों के लिए ही हैं। इस घरेलू हेयर पैक को किसी भी उम्र में लड़के लगा सकते हैं। इन हेयर पैक्स का कोई साइड इफेक्ट भी नहीं होता। इसे अपने बालों के प्रकार के हिसाब से प्रयोग करें।

**केले का हेयर पैक:** अगर आपके बाल रूखे और टाइट हैं तो आप केले का हेयर पैक लगा सकते हैं। एक पका हुआ केला लें, उसमें एक चम्मच शहद और थोड़ा सा नींबू का रस डालें। इसे अच्छी तरह से फेंट कर पेस्ट बनाएं और बालों की जड़ों तक लगाएं। फिर इसे हल्के शैंपू से धो लें।

**अंडा हेयर पैक:** यह हर तरह के हेयर डैमेज को सही कर देता है। एक अंडे का सफेद भाग लें, फिर उसमें एक चम्मच शहद, नींबू का रस और एक चम्मच जैतून का तेल मिक्स करें। इस मिशण्रको अपने सिर पर लगाएं। फिर सिर को 20 मिनट के बाद धो लें।

**मेथी हेयर पैक:** अगर आपको अपने बाल शाइनी और मुलायम बनाने हैं तो इस पैक को लगाएं। मेथी को रातभर पानी में भिगो कर रखें। फिर इसका पेस्ट बनाएं और इसमें आधा कप दही मिलाएं। फिर इस पेस्ट को सिर पर लगाएं। जब यह सूख जाए इसे हल्के शैंपू से धो लें।

**हिना हेयर पैक:** यह पैक सिर को पोषण देगा और रंग भी देगा। हिना पॉवडर से पेस्ट बनाएं, इसमें आप आंवला और दो चम्मच दूध मिला कर पेस्ट बना सकते हैं। इस पेस्ट को लगाने के एक घंटे बाद सिर को धो लें।

**गुड़हल हेयर पैक :** गुडहल के पत्तों का पेस्ट बनाएं और उसमें जोजोबा तेल या नारियल तेल मिलाएं। इस पेस्ट को बालों की जड़ों तक लगाएं। फिर सूखने पर इसे अच्छी तरह से धो लें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-3-4-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-6-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-7-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-7-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-4-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंग। शुभांक-4-7-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा। शुभांक-6-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-4-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-4-6-9

## लॉफिंग ज़ोन

बंता: 'ऐसा लगता है कि वह लड़की ऊंचा सुनती है। मैं कुछ कहता हूं वह कुछ और ही बोलती है।'

संता: 'वो कैसे ?'

बंता: 'मैने कहा, 'आई लव यू, तो वह बोली मैंने कल ही नए सैंडल खरीदे हैं।'

□ □ □

संता एक दिन अकेले बैठकर रो रहा था।

बंता ने पूछा: 'यार संता , तुम क्यों रो रहे हो ?'

संता: 'यार , एक लड़की को भूलने की कोशिश कर रहा हूं।'

बंता: 'इसमें रोने की क्या बात है?'

संता: 'जिस लड़की को भूलने की कोशिश कर रहा हूं , उसका नाम याद नहीं आ रहा।'


□ □ □

मरते समय पति ने अपनी पत्नी को सब कुछ सच-सच बताना चाहा। उसने कहा- मै तुम्हें जीवन भर धोखा देता रहा ।

सच तो यह है कि दर्जनों औरतों से मेरे नाजायज संबंध थे।

पत्नी बोली- मैं भी सच बताना चाहूगी। तुम बीमारी से नही मर रहे, मैने तुम्हें धीरे-धीरे असर करने वाला जहर दिया है

## काकुरो पहेली - 4070




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.


**उदाहरणत:**

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 4069 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4070



**बायें से दायें:-**

१. शाहिद कपूर, अमृता राव की फिल्म-३
३. शाहिद कपूर और अमृता राव की जोड़ी वाली पहली फिल्म कौन सी थी-२,२
६. सनी, प्रीति की 'तुझे देखा तो दिल मेरा डोल गया' गीत वाली फिल्म-२
७. 'वो लड़की जो सबसे अलग है' गीत वाली फिल्म-४
९. शत्रुघ्न सिन्हा, शर्मिला की फिल्म-३
११. 'तू प्यार का सागर है तेरी' गीत वाली बलराज, नूतन की फिल्म-२
१२.अजय, जॉन, लारा, ईशा की फिल्म-२
१३. 'इससे पहले कि याद' गीत वाली राजेश खन्ना, श्रीदेवी की फिल्म-४
१६. भारतभूषण, नूतन की फिल्म-३
१९. फिल्म 'ईना मीना डीका' में जूही का नाम क्या है-२
२०. मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ' गीतवाली फिल्म-३
२१. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली फिल्म-२
२२. दिलीपकुमार, निम्मी की 'खेलो रंग हमारे संग' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'ऐ बादल झूम के चल' गीत वाली नवीन निश्चल, आशा की फिल्म-३
२५. सनी, अनिल कपूर, श्रीदेवी, मीनाक्षी की फिल्म-३
२७. 'मैं नाचूँ बिन पायल' गीत वाली ऋतिक, करिश्मा, नेहा की फिल्म-२
२८. विनोद मेहरा, रीना राय की 'दो परदेसी अनजाने' गीतवाली फिल्म-३
३०. 'अंखियां ये अंखियां' गीत वाली दिलीप कुमार, रेखा की फिल्म-२
३१. दिलीपकुमार, मीना की फिल्म-३
३३. अमिताभ-जीनत अमान की हिट फिल्म की शहरूख, प्रियंका स्टारर रीमेक-२
३४. 'ये दौलत भी लेलो' गीतवाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'लगे रहो मुन्ना भाई' में संजयदत्त के साथ नायिका कौन है-२,३
२. सैफ अली खान, काजोल की फिल्म-३
३. 'देखो देखो जानम' गीत वाली फिल्म-२
४. दिलीपकुमार, संजयदत्त, पद्मिनी की 'हाथों की चंद' गीत वाली फिल्म-३
५. अजय देवगन, आयशाटकिया की फिल्म-३
८. 'मेहंदी लाया साजन' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'इश्क पे मत इल्जाम लगाना' गीत वाली ऋषिकपूर, फरहा की फिल्म-३
१४. अजय देवगन अभिषेक, बिपाशा की 'तेरे संग एक' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'विक्टोरिया नं. २०३' में प्राण का नाम-२
१६. देवानंद, मधुबाला की 'सावन के महीने में एक' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'रेशम जैसा रंग देखो' गीत वाली गोविंदा, सोनम की फिल्म-२
१८. राजेंद्रकुमार, कामिनी की फिल्म-३
२१. 'डाकिया रोज गली पर' गीत वाली मिथुन, स्वाति, मानवी की फिल्म-२
२२. बॉबी, करिश्मा की 'तुम क्या जानो दिल करता' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'घातक' में सनी का नाम क्या था-२
२४. अजय देवगन, जूही चावला की 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'हम तो दिल से' गीत वाली फिल्म-२
२६. विनोद खन्ना, डिम्पल की फिल्म-३
२९. 'धीमी धीमी सी' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'ओ डार्लिंग ये है इंडिया' में 'मिस इंडिया' कौन बनी है-२

### फिल्म वर्ग पहेली-4069

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | म | श | व | जा | न | | आ | गा | ज |
| मं | | हु | | न | | र | ति | | मा |
| ग | ज | ल | | शी | बा | | श्र | बा | ना |
| | मी | | अ | न | जा | ना | | रू | |
| स | र | ग | म | | र | | स | द | मा |
| हे | | द | ला | ल | | सु | र | | ई |
| ली | ड | र | | ज्वा | | ख | | खे | ल |
| | कै | | का | | सो | | आ | | व |
| श | त | औ | र | दि | न | | रे | | |
| खी | | | वॉ | | म | न | प | सं | द |

## सूडोकु -4070


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -4069 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

## शब्द पहेली -4070



**बाएँ से दाएँ**

1.धरोहर,थाती-4
5.अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8.गुणगान-3
9.प्रेम (अंग्रेजी-2)
11.भरोसा,विश्वास-3
12.दुःख,परेशानी,कष्ट-4
14.हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15.गागर,घड़ा-3
17.जांघ-2
19.असावधान-5
22.करतूत,होशियारी-5
25.डूबा हुआ,समाप्त-2
26.तीक्ष्ण,तेज-3
27.अधर्म,अपकृत्य-2
28.मनमौजी,चंचल-4
30.हत्या,वध-3
31.पंख-2
33.मायका-3
35.व्यापार,व्यवसाय (उर्दू-4)
36.कृपा,रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2.फूलों का हार-2
3.वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4.शांति,सुख-चैन-3,2
5.अस्वस्थ,मरीज-3
6.दम,ताकत-2
7.भगवान राम के पुत्र-2,2
10.उन्मत,मदमस्त-4
13.दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16.बोलने का तरीका-3
17.रास्ता-2
18.पराया-2
20.परीक्षा-3
21.वचन-2
22.खेती-2
23.अभिमान-3
24.फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25.बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26.ईश्वर,राजा-4
28.मन को अच्छा लगने वाला-4
29.शाप से पीड़ित-3
32.अवकाश,मंजूरी-2
34.संध्या-2

### शब्द पहेली -4069 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ज | कु | मा | र | | म | नो | ह | र |
| दौ | र | | ली | | ख | न | न | | र | वा |
| ल | | जा | न | व | र | | न | ल | | य |
| त | न | य | | | खा | र | | की | म | त |
| खा | | दा | | ना | व | | ड | | दा | |
| ना | र | द | मु | नी | | प | र | व | री | श |
| | स्ता | | ख | | स | द | | र्ध | | क |
| भ | र | ना | | स | भा | | | मा | हि | र |
| या | | का | का | | भ | द्दा | प | न | | कं |
| न | न | | त | ना | व | | ह | | दा | द |
| क | म | जो | र | | न | ग | र | वा | सी | |

## मोदी को उनकी तीन 'महबूबा' बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई चुनाव हरवा रही हैं-तेजस्वी यादव



**एजेंसी**

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा आज प्रचार का अंतिम दिन है... इस बार INDIA की सरकार बनने जा रही है। हम लोग 300 सीटें पार कर रहे हैं। पीएम मोदी को उनकी तीन 'महबूबा' बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई चुनाव हरवा रही हैं... तेजस्वी ने कहा, जब से हमने कहा है कि 4 जून के बाद हमारे चाचा(नीतीश कुमार) अपनी पार्टी को बचाने के लिए कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं, तब से वे प्रचार में नहीं निकले हैं। प्रशासन का काम गवर्नर देख रहे हैं... ये चीजें दिखाती हैं कि 4 के बाद कुछ बड़ा होगा।

## जोधपुर में आरपीएस एवं सहायक पुलिस आयुक्त के नाम पर 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते दलाल पत्रकार गिरफ्तार

**जोधपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय के निर्देश पर जोधपुर इकाई द्वारा बुधवार देर रात कार्रवाई करते हुए आरपीएस एवं सहायक पुलिस आयुक्त छवि शर्मा (वृत्त पश्चिमी) के नाम पर 60 हजार रुपए रिश्वत लेते दलाल को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जोधपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई थी। इसमें बताया कि पुलिस थाना सरदापुरा में दर्ज दो प्रकरणों में मदद की एवज में अनुसंधान अधिकारी छवि शर्मा के नाम पर दलाल नवीन दत्त न्यूज इंडिया ब्यूरो चीफ, जोधपुर 1 लाख रुपए की रिश्वत राशि की मांग कर परेशान कर रहा है।

इस पर एसीबी उदयपुर (चार्ज जोधपुर रेंज) के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में एसीबी जोधुपर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। पुलिस निरीक्षक मनीष वैष्णव द्वारा मय टीम पुलिस निरीक्षक श्रीमती सुनीता कुमारी व अन्य के देर रात ट्रेप कार्रवाई करते हुए आरोपी दलाल नवीन दत्त को रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया। इस मामले में संदिग्ध अधिकारी छवि शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त (आर.पी.एस.) वृत-पश्चिम, जोधपुर की भूमिका की जाँच की जा रही है। एसीबी उदयपुर (चार्ज जोधपुर रेंज) के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्रवाई जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की पंजाब से अपील- प्रेम, शांति और भाईचारे को एक मौका दें

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने लोकसभा चुनाव के लिए पंजाब के मतदाताओं से अपील की है कि वे प्रेम, शांति, भाईचारे और सद्भाव को एक मौका दें। उन्होंने इस बाबत एक चिट्ठी लिखी है। पूर्व पीएम ने कहा कि केवल कांग्रेस ही विकासोन्मुख प्रगतिशील भविष्य सुनिश्चित कर सकती है, जहां लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की जाएगी। मनमोहन सिंह ने कहा कि पंजाबी विकास और समावेशी प्रगति के लिए वोट करें। मोदी पर निशाना साधते हुए पूर्व पीएम ने कहा कि सार्वजनिक चर्चा की गरिमा और प्रधानमंत्री पद की गंभीरता को कम करने वाले नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं। मनमोहन सिहं ने लिखा कि मोदी सरकार ने किसानों को अपमानित किया।

## मंडी में सड़क हादसा, 500 मीटर गहरे नाले में गिरी कार, पंचायत प्रधान समेत तीन लोगों की मौत



**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार बालीचौकी-सुधराणी सड़क के फागुधार में एक कार अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरे नाले में गिर गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। जानकारी के अनुसार करीब 12:00 बजे के आसपास एक ऑल्टो कार सुधराणी से बालीचौकी की तरफ आ रही थी। अचानक फागुधार के पास चालक के नियंत्रण खो जाने से कार गहरे नाले में जा गिरी। कार के गिरने की आवाज सुनकर क्षेत्र के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को खाई से निकालने की कोशिश की। साथ ही इसकी सूचना तुरंत पुलिस विभाग व 108 एंबुलेंस सेवा को दी। गहरी खाई होने के कारण शवों को बहार निकालने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

# अब इंडी गठबन्धन 'भिंडी' के बीज की तरह बिखर जाएगा,मनोज तिवारी का विपक्ष पर तंज

**एजेंसी**

**पटना ।** लोकसभा चुनाव 2024 के सातवें और आखिरी चरण में बिहार की आठ लोकसभा क्षेत्रों में एक जून को मतदान होना है। प्रचार के आखिरी दिन गुरुवार को भाजपा और महागठबंधन ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।भाजपा के सांसद और भोजपुरी फिल्म अभिनेता और गायक मनोज तिवारी भी बिहार में प्रचार करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन भिंडी के बीज की तरह बिखर जाएगा।

पटना पहुंचे अभिनेता मनोज तिवारी ने कहा कि वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, राजीव प्रताप रूडी के साथ बक्सर, सासाराम चुनाव प्रचार के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए 380 पार कर चुका है और 400 पार करने के लिए आज प्रचार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सभी के दिलों में बसे हैं,



गरीब हो, महिला हो, युवा हो, किसानों के दिलों में बसे में हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कन्याकुमारी जाने को विपक्ष द्वारा आचार संहिता उल्लंघन का मामला बताए जाने और इसे रोकने की विपक्षी दलों के मांग पर उन्होंने कहा, 'मोदी जी लोगों के दिलों में बसे हैं, कौन-कौन रास्ता रोकोगे? अब सबके 'हार्ट' का रास्ता रोकोगे क्या ? तिवारी ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी जी अपने कर्मों से सभी के दिलों में हैं, जबकि विपक्ष अपने कर्मों के कारण रसातल में जा चुकी है।

इंडी गठबंधन की बड़ी बैठक को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अब इंडी गठबन्धन भिंडी के बीज की तरह बिखर जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस चुनाव में भाजपा ने बिहार में पूरा जोर लगाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी चुनाव प्रचार करने बिहार पहुंचे थे जबकि मंगलवार को यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रचार किया था। महागठबंधन की ओर से तेजस्वी यादव मोर्चा संभाले हुए हैं।

## 52 साल पुराने बोराज ठिकाने की पारिवारिक संपत्ति विभाजन का निपटारा



**एजेंसी**

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायलय के न्यायधीश अशोक कुमार जैन ने बहुत पुराने मामले का निस्तारण किया हा। मामले के संक्षिप्त तथ्य यह हैं कि बोराज ठिकाने के संपत्ति विभाजन का विवाद सन् 1972 से लंबित था। पारिवारिक सम्पति विभाजन से सम्बन्धित मामले में बोराज ठिकाने की अनेकों सम्पति जिनमें नेहरू बाज़ार स्थित बोराज हाऊस, बोराज गाँव में बोराज गढ़ और कृषि भूमि भी शामिल है। इसकी अपील उच्च न्यायलय में 8 वर्ष से लम्बित थी। आधिवक्ता प्रवीण बलवदा ने बताया कि सही क़ानूनी राय ना मिलने के कारण यह मामला इतने वर्षों से लंबित रहा। मामले को मध्यस्था के लिए भेजा गया था। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय के पैराग्राफ 10 में प्रकरण में संबंधित अधिवक्ता मनीष शर्मा, प्रवीण बलवदा, भावना चौधरी बलवदा और गजेंद्र सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनके सहयोग व सही क़ानूनी राय से इस प्रकरण का निस्तारण हुआ जो की 52 वर्षों से लंबित था। निर्णय में मध्यस्थ ज्ञान प्रकाश पांडेय सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी का भी उच्च स्तरीय आभार जताया।

# जीप-बाइक की भिड़ंत : बाइक सवार तीनों युवक की मौत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** 2024 लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान 1 जून को होना है। इससे पहले गुरुवार शाम चुनाव प्रचार अभियान के समापन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी पहुंचेंगे। कार्यक्रम के अनुसार वहां पीएम मोदी विवेकानंद रॉक मेमोरियल जाएंगे। वह यहां 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे। इसको लेकर राजनीति तेज हो गई है।

इस सब के बीच पीएम मोदी की पुरानी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह फोटो 11 दिसंबर 1991 की है जब भारतीय जनता पार्टी ने तमिलनाडु के कन्याकुमारी से 'एकता यात्रा' की शुरुआत की थी। मोदी आकाईव एक्स हैंडल पर यह तस्वीर शेयर की गई है। इस एकता यात्रा में नरेंद्र मोदी के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी भी थे। सोशल मीडिया पर इस तस्वीर ने तहलका मचा दिया है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए मोदी आकाईव एक्स हैंडल पर लिखा गया है कि 33 साल पहले, विशाल राष्ट्रव्यापी एकता यात्रा कन्याकुमारी के प्रतिष्ठित विवेकानन्द रॉक मेमोरियल से शुरू हुई थी, जो कश्मीर तक फैली थी। नरेंद्र मोदी, डॉ. मुरली मनोहर जोशी सहित सभी 'एकता यात्री' ने यहां से स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की परिक्रमा कर उन्हें



श्रद्धांजलि अर्पित कर यह यात्रा शुरू की थी। दिसंबर 1991 में कन्याकुमारी से जब 'एकता यात्रा' की शुरुआत की गई थी, उस वक्त नरेंद्र मोदी भारतीय जनता पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता थे। एकता यात्रा के जरिए भारत को एकजुट करने के लिए वह तमिलनाडु और अन्य राज्यों की प्रतीकात्मक रूप से मिट्टी लेकर आए थे। उनकी यह ऐतिहासिक यात्रा 26 जनवरी 1992 को कश्मीर में तिरंगा फहराने के साथ खत्म हुई थी। यह यात्रा 45 दिनों में 14 राज्यों से होकर गुजरी थी। इसी यात्रा के अंतिम पड़ाव में नरेंद्र मोदी ने कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया था। उस वक्त उन्होंने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने का संकल्प लिया था। अब लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के चुनाव अभियान की समाप्ति के साथ पीएम मोदी की कन्याकुमारी यात्रा और पीएम मोदी का विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंडपम में ध्यान करने के कार्यक्रम के बीच इस 33 साल पुरानी तस्वीर को सोशल मीडिया पर आप वायरल होते देख सकते हैं। हालांकि पीएम मोदी की इस यात्रा के कार्यक्रम के बारे में जानकारी मिलते ही कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल ने इस पर सियासत तेज कर दी है। कांग्रेस तो इसको लेकर चुनाव आयोग का भी दरवाजा खटखटा चुकी है।

# नोएडा के हाईराइज सोसायटी के फ्लैट में लगी आग पर पाया गया काबू


**एजेंसी**

**नोएडा ।** नोएडा के सेक्टर-100 स्थित एक हाई राइज सोसायटी के फ्लैट में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। आग इतनी ज्यादा भीषण थी कि उसकी लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थीं। आग लगने के बाद आसपास के फ्लैट में रहने वालों में अफरा तफरी मच गई।

सोसायटी में मौजूद मेंटेनेंस की टीम और निवासियों ने फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी और खुद भी आग बुझाने के प्रयास में जुट गए।

बताया जा रहा है कि जब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंचती, तब तक मेंटेनेंस टीम और वहां उपस्थित जनसमूह ने सोसाइटी में लगे फायर हाइड्रेंट और होजरील की मदद से आग को पूरी तरह से बुझा दिया। जानकारी के मुताबिक, नोएडा के थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसायटी के फ्लैट में गुरुवार सुबह भयंकर आग लग गई। आग की सूचना के चलते सोसायटी में हड़कंप मच गया। गौतमबुद्ध नगर के सीएफओ प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सेक्टर-100 स्थित लोटस बुलेवर्ड सोसायटी में रहने वाले जसनीत बक्शी मर्चेंट नेवी में काम करते हैं। गुरुवार सुबह उनके फ्लैट की बालकनी में अज्ञात कारण से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

उन्होंने बताया कि मौके पर



पहुंची दमकल विभाग की पांच गाड़ियों तथा सोसायटी में लगे फायर फाइटिंग सिस्टम की सहायता से आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। इस सोसायटी में रहने वाले आसपास के लोगों के मुताबिक, बालकनी में लगे एसी में ब्लास्ट होने की वजह से आग लगना बताया जा रहा है। भीषण गर्मी के कारण घरों में लगातार कई घंटे तक एसी चलते रहते हैं। इसके कारण इस तरीके की घटनाएं देखने को मिल रही हैं। फिलहाल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम आग लगने के सही कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

## दिल्ली में लू ने ली जान : बिना कूलर-पंखे के रह रहा था बिहार का मजदूर, 107 डिग्री बुखार में हुई मौत

**एजेंसी**

**जयपुर।** देश की राजधानी दिल्ली इन दिनों भयंकर गर्मी की चपेट में है। दिल्ली में भी लू से इस सीजन में पहली मौत हुई है। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में 40 वर्षीय एक व्यक्ति की लू लगने से मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन इसकी पुष्टि नहीं कर रहा है। हालांकि, इमरजेंसी विभाग के डॉक्टर बोल रहे हैं कि ऐसा हुआ है। बताया जा रहा है कि बिहार के दरभंगा का रहने वाला यह शख्स अपने कमरे में बिना किसी कूलर या पंखे के रह रहा था।

जानकारी के मुताबिक, मृतक एक पाइपलाइन फिटिंग फैक्टरी में काम करता था। सोमवार रात को उसके रूममेट और फैक्टरी के अन्य कर्मचारी उसे डॉक्टरों के पास लेकर आए। उसे बहुत तेज बुखार था। एक डॉक्टर ने बताया कि वह बिना कूलर या पंखे वाले कमरे में रह रहा था। उसे बहुत तेज बुखार हो गया था। उसके शरीर का तापमान 107 डिग्री फारेनहाइट से ऊपर चला गया, जो सामान्य शरीर के तापमान से 10 डिग्री अधिक है। बताया जा रहा है कि उसे अस्पताल के हीट स्ट्रोक यूनिट में रखा गया था। बुधवार सुबह उसे वार्ड में शिफ्ट किया गया था। अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और शाम करीब तीन बजे उसने दम तोड़ दिया।

# मध्य प्रदेश में बढ़ती गर्मी के साथ जल संकट की आहट

**एजेंसी**

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में गर्मी बढ़ रही है। लू के थपेड़े झुलसाने वाले हैं और इसके साथ ही कई हिस्सों में जल संकट की आहट सुनाई देने लगी है। सरकार की ओर से इन हालातों से निपटने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं बारिश के पानी को सहेजने की तैयारी भी है।

राज्य के कई इलाके ऐसे हैं, जिन्हें गर्मी के मौसम में खासकर मई और जून माह में पानी के संकट से जूझना होता है। इस बार भी धीरे-धीरे जल संकट की आहट सुनाई देने लगी है। जल संकट को दूर करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उसी क्रम में सतना, मैहर, मऊगंज, कटनी, जबलपुर, छतरपुर, सिंगरौली सहित लगभग एक दर्जन जिलों को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया जा चुका है। इन स्थानों पर नलकूप के लिए बोरिंग करने और पानी के दुरुपयोग पर पूरी तरह रोक लगी हुई है। राज्य के कई हिस्सों में बढ़ते जल संकट को कुछ इस तरह समझा जा सकता है कि यहां 16 लीटर का घरेलू उपयोग के लिए पानी का केन पांच रुपए में मिल रहा है, वहीं इतनी ही मात्रा में पेयजल 30 से 40 रुपए में मिलने लगा है। गर्मी बढ़ने के साथ पानी की भी मांग बढ़ी है। पीने के अलावा कूलर आदि में भी ज्यादा मात्रा में पानी का उपयोग हो रहा है। राज्य में बढ़ती गर्मी की स्थिति पर गौर किया जाए तो पारा 47 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। वहीं राज्य के अधिकांश हिस्सों में लू का भी कहर बना हुआ है। बढ़ती गर्मी के चलते बीमारियों के भी पैर पसारने की आशंका सताने लगी है। गर्मी और लू के कारण भी कई लोग बीमार पड़ चुके हैं। वहीं मौत तक होने की बात सामने आ रही है। इतना ही नहीं, अधिकांश हिस्सों के जल स्रोतों में भी पानी बहुत कम बचा है। कई इलाकों से तो जल स्रोत सूख चुके हैं और वो खुले मैदान में बदल गए हैं। राज्य में लोगों को पानी की समस्या से दो-चार न होना पड़े, इसके लिए राज्य सरकार की ओर से भी कदम उठाए जा रहे हैं।

# बोकारो में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**एजेंसी**

**बोकारो ।** झारखंड के बोकारो जिले के पेटरवार में तालाब में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई। ये बच्चे डूबे थे, जिनके शव गुरुवार को बाहर निकाले गए।

बताया गया कि पेटरवार के सदमा कला गांव के तीन बच्चे अपने घरों से खेलने निकले थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू हुई। सारी रात लोग आस-पास के इलाकों में उनकी खोज करते रहें, लेकिन कुछ अता-पता नहीं चला। पुलिस को भी सूचना दी गई।

गुरुवार की सुबह पेटरवार ब्लॉक मुख्यालय स्थित बिशेश्वर धाम मंदिर परिसर में बने अमृत सरोवर में स्थानीय लोगों ने एक बच्चे का शव तैरता हुआ देखा। यह खबर इलाके में फैली तो लापता बच्चों के परिजन मौके पर पहुंचे। शव लापता बच्चों में से एक का था।



इसके बाद दो अन्य बच्चों के शव भी तालाब से बाहर निकाले गए। मृत बच्चों की उम्र 8, 9 एवं 11 वर्ष बताई गई है। अनुमान है कि बच्चे तालाब में स्नान करने गए होंगे और इसी दौरान यह हादसा हो गया। बच्चों के शव बरामद होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पेटरवार थाना इंचार्ज के.के. कुशवाहा ने बताया कि तीनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय हॉस्पिटल भेजे गए हैं। बता दें कि इस घटना को मिलाकर पिछले एक हफ्ते के दौरान झारखंड के अलग-अलग इलाकों में जलाशयों में डूबने से नौ लोगों की मौत हुई है।

इनमें ज्यादातर बच्चे और युवा हैं। लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र में कच्चा बांध में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों रितेश भगत (9 वर्ष) और अनूपा कुमारी (8 वर्ष) की मौत हुई थी।

मंगलवार को रांची के तुपुदाना इलाके में ब्लू पोंड में डूबने से संत चार्ल्स स्कूल के छात्र 15 वर्षीय अनुग्रह किंडो की मौत उस वक्त हुई जब वह अपने दो दोस्तों के साथ नहाने पहुंचा था।

इसके पहले रविवार को गिरिडीह जिले के उसरी फॉल में डूबने से देवघर के दो छात्रों, 28 वर्षीय पवन गुप्ता और 18 वर्षीय दीपक वर्मा की मौत हो गई थी।

# गृहमंत्री शाह ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में लगाई हाजिरी, मांगा जीत का आशीर्वाद

**एजेंसी**

**वाराणसी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को काशीपुराधिपति बाबा विश्वनाथ के दरबार में अपनी पत्नी सोनल साह के साथ हाजिरी लगाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार में आए गृहमंत्री ने प्रचार के अंतिम दिन मंदिर के गर्भगृह में प्रधान अर्चक पं. श्रीकांत मिश्र की देखरेख में वैदिक मंत्रोंच्चार के बीच बाबा का विधिवत अभिषेक किया।

दर्शन पूजन के बाद गृहमंत्री ने बाबा से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन की प्रचंड जीत और केन्द्र में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने की कामना की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार अभियान की कमान अपने हाथों में लेकर गृहमंत्री ने सारी तैयारियों को फाइनल रूप दे दिया। गृहमंत्री प्रतिदिन चुनाव प्रचार अभियान की जानकारी देर शाम को लेते रहे। वाराणसी को केन्द्र बनाकर गृहमंत्री पूर्वांचल और बिहार में चुनाव प्रचार के वापस शहर में लौट कर आते रहे। उन्होंने वाराणसी लोकसभा सीट पर



प्रधानमंत्री मोदी के भारी जीत को लेकर कार्यकर्ताओं और काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों को टिप्स के साथ जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। इसके पहले गृहमंत्री ने बुधवार को बलिया, सोनभद्र और गाजीपुर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया था। बलिया में उन्होंने कहा था कि गुजराती होते हैं हिसाब-किताब में पक्के, एक बार में कई काम करते हैं। एक ही बार में यदि तीन काम हों तो वह करना चाहिए।

शाह ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार नीरज शेखर को वोट देने से एक साथ तीन काम होंगे। नीरज सांसद बनेंगे, मोदी पीएम बनेंगे और स्व. चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि मिलेगी। उन्होंने कहा कि नीरज शेखर को मैंने भाजपा ज्वाइन कराई है। जीवनभर ये भाजपा के सिपाही बने रहेंगे। नीरज को मिला एक-एक बोट मोदी को पीएम बनाने के काम आएगा। गृहमंत्री ने पहली बार गाजीपुर शहर में डेढ़ किमी तक रोड शो किया।

# चार जून के बाद प्रशासनिक फेरबदल के आसार, कुछ अफसरों के प्रदर्शन से नाखुश सीएम

**एजेंसी**

**देहरादून।** चार जून के बाद प्रदेश की धामी सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड में आ जाएगी। पिछले करीब दो महीने से विभिन्न राज्यों के चुनाव प्रचार में व्यस्त रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सबसे पहले नौकरशाही में बदलाव का फैसला ले सकते हैं।

माना जा रहा कि वनाग्नि, बिजली पानी की समस्या और चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर उदासीन रहे कतिपय अफसरों से मुख्यमंत्री नाखुश बताए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कुछ अफसरों के प्रभार बदले जा सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर जिन अधिकारियों को जिम्मा सौंपा गया था, वे यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के दबाव का अंदाजा नहीं लगा पाए।

**प्राधिकरण बनाने के निर्देश**

मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार बीच में छोड़कर खुद मोर्चे पर उतरना पड़ा। चारधाम की व्यवस्थाओं को लेकर वह लगातार समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। देशभर से चारधाम यात्रा में दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में उत्तराखंड आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए मुख्यमंत्री यात्रा के प्रबंधन और



संचालन के लिए अलग से एक प्राधिकरण बनाने के निर्देश दिए हैं।

अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को न सिर्फ यात्रा प्राधिकरण का स्वरूप तय करना है, बल्कि इसके संचालन के संबंध में एक रोडमैप भी तैयार करना है। यात्रा प्राधिकरण बनाना मुख्यमंत्री सर्वोच्च प्राथमिकता है। माना जा रहा कि जुलाई माह तक प्राधिकरण का स्वरूप तय हो जाएगा।

**गंगा और शारदा कॉरिडोर पर होगा काम**

चार जून के बाद धामी सरकार अवस्थापना विकास से जुड़ी परियोजनाओं पर फोकस करेगी। गंगा नदी पर ऋषिकेश और हरिद्वार पुनर्निर्माण गलियारा परियोजना पर चल रहा कार्य जोर पकड़ेगा। हरिद्वार कॉरिडोर का मास्टर प्लान का ड्राफ्ट बन चुका है। चंपावत में शारदा कॉरिडोर और ऋषिकेश कॉरिडोर पर भी कार्य जोर पकड़ेगा।

**दो नए शहर विकसित करने पर होगा फोकस**

लोकसभा चुनाव से पहले ही सरकार ने गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में एक-एक नया शहर विकसित करने की योजना बनाई है। चुनाव आचार संहिता के बंधन से मुक्त होने के बाद राज्य सरकार इन दोनों प्रोजेक्टों पर फोकस करेगी।

**विकास योजनाओं के शासनादेश जारी होंगे**

आचार संहिता के कारण विकास कार्यों से जुड़े शासनादेश नहीं हो पाए हैं। चार जून के बाद शासनादेश जारी होंगे। मुख्यमंत्री वित्तीय प्रबंधन को लेकर वित्त विभाग की समीक्षा भी करेंगे। वह बजट खर्च और राजस्व प्राप्ति की प्रगति का आकलन भी करेंगे।

## पटरी से उतरा चलती रेलगाड़ी के इंजन का पहिया, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

**एजेंसी**

**जम्मू।** जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती रेलगाड़ी के इंजन का पहिया पटरी से उतर गया। रेलगाड़ी के बीच बैठे यात्री सहित स्टेशन पर खड़े यात्रियों के बीच भय का माहौल बन गया। साथ ही रेलवे कर्मचारी और अधिकारी भी सकते में आ गए। तुरंत किसी तरह रेलगाड़ी को रोका गया। कर्माचारियों और अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची। लोगों को समझा कर शांत कराया गया कि बड़ा हादसा होने से टल गया है। हादसा नई दिल्ली से कटड़ा को जा रही उत्तर संपर्क क्रांति रेलगाड़ी के साथ घटा। इसके इंजन का पहिया जम्मू रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतर गया। सुबह करीब 7:30 बजे ट्रेन जम्मू से कटड़ा की ओर जैसी ही रवाना हुई, तो इंजन का एक पहिया पटरी से उतर गया। इसके बाद रेलवे की अन्य अधिकारियों सहित इंजीनियर विंग की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद इंजन के पहिए को पटरी पर दोबारा चढ़ाया गया। ट्रेन के साथ एक और नया इंजन जोड़ा। खबर लिखे जाने तक रेलवे की टीम पटरी की जांच कर रही थी।

# हॉट सीजन कूल किचन





कूल रहने के लिए सुबह-सुबह वॉक पर जाते हैं, इंडोर प्लांट्स लगाते हैं, वॉर्डरोब को दुरुस्त करते हैं और घर में रद्दोबदल करते हैं। लेकिन किचन की गर्म दीवारें सारे उपायों पर पानी फेर देती हैं। शाम को किचन में काम करना कुछ ज्यादा ही मुश्किल होता है। इन गर्मियों में अपने किचन को थोड़ा बदल कर देखें, आपके दिमाग का पारा भी संतुलित रहेगा।

थोड़ी सी फेरबदल

दिल्ली की इंटीरियर डिजाइनर टिप्स-

1. किचन खुला व हवादार हो। फ्रिज किचन में है तो उसे दूसरी जगह शिफ्ट करें।

2. लाइट कलर्स इस्तेमाल करें। रेड, ब्लैक या ग्रे कलर्स का इस्तेमाल सावधानी से करें। कैबिनेट्स, स्टोरेज एरिया और तीन वॉल्स लाइट कलर में रखें और एक वॉल को पसंदीदा रंग से रंग दें।

3. भारतीय किचन में तड़के व छौंक का प्रयोग काफी होता है। ध्यान रखें कि यहां चिमनी और दो खिड़कियां जरूर हों।

4. किचन की खिड़की के पास यूटिलिटी एरिया, बालकनी या लॉन है तो वहां कूलर या पंखा लगाया जा सकता है।

5. आमतौर पर बड़ा किचन होने पर लोग वहीं डायनिंग एरिया भी बना लेते हैं। लेकिन गर्मी में इसे किचन से दूर करें।

6. घर में ए.सी. नहीं है तो एक वॉल पर पंखा लगवाएं। उसकी दिशा ऐसी हो, जिससे हवा सीधे चूल्हे पर न लगे।7. खिड़कियों पर छोटे बॉटल प्लांट्स लगाएं। इससे हवा शुद्ध होगी, हरियाली भी रहेगी।

8. एग्जॉस्ट फैन या खिड़कियों की नियमित सफाई करें, ताकि ग्रीस न जमा हो।

कुकिंग कम-कम

भारत में पके हुए भोजन को प्राथमिकता दी जाती है, लेकिन गर्मी में फूड हैबिट बदलें तो पेट और मौसम दोनों काबू में होंगे। मशहूर शेफ संजीव कपूर के अनुसार, मेरे हिसाब से टॉप 5 समर कूलर्स हैं- नीबू-पानी, लस्सी, आम का पना, कोकम शरबत और कुल्फी। किचन में काम करते हुए सूती व हल्के कपड़े पहनें, शरीर ढका हो, वर्ना डिहाइड्रेशन हो जाएगा।

डाइटीशियन डॉ. सुनीता रॉय चौधरी कहती हैं, गर्मियों में ककड़ी-खीरा, कॉर्न जूस, तरबूज-खरबूज के बीज, मिल्क-मैंगो शेक, स्प्राउट्स, ब्राउन ब्रेड, दही, छांछ या टोफू अपनी रसोई में जरूर रखें। खस या ठंडाई का प्रयोग बढ़ा दें।

8 कुकिंग टिप्स

1. सैलेड्स, फ्रूट्स, सैंडविच, बॉइल्ड एग्स, ब्रेड, चीज, मिल्क शेक्स..गर्मियों की किचन रेसिपी यही होनी चाहिए।

2. सब्जियां छोटे-छोटे और बराबर साइज में काटें तो कुकिंग तेजी से होगी।

3. खाना ढक कर या प्रेशर कुकर में पकाएं।

4. सब्जियां पकाने से आधे घंटे पहले फ्रिज से निकाल लें ताकि वे सामान्य तापमान में आ सकें और पकने में देरी न हो।

5. माइक्रोवेव अवन व ग्रिल का प्रयोग करें।

6. सैंडविचेज खाने के लिए भी बेस्ट उपाय हैं। इसके साथ कूल फ्रूट सैलेड या फ्रूट स्मूदी बेहतर रहेंगे।

7. लॉन में कुकिंग का आइडिया भी बुरा नहीं! गर्मियों की शामें हलका-फुलका खाने का मन हो तो आउटडोर कुकिंग भी ठीक है। बस अपने सैंडविच टोस्टर, अवन, फूड प्रोसेसर तैयार रखें।

8. बॉइल्ड पदार्थों का प्रयोग कम करें, इससे किचन में गर्मी व उमस बढ़ती है।

# पति से होती हैं रोज लड़ाई तो फॉलो करें ये टिप्स

पति- पत्नि एक सिक्के के दो पहलू है। परिवार की सारी जिम्मेदारी पत्नि पर ही होती है। उसे पूरे परिवार का ख्याल रखना पड़ता है। साथ ही साथ बड़ी समझदारी से पति के साथ अपने मधुर संबंध विकसित करने होते है, ताकि सारी जिन्दगी उनका साथ एक-दूसरे से बना रहे। पति-पत्नी के बीच रिश्ता विश्वास व समझदारी से चलता है। आज हम आपको कुछ ऐसी बातें बता रहे है, जिससे आपके बीच का रिश्ता दिनों-दिन मजबूत होता जाएगा।



### 1. आपने आपको हमेशा सही न कहें

औरतों को अपनी बात हमेशा सही लगती है, यह उनकी सबसे बड़ी गलतफहमी होती है। यदि पति किसी काम को कुछ अलग तरीके से करते हैं और आप उस काम को अपने तरीके से करने के लिए मजबूर कर रही हैं। तो आप गलत है, आप ऐसा न करें। उन्हें समझने की कोशिश करें।

### 2.राई का पहाड़ न बनाएं

पति- पत्नि दोनों को ही एक-दूसरे को ही एक- दूसरे की भावनाओ की कद्र करनी चाहिए। छोटी- छोटी बातों को खींचने की बजाए उनको हल करें, न की राई का पहाड़ बनाए।

### 3. पति को दें अहमियत

आप घर परिवार के सदस्यों का ख्याल जरूर रखें, मगर सबसे अधिक महत्व अपने पति को ही दें।4. किसी के सामने गलती न निकालें

दूसरों के सामने अपने पार्टनर की गलतियां बताना असल में उन की इंसल्ट करना है। उनकी बातों को बीच में टोके नही।

### 5. शर्मिंदा न करें

आपके पति से अगर कभी कोई गलती हो जाती है, तो इसका मतलब यह नही की आप इस बात को बार-बार दोहरा कर उन्हें शर्मिंदा करें। इसका हल निकालने में उनकी मदद करें।

**6. बार-बार न दोहराएं** एक बात पत्नियां पति के लिए हमेशा काम की लंबी लिस्ट तैयार रखती हैं। आज यह कर देना, कल यह कर देना लेकिन किसी जरूरी काम के कारण अगर वो भूल जाए या देर हो जाए तो उन्हें बार-बार बार-बार दोहरा कर परेशान न करें।

### 7. खुद ही सुलझाएं सारी बात

अगर कभी आप के बीच कोई विवाद हो जाए तो उसे खुद ही सुलझाएं। किसी तीसरे को अपनी निजी जिंदगी में शामिल न होने दें।



# वास्तु टिप्सः अब कभी नहीं होगी सास से लड़ाई!

घर की सुख शान्ति परिवार की महिलाओं पर निर्भर करती है। सास- बहू के बीच आपसी तालमेल की कमी के कारण कई बार घर का माहौल भी खराब हो जाता है। आज हम आपको घर के वास्तु से जुडी हुए कुछ टिप्स बताएगे जिससे आपके घर में आपसी प्यार बढेगा।



- कमरों की दिशा

पश्चिमी या दक्षिण दिशा डॉमिनेटिंग होने के कारण यहां घर के बडों को ही रहना चाहिए। सास-ससुर का कमरा इस दिशा में होना चाहिए,तो आपसी सामजस्य बना रहेगा।

- किचन की दिशा

रसोईघर उत्तर-पूर्व में होगा तो सास-बहू के आपसी क्लेश, मनमुटाव और हमेशा स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं रहेंगी।

- किचन की सफाई

महिलाओं का ही ज्यादा टाइम रसोई में बीतता है, इसलिए सबसे ज्यादा असर इन्हीं की हेल्थ पर पडता है। आपसी तनाव बढता है।

- गहरे पेंट न करें

घर में खासकर रसोई में डार्क कलर ना करावएं, जैसे नीला कलर। इससे मनमुटाव बढता है।

- कमरों में लाल रंग न करवाएं

घर की दीवारों पर मल्टीकलर ना कराएं। खासकर रेड कलर को कम से कम इस्तेमाल में लाएं। - फैमिली फोटो लगाएं

परिवार के आपसी रिश्तों को अच्छा बनाने के लिए पूरे परिवार की फोटो लाल रंग के फ्रेम में कमरों में लगाएं।

# अब कपड़ों पर लगें जिद्दी दाग-धब्बे नहीं करेंगे परेशान

बहुत सारे लोगों के लिए घर की साफ-सफाई करना मुश्किल भरा काम है। डस्टिंग से लेकर घर के झाड़ू-पोंछे और बर्तनों को धोना थका देने वाला काम है लेकिन इससे भी मुश्किल काम है, कपड़ों पर तेल और चाय-कॉफी के दाग हटाना। महंगे से महंगा सर्फ इस्तेमाल करने के बावजूद भी जिद्दी दाग नहीं जाते। गैस चूल्हों और स्लैब पर चिकनाई के दाग-धब्बे भी किचन की रंगत बिगाड़ कर रख देते हैं। आज हम आपको आसान से नुस्खें बताते हैं, जिसकी मदद से आप झट से इन दागों से पीछा छुड़वा सकते हैं। कपड़ों पर लगें दाग-धब्बे -पर्दों पर जमी धूल-मिट्टी और पीले दागों को हटाने के लिए इन्हें पानी और हाइड्रोजन पेरोक्साइड और पानी (समान मात्रा) में भिगोकर अच्छी तरह से रगड़ें।



-कपड़ों से तेल के दाग छुड़वाने के लिए बराबर मात्रा में पेट्रोल, एसीटोन और तारपीन मिश्रण धब्बों पर लगाकर अच्छे से रगड़ें। -कपड़ों पर मतली (वोमेटिंग) के दाग मिटाने के लिए नींबू और पानी का घोल डालकर अच्छे से रगड़ें। इससे दाग और बदबू, दोनों ही निकल जाएंगे। -1 लीटर ठंडे पानी में 1 टेबलस्पून ग्लिसरीन का घोल क्रापेट पर लगे काफी, चाय और कोल्ड ड्रिंक के दाग धब्बे दूर कर देता है। - बीयर और शराब के दाग छुड़वाने के लिए गर्म पानी में थोड़ा सा वाशिंग पाउडर घोल कर धब्बों पर रगड़े। फिर आधा लीटर पानी में 1 चम्मच सिरके डालकर इसे धो लें। -कपड़े पर पड़े ताजे स्याही के दाग को दूध से हटाएं। -घास के निशान को दूर करने के लिए नमकीन घोल( एक कप पानी में 1 चम्मच नमक) का इस्तेमाल करें। -सीजन में एक बार गद्दों को वैक्युम क्लीनर की मदद से साफ किया जाता है। गद्दों को साफ करने का यह बेस्ट तरीका है लेकिन इसके बावजूद भी गद्दों में कई बार बासी गंध आने लगती हैं। बासी गंध को दूर करने के लिए बेकिंग सोडा को गद्दों पर छिड़के।आधे पौने घंटे के बाद ही वैक्युम करें। इस तरह से सारी बासी गंध दूर हो जाएगी। *किचन को चमकाएं रखने के आसान टिप्स -स्टोव (गैस चूल्हों) पर लगे तेल के चिकने दाग हटाने के लिए नींबू के रस का इस्तेमाल करें। दाग पर नींबू के रसों को छिड़के और 15 मिनटों के बाद इसे गीले कपड़े से पोंछें। -सिरके की मदद से आपका ओवन चमक उठेगा। बस इसके लिए आपको सिरके और स्पंज की मदद से ओवन को अंदर की तरह अच्छे से साफ करने हैं और कुछ घंटों के लिए उसे ऐसे ही बंद छोड़ देना हैं बाद में किसी कपड़े से गंदगी को अच्छी तरह से पोंछ लें। जिद्दी दागों को ब्रश की मदद से छुड़वाएं। -किचन सिंक को चमकाने के लिए उस पर सोडा (वॉटर सोडा) डालें। कुछ मिनटों के बाद उस पर सिरका डालें और ब्रश के साथ अच्छे से रगड़कर और गर्म पानी डालें। सिंक चमक उठेगा।

-बेकिंग पाउडर की मदद से भी चिकनाई और कालिख दूर होती हैं। पानी में बेकिंग पाउडर घोलकर धब्बों पर छिड़कें। आधे पौने घंटे बाद गीले कपड़े से साफ कर लें। मिरर दरवाजों, स्लैब को साफ करने के लिए यही तरीका बेस्ट है।

## भद्रवाह में भव्य उद्घाटन के साथ अंतर-विद्यालय क्षेत्रीय स्तरीय टूर्नामेंट हुआ शुरू

**एजेंसी**

**भद्रवाह।** अंडर-17 और अंडर-14 लड़कों के लिए अंतर-विद्यालय क्षेत्रीय स्तरीय टूर्नामेंट का उद्घाटन एलएचएस निचला थारा भद्रवाह में भव्य उद्घाटन समारोह में किया गया। युवा सेवा एवं खेल विभाग भद्रवाह द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, रस्साकशी, योग और क्रिकेट की प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन एएसपी विनोद कुमार ने हेडमिस्ट्रेस विपना देवी, शारीरिक शिक्षा मास्टर्स, शिक्षकों और खेल प्रेमियों की उपस्थिति में किया। टूर्नामेंट में लगभग 35 सरकारी और निजी स्कूल भाग ले रहे हैं जिसमें अंतर-क्षेत्रीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए पात्रता निर्धारित करने के लिए मैच होंगे। प्रतियोगिताएं युवा सेवा एवं खेल निदेशक जम्मू-कश्मीर शुभश चंद्र छिब्बर के संरक्षण और जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही हैं। सुनील कुमार और जेडपीईओ भद्रवाह विजय कुमार द्वारा समग्र पर्यवेक्षण किया गया। उद्घाटन के बाद क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने एएसपी विनोद कुमार को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मैचों का संचालन तकनीकी समितियों द्वारा किया जा रहा है जिसमें शारीरिक शिक्षा मास्टर्स, शिक्षक और आरईके शिक्षक शामिल हैं जो पूरे टूर्नामेंट में निष्पक्ष खेल और प्रतिस्पर्धी भावना सुनिश्चित करते हैं।

## चैंपियन ऑफ चैंपियंस टी20: कोमलेश्वर सीसी चैंपियन बनी

**चेन्नई।** कोमलेश्वर सीसी को एमए चिदंबरम स्टेडियम में आयोजित टीएनसीए चैंपियन ऑफ चैंपियंस टी20 टूर्नामेंट के उद्घाटन सत्र में खिताब का ताज पहनाया गया।पहले बल्लेबाजी करने उतरी उपविजेता एसकेएम



सीसी ने 20 ओवर में 150 रन बनाए, जिसमें एम दिनेश वेदा गुरु ने 47 रन बनाए। कोमलेश्वर ने दो गेंद शेष रहते लक्ष्य का पीछा करते हुए चैंपियन का ताज पहना। अनुराग नायर 63 रन बनाकर नाबाद रहे।संक्षिप्त स्कोरः एसकेएम सीसी 20 ओवर में 150/9 (एम दिनेश वेदा गुरु 47, एसएल लॉरेंस नोवा 3/20) कोमलेश्वर सीसी से 19.4 ओवर में 154/2 से हार गई (अनुराग राजेश नायर 63 नाबाद, पीएस मणिकंदन 45)

## टी20 विश्व कप से पहले आईसीसी रैंकिंग में भारत शीर्ष स्थान पर

**दुबई।** पहले टी20 विश्व कप विजेता भारत ने टूर्नामेंट के आगामी संस्करण से पहले पुरुषों की टी20आई टीम रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसकी मेजबानी वेस्टइंडीज और यूएसए 1-29 जून तक कर रहे हैं। भारत के 264 रेटिंग अंक हैं।दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज चौथे स्थान पर पहुंच गई है, उसके खिलाड़ी टी20 शोपीस से पहले शानदार फॉर्म दिखा रहे हैंटूर्नामेंट के 2012 और 2016 संस्करणों के विजेता न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से आगे हैं, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका पर 3-0 की जीत दर्ज की, जिन्हें भारत के नेतृत्व वाली सूची में सातवेंस्थान पर धकेल दिया गया।2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 257 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है, गत चैंपियन इंग्लैंड 254 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और वेस्टइंडीज उनसे दो अंक पीछे 252 अंकों के साथ है।न्यूजीलैंड 250 पर है जबकि पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका दोनों 244 अंकों पर हैं, जिसमें पाकिस्तान दशमलव अंकों पर थोड़ा आगे है।

## एआईएफएफ फुटसल क्लब चैम्पियनशिप 22 जून से 5 जुलाई तक

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की फुटसल क्लब चैंपियनशिप 2023-24 गुजरात के स्वर्णिम गुजरात स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में 22 जून से 5 जुलाई तक आयोजित की जाएगी।बुधवार को यहां फुटबॉल हाउस में ड्रॉ निकाला गया।चैंपियनशिप में कुल 18 टीमें हिस्सा लेंगी। 14 टीमों को उनके संबंधित राज्य संघों द्वारा नामित किया गया है, जबकि पिछले सीजन की हीरो फुटसल क्लब चैंपियनशिप की चार सेमीफाइनलिस्ट टीमों (दिल्ली फुटबॉल क्लब, मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब, मिनर्वा अकादमी एफसी, इलेक्ट्रिक वेंग फुटसल क्लब) को सीधे प्रवेश दिया गया है।

**समूह इस प्रकार हैं:**

समूह एः मिल्लत एफसी, स्पोर्ट्स ओडिशा, क्लासिक फुटबॉल अकादमी, कॉर्बेट एफसी, मोहम्मडन एससी

समूह बीः इलेक्ट्रिक वेंग फुटसल क्लब, बैंगलोर एरोज एफसी, सतवीर फुटबॉल क्लब, गोल हंटरज़ एफसी, मिनर्वा अकादमी एफसी

समूह सीः बड़ौदा फुटबॉल अकादमी, एफसी थ्रीस्टियर, स्पीड फोर्स एफसी, गुवाहाटी सिटी एफसी, अंबेलिम स्पोर्ट्स क्लब

समूह डीः जेसीटी फुटबॉल अकादमी, गोलाज़ो फुटबॉल क्लब, कासा बेरवानी सॉकर, दिल्ली एफसी।

## मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर: अंकुशिता बोरो, निशांत देव क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी**

**बैंकॉक।** पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो (60 किग्रा) और निशांत देव (71 किग्रा) ने बुधवार रात अपने-अपने भार वर्ग में आसान जीत दर्ज करते हुए दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

बोरो का मुकाबला एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान की रिम्मा वोलोसेन्को से था। लेकिन भारतीय मुक्केबाज को अपने प्रतिद्वंद्वी के कद से कोई फर्क नहीं पड़ा और वह राउंड 1 से ही अपने मुक्कों पर काबू पा गई और पूरे मुकाबले में कभी भी परेशानी में नहीं दिखी और 4-1 से जीत हासिल की।

दिन के आखिरी मुकाबले में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत ने थाईलैंड के पीरापत येसुंगनोएन को 5:0 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।इससे पहले दिन में अरुंधति चौधरी ने 66 किलोग्राम वर्ग में



अपना अभियान प्यूर्टो रिको की स्टेफनी पिएनेरो के खिलाफ पहले राउंड में शानदार प्रदर्शन के साथ शुरू किया। उन्होंने पिएनेरो को सर्वसम्मति से 5:0 का फैसला अपने पक्ष में किया।हालांकि, 92 किग्रा से अधिक भार वर्ग में नरेंद्र बेरवाल का सफर समाप्त हो गया, उन्हें इक्वाडोर के गेरलोन गिलमार कांगो चाला ने शिकस्त दी।

## चेन्नई में आयोजित इंडियन ग्रां प्री में अब्दुल्ला अबूबकर, रोजी पॉलराज पर होंगी निगाहें

**एजेंसी**

**चेन्नई।** एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के तत्वावधान में तमिलनाडु एथलेटिक एसोसिएशन (टीएनएए) द्वारा आयोजित सीज़न का दूसरा इंडियन ग्रां प्री आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाएंगे।

देश भर के शीर्ष एथलीट, 200 मीटर, 400 मीटर, 400 मीटर बाधा दौड़, 1500 मीटर, 5000 मीटर, पोल वॉल्ट, ट्रिपल जंप, शॉट पुट और जेवलिन थ्रो में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह प्रतियोगिता इस साल के पेरिस ओलंपिक के लिए चयन ट्रायल में से एक है। कुल चार ग्रैंड प्रिक्स प्रतियोगिताएं हैं, और पहली अप्रैल में बेंगलुरु में हुई थी। 2022 बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स के रजत पदक विजेता और 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के स्वर्ण



पदक विजेता ट्रिपल-जंपर अब्दुल्ला अबूबकर पर सभी की नज़र रहेगी।रोजी मीना पॉलराज, जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, पवित्रा वेंकटेश और बरानिका एलंगोवन महिलाओं की पोल वॉल्ट स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करेंगी। पुरुषों की 200 मीटर और 400 मीटर में क्रमशः संतोष और के. अविनाश, और पुरुषों की ट्रिपल जंप में मोहम्मद सलाहुद्दीन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तमिलनाडु के कुछ बेहतरीन एथलीट हैं।

## बार्सिलोना ने हांसी फ्लिक को नया मुख्य कोच नियुक्त किया

**एजेंसी**

**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने जर्मनी और बायर्न म्यूनिख के पूर्व मैनेजर हांसी फ्लिक को दो साल के अनुबंध पर मुख्य कोच नियुक्त किया है। ला लीगा क्लब ने यह जानकारी दी। फ्लिक, जिन्होंने सितंबर 2023 में जर्मनी द्वारा बर्खास्त किए जाने के बाद से किसी क्लब का प्रबंधन नहीं किया है, को बार्सिलोना के भाग्य को पुनर्जीवित करने का काम सौंपा जाएगा, क्योंकि कैटलन की टीम इस सीजन में ज़ावी हर्नांडेज़ के नेतृत्व में कोई भी ट्रॉफी जीतने में विफल रही, जिन्हें शुक्रवार को बर्खास्त कर दिया गया था।

एक बयान में, क्लब ने कहा कि उसने एक ऐसे व्यक्ति को चुना है जो अपनी टीमों की उच्च दबाव, गहन और साहसी खेल शैली के लिए जाना जाता है, जिसने उसे क्लब और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता दिलाई है, और फुटबॉल की दुनिया में लिए लगभग सब कुछ जीता है। वहीं,



फ्लिक ने कहा कि बार्सिलोना का कोच बनना एक सम्मान और सपना था। फ्लिक ने बार्का टीवी से कहा, मैं इस अद्भुत क्लब के लिए काम करना शुरू करने के लिए वास्तव में उत्सुक हूं। जब से मैं यहां आया हूं, मैंने देखा है कि हर कोई इस क्लब से प्यार करता है और इसकी सफलता के लिए हर संभव प्रयास करता है।

उन्होंने कहा, पहली टीम में अनुभवी और प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। मुझे लगता है कि हमें सुधार करने के लिए काम करना होगा... मैंने बायर्न म्यूनिख के साथ कुछ खिताब जीते हैं और मैं बार्सिलोना में भी इसी राह पर आगे बढ़ना चाहूंगा।


फ्लिक ने 2014 के विश्व कप जीतने वाले अभियान के दौरान जर्मनी के मैनेजर जोआचिम लो की सहायता करके अपना नाम बनाया। 2019 में, वह मुख्य कोच के रूप में बायर्न में शामिल हुए और अपने दो सत्रों में सात ट्रॉफियाँ हासिल कीं।

उन्होंने 2020 में बायर्न को तिहरा खिताब दिलाया, जब उसने चैंपियंस लीग जीतने के लिए बार्सा को 8-2 से हराया, इससे पहले 2021 में जर्मन राष्ट्रीय टीम का प्रबंधन करने के लिए क्लब को छोड़ दिया। 2022 विश्व कप में चार बार के विश्व चैंपियन के खराब प्रदर्शन के लिए फ्लिक की आलोचना की गई थी, जहाँ वह ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था, और अंततः सितंबर 2023 में एक दोस्ताना मैच में जापान से भारी घरेलू हार के बाद उसे बर्खास्त कर दिया गया था।

## भारत का टी20 विश्व कप सफर अमेरिका से शुरू;कोहली अनुष्का के साथ डिनर डेट पर

**एजेंसी**

**न्यूयार्क।** टी20 विश्व कप से पहले खिलाड़ियों के पहले दो बैचों के अमेरिका पहुंचने के बाद टीम इंडिया ने ट्रेनिंग शुरू कर दी है। रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और मोहम्मद सिराज जैसे अन्य प्रमुख सदस्य उन पहले कुछ सदस्यों में शामिल थे जो इस मेगा आईसीसी इवेंट के लिए अमेरिका पहुंचे। राहुल द्रविड़ और अन्य कोचिंग स्टाफ के सदस्य भी खिलाड़ियों के पहले बैच के साथ गए।इस



बीच, राजस्थान रॉयल्स के सितारे संजू सैमसन, युजवेंद्र चहल, अवेश खान और यशस्वी जायसवाल, जो आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में खेले थे, अन्य सितारों से जुड़ने के लिए सोमवार रात न्यूयॉर्क पहुंचे। खिलाड़ियों ने पहले ही प्रशिक्षण शुरू कर दिया है क्योंकि बुमराह और सूर्यकुमार ने अपने पहले सत्र की तस्वीरें साझा की हैं, जहां भारतीय सितारे फुटबॉल खेलते और दौड़ते नजर आ रहे हैं। हालांकि, सीनियर स्टार विराट कोहली अभी तक यूएसए नहीं गए हैं। इस बीच, बीसीसीआई ने कथित तौर पर कोहली की वीजा नियुक्ति को बाद की तारीख के लिए निर्धारित किया है क्योंकि वह 30 मई को यूएसए की यात्रा करेंगे। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि, वह बांग्लादेश के खिलाफ भारत के अभ्यास मैच को मिस कर सकते हैं।

## प्रज्ञानानंद ने क्लासिकल गेम में पहली बार मैग्नस कार्लसन को हराया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत के आर. प्रज्ञानानंद ने नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को हराकर 2024 नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे राउंड के बाद एकल बढ़त हासिल कर ली। 18 वर्षीय भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कार्लसन को उनके घरेलू मैदान पर सफ़ेद मोहरों पर हराया और नॉर्वे के खिलाफ क्लासिकल प्रारूप में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस जीत के साथ, प्रज्ञानानंद ने 5.5/9 अंकों के साथ टूर्नामेंट में एकल बढ़त हासिल कर ली। कार्लसन पांचवें स्थान पर खिसक गए। वहीं, फैबियानो कारूआना ने डिंग लीरेन को क्लासिकल में हराया, और पूरे तीन अंक अर्जित करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने, जबकि हिकारू नाकामुरा ने अलीरेजा फिरौजा को आर्मागेडन में हराया।महिला नॉर्वे शतरंज के तीनों मुकाबलों का फैसला आज आर्मागेडन में




हुआ।सबसे पहले हम्पी कोनेरू ने लेई टिंगजी को हराया। बाद में दिन में पिया क्रैमलिंग ने अपना मैच ड्रा किया, जिससे जू वेनजुन को 1.5 अंक मिले, जिसके बाद वैशाली रमेशबाबू ने अन्ना मुज़ीचुक को ड्रा पर रोक दिया और स्टैंडिंग में अपनी एक अंक की बढ़त बनाए रखी।

## मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर: अरुंधति प्री-क्वार्टर फाइनल में, नरेंद्र बेरवाल बाहर

**एजेंसी**

**बैंकॉक।** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन अरुंधति चौधरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां दूसरे मुक्केबाजी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर में 66 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) प्रतियोगिता से बाहर हो गए। चौधरी ने प्यूर्टो रिको की स्टेफ़नी पिएनेरो के खिलाफ़ 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की, जबकि बेरवाल को इक्वाडोर के गेरलॉन गिलमार कांगो चाला के खिलाफ़ 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। चौधरी ने अपने अभियान की शुरुआत अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ़ पहले राउंड में शानदार प्रदर्शन से की। दूसरे राउंड में वह थोड़ी लचर रहीं, लेकिन फिर लय में आते हुए अपनी स्थिति मजबूत की और फिर अगले राउंड में फिर से



अपना दबदबा बनाया और सर्वसम्मति से अपने पक्ष में फैसला हासिल किया। 2022 एशियाई खेलों के कांस्य विजेता बेरवाल ने पहले राउंड में धीमी शुरुआत की और फिर गति पकड़नी शुरु की। उन्होंने दूसरे और तीसरे राउंड में अपने मुक्कों से पांच में से तीन जजों को प्रभावित किया। हालांकि, उन्हें अगले दौर में नहीं ले जा सका।

## कुवैत के खिलाफ सुनील छेत्री के आखिरी मैच के लिए कोलकाता पहुंची भारतीय टीम

**एजेंसी**

**कोलकाता।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के लिए कोलकाता पहुंच गई, जो 6 जून को सुनील छेत्री का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

भारत अब कोलकाता में अपना प्रशिक्षण शिविर जारी रखेगा, जिसका पहला ऑन-फील्ड प्रशिक्षण सत्र गुरुवार, 30 मई को होगा।

विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के ग्रुप ए में ब्लू टाइगर्स ने कुवैत पर 1-0 की जीत के साथ दौर की शुरुआत की थी, जो दो दशकों में विदेशी धरती पर उनकी पहली जीत थी। हालांकि, उसके बाद से उनका प्रदर्शन गिरता गया है, टीम को भुवनेश्वर में कतर से 0-3 से हार मिली और उसके बाद ड्रॉ और निचली रैंकिंग वाली अफगानिस्तान से एक बार फिर हार मिली।

एएफसी एशियाई कप के अगले संस्करण और विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने के लिए इगोर स्टिमक की टीम को दूसरे दौर के बाद शीर्ष दो में रहना होगा।



हालांकि मुख्य कोच के दिमाग में क्वालीफिकेशन की आकांक्षाएं होंगी, लेकिन खेल का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा भारत के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले कप्तान सुनील छेत्री का संन्यास होगा, जिन्होंने घोषणा की थी कि साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत के खिलाफ मैच उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

## यूटीटी सीजन 5 की शुरुआत 22 अगस्त से, अहमदाबाद और जयपुर दो नई टीमें

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) का पांचवां सीजन 22 अगस्त से 7 सितंबर तक चेन्नई में आयोजित किया जाएगा और इसमें जयपुर और अहमदाबाद की दो नई टीमें शामिल होंगी। आयोजकों ने उक्त घोषणा की।

टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में नीरज बजाज और वीता दानी द्वारा प्रवर्तित फ्रैंचाइज़-आधारित लीग, चार साल के अंतराल के बाद पिछले साल आयोजित की गई थी।यूटीटी की एक विज्ञप्ति के अनुसार, यह पहली बार आठ टीमों की लीग होगी।

यूटीटी के सह-प्रवर्तक नीरज बजाज ने एक आधिकारिक बयान में कहा अतिरिक्त टीमों की शुरूआत से प्रतिस्पर्धा का स्तर बढ़ेगा, जो पेरिस खेलों के बाद की अवधि के साथ रणनीतिक रूप से मेल खाता है ताकि देश भर में प्रचलित ओलंपिक उत्साह का लाभ उठाया जा सके। इसके अलावा, चेन्नई में लीग की मेजबानी करने का निर्णय शहर की प्रतिष्ठित




खेल विरासत को ट्रिब्यूट है, जिसने कई दिग्गज पैडलर्स को जन्म दिया है। साथ ही यह इसकी शानदार विरासत का सम्मान करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है। गोवा चैलेंजर्स ने 2023 के फाइनल में पूर्व चैंपियन चेन्नई लायंस पर जीत हासिल की। आठ टीमों को शामिल करने के साथ प्रारूप में थोड़ा बदलाव किया गया है, जिन्हें अब चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक फ्रैंचाइज़ी लीग चरण के दौरान पाँच मुकाबलों में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें एक बार अपने संबंधित समूह की सभी अन्य टीमों का सामना करना होगा, साथ ही विरोधी समूह से दो रेंडमली चुनी गई टीमों का भी सामना करना होगा, जो ड्रॉ के माध्यम से निर्धारित की जाती हैं।

## सिंगापुर ओपन 2024: पीवी सिंधु दूसरे दौर में, लक्ष्य सेन बाहर

**एजेंसी**

**कुआलालंपुर।** पूर्व चैंपियन पी.वी. सिंधु यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल के दूसरे दौर में पहुंच गईं, लेकिन लक्ष्य सेन को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन से हार का सामना करना पड़ा।



सिंधु ने आखिरी बार दो साल पहले सिंगापुर में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था और वह पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में उपविजेता रहने के बाद इस टूर्नामेंट में उतरी थीं।

विश्व की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लाइन होजमार्क कैयर्सफेल्ड के खिलाफ भारतीय खिलाड़ी ने 44 मिनट तक चले पहले राउंड में 21-12, 22-20 से जीत दर्ज की और अब उनका सामना रियो ओलंपिक चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से होगा। विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन का भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ 11-5 का जबरदस्त रिकॉर्ड है। पिछली बार जब दोनों के बीच मुकाबला हुआ था, तो डेनमार्क ओपन में दोनों खिलाड़ियों के बीच काफी तीखी नोकझोंक हुई थी, जिसमें दोनों खिलाड़ियों को मौखिक बहस के लिए पीले कार्ड मिले थे। पुरुष एकल में विश्व में 14वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन, जो पेरिस खेलों में अपना ओलंपिक पदार्पण करेंगे, ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन निर्णायक गेम में छोर बदलने के बाद उनकी हिम्मत जवाब दे गई और वे एक्सेलसन के खिलाफ 62 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21, 21-16, 13-21 से हार गए। एक्सेलसन ने पिछले सप्ताह थाईलैंड ओपन में इस सीजन का अपना पहला खिताब जीता था।

किदाम्बी श्रीकांत का पहला राउंड मैच जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका के खिलाफ 14-21 3-11 से पिछड़ने के बाद मैच से रिटायर होने के कारण दुखद रूप से समाप्त हुआ।

अन्य परिणामों में, बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी को मिश्रित युगल में मलेशिया के गोह सून हुआत और लाई शेवोन जेमी से 18-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन को एक अन्य मैच में मैड्स वेस्टरगार्ड और क्रिस्टीन बुश के खिलाफ 8-21 8-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## फ्रेंच ओपन 2024: स्टेफानोस त्सित्सिपास क्रेल्स डेनियल अल्टमायर को हराकर तीसरे राउंड में पहुंचे

**एजेंसी**


**ग्रीस।** 2021 के रोलैंड गैरोस के फाइनलिस्ट ग्रीस के स्टेफानोस त्सित्सिपास को कुछ चिंताजनक क्षणों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने फ्रेंच ओपन में कोर्ट सुजैन लेंग्लेन पर एक लचीले डेनियल अल्टमायर को छत के नीचे हराकर छठी बार पेरिस में तीसरे दौर में पहुँचने का रास्ता खोज लिया।पुरुषों के एकल के दूसरे दौर के कड़े मुकाबले में, त्सित्सिपास ने अपने 25 वर्षीय जर्मन प्रतिद्वंद्वी को दो घंटे और 45 मिनट में 6-3, 6-2, 6-7(2), 6-4 से हराया।जैसा कि उन्होंने अपने शुरुआती दौर के मैच में किया था, जिसमें प्रतिभाशाली हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स पर 7-6(7), 6-4, 6-1 की जीत दर्ज की थी, त्सित्सिपास ने अल्टमायर के खिलाफ तेजी से शुरुआत की और पहली गेंद से ही खेल की कमान संभाली।सेट एक के चौथे गेम में त्सित्सिपास ने सर्विस तोड़ी और शुरुआती सेट में सर्विस पर सिर्फ छह अंक गंवाए। ग्रीक खिलाड़ी ने फिर गति पकड़ी और ओपनर में 5-2 से पांच गेम जीतकर 6-3, 4-0 की बढ़त बना ली।उन्होंने लगभग एक घंटे में दो सेट की बढ़त हासिल कर ली। लेकिन जब ऐसा लग रहा था कि वे सीधे सेटों में जीत हासिल कर लेंगे, तो जर्मन खिलाड़ी ने वापसी की और त्सित्सिपास के लिए बड़ी चुनौतियां खड़ी कर दीं। पहले दौर के सबसे लंबे मैच (5ः04) में लास्लो जेरे को हराने के ठीक तीन दिन बाद, अल्टमायर ने तीसरे सेट में जान फूंक दी और त्सित्सिपास को जीत की राह से दूर करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।83वें स्थान पर काबिज अल्टमायर, जिन्होंने 2020 के फ्रेंच ओपन में तत्कालीन विश्व नंबर 8 मैटेओ बेरेटिनी को हराकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई थी, ने तीसरे सेट के टाईब्रेक में स्वर्ण पदक जीता और कई शानदार अंक हासिल किए।चौथे सेट में संघर्ष जारी रहा, ब्रेक के एक दौर ने प्रतिद्वंदियों को 4-4 पर सर्विस पर छोड़ दिया, इससे पहले कि त्सित्सिपास ने ओवरड्राइव में किक मारी और फिनिश लाइन तक पहुँचे, आखिरकार दो घंटे और 43 मिनट में अल्टमायर की उम्मीदों को तोड़ दिया।

## मेरे हसबैंड बगल में खर्राटे... शादी के 3 महीने बाद उड़ी डिवोर्स की अफवाह पर

# दिव्या अग्रवाल

## ने दिया जवाब





दिव्या अग्रवाल टीवी की दुनिया का जाना-माना नाम हैं. उन्हें सलमान खान के शो बिग बॉस ओटीटी में काम करने के बाद से पॉपुलैरिटी मिली. एक्ट्रेस ने ये शो जीता भी था. उस दौरान वरुण सूद संग उनके रोमांस की खबरें थीं. लेकिन बाद में उनका वरुण के साथ ब्रेकअप हो गया. एक्ट्रेस ने इसके बाद शादी करने का फैसला लिया. उन्होंने 2022 में अपूर्व पडगांवकर से सगाई की फिर एक्ट्रेस ने 2 साल बाद ही फरवरी 2024 में अपूर्व से शादी कर ली. अब शादी के 3 महीने बाद ही जब उनके तलाक की अफवाहें उड़ने लगीं तो इसपर दिव्या का रिएक्शन भी अब आ गया है.

**दिव्या ने क्या कहा ?**

दिव्या ने कहा- 'मैं किसी को ज्यादा डिस्टर्ब नहीं करती. मैं न तो स्टोरीज डालती हूं न तो मैं किसी पर कोई कमेंट करती हूं. मैंने अपने 2500 पोस्ट्स डिलीट कर दिए हैं. लेकिन इन सबके बाद भी मीडिया ने मेरी शादी पर रिएक्ट करना चुना. मुझे तो ये हास्यास्पद लगता है कि लोग कैसे मुझसे जुड़ी चीजों का ऐसा अनुमान लगा लेते हैं जिससे उन्हें कोई मतलब ही नहीं होना चाहिए. मैंने हमेशा से ऐसा कुछ किया है जैसा किसी ने भी मुझसे एक्सेप्ट नहीं किया. अब लोग मुझसे क्या एक्सपेक्ट कर रहे हैं? कि मैं बच्चे पैदा करूं या फिर मैं तलाक ले लूं. दोनों में से कुछ भी नहीं होने जा रहा है.'

**क्यों उड़ने लगी अफवाह ?**

एक्ट्रेस ने आगे कहा- 'रियलिटी की बात करें तो आज से मैं ये चाहती हूं कि लोग मेरे बारे में जब बात करें तो वे इंस्टाग्राम पर मेरी जो पहली पिन्ड पोस्ट है उसके बारे में बात करें. हर एक मूवी का जैसे सुखद अंत होता है उसी तरह मौजूदा समय में भगवान की दुआ से मेरे हसबेंड मेरे बगल में ही बैठे हैं और तसल्ली से खर्राटे मार रहे हैं.' दरअसल दिव्या अग्रवाल ने कुछ समय पहले ही हसबेंड संग अपने शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया से हटा दी थीं. इसके बाद से ही उनेक तलाक की अफवाहे फैलनी शुरू हो गई थीं. अब इसपर खुद एक्ट्रेस ने भी रिएक्ट कर दिया है और उनके मुताबिक उनके तलाक की अफवाहों में कोई दम नहीं है.

## KKK 14: रोहित शेट्टी के शो में शामिल होने के लिए 6 महीने से नहीं खाए रोटी और चावल




रोहित शेट्टी प्राइवेट जेट में बैठकर रोमानिया पहुंच चुके हैं. जल्द अपने सारे कंटेस्टेंट के साथ मिलकर वो कलर्स टीवी के एडवेंचर रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के सीजन 14 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं. सुमोना चक्रवर्ती और आसिम रियाज के अलावा सभी कंटेस्टेंट की फ्लाइट भी फिलहाल रोमानिया लैंड हो गई है. इन कंटेस्टेंट में से एक चर्चित कंटेस्टेंट हैं एक्ट्रेस अदिति शर्मा. 'कलीरें', 'नागिन 3' जैसी टीवी सीरियल से अपना कमाल दिखा चुकीं अदिति का ये पहला रियलिटी शो है. और इसलिए 6 महीने पहले से ही अदिति ने इस शो के लिए अपनी तैयारियां शुरू कर दी थीं.अदिति ने बताया, मैंने फिजिकल ट्रेनिंग के साथ साथ कार्ब्स कम करने पर भी काम शुरू कर दिया था. ये बात तो सही है कि कार्ब्स से आपको ज्यादा एनर्जी मिलती है. लेकिन मैंने कार्ब्स कम करते हुए प्रोटीन लेना शुरू कर दिया. क्योंकि प्रोटीन आपको वो ताकत देता है, जो फिजिकल एक्टिविटी करने के लिए काम आती है. मैंने कोई भी जंक फूड नहीं खाया है. साथ ही मेरी पूरी कोशिश रही है कि 6 महीने तक कोई फैट मेरे पेट में न जाए. 6 महीने से मैंने न रोटी खाई है न ही चावल. हां लेकिन मैं दाल और पनीर खा रही हूं, क्योंकि उसमें बहुत प्रोटीन होता है. वैसे भी कुछ पाने के लिए कुछ खोना भी पड़ता है.

**एक्साइटेड हैं घरवाले**

अदिति ने कहा, 'खतरों के खिलाड़ी 14' को लेकर मेरे माता-पिता मुझसे भी ज्यादा उत्साहित हैं. उनको पूरा विश्वास है कि मैं ये शो जीत जाऊंगी. उन्होंने कहा कि ट्रॉफी के साथ वापस आने के बाद वो मेरा विजय तिलक करने वाले हैं. लेकिन मैंने अब तक इस बारे में कुछ सोचा नहीं है. मैं इस शो में जाऊंगी, एंजॉय करूंगी. और डर की बात करें तो, फिलहाल मुझे पता नहीं कि मुझे किससे डर लगता है, लेकिन जब मैं स्टंट परफॉर्म करूंगी, तब मुझे पता चलेगा कि मुझे कौन सी चीजों से डर लगता है.

## मेरा मंदिर, मेरे बेटे की उम्मीदें वहीं हैं....सोशल मीडिया पर छलका दलजीत का दर्द



महीनों की चुप्पी के बाद मशहूर टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर अब अपने पति निखिल पटेल को लेकर कई खुलासे कर रही हैं. बिग बॉस फेम दलजीत ने कुछ महीने पहले केन्या स्थित एनआरआई बिजनेसमैन निखिल पटेल से शादी की थी. शादी के बाद वो अपने बेटे जेडन के साथ केन्या शिफ्ट हुई थीं. लेकिन शादी के महज दस महीने बाद दलजीत ने सोशल मीडिया अकाउंट से पति के साथ अपनी सारी तस्वीरें डिलीट कर दीं. और अपने बेटे के साथ वो इंडिया लौट आईं. जब एयरपोर्ट पर स्पॉटिंग के दौरान दलजीत से उनके रिश्ते के बारे में सवाल पूछे गए, तब उन्होंने कहा कि वो अपने पापा के ऑपरेशन के लिए मुंबई आई हैं. और फ़िलहाल अपने रिश्ते को लेकर वो कोई बात नहीं करना चाहतीं.अब दलजीत ने अपने पति पर चीटिंग का आरोप लगाया है. कुछ दिन पहले अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर उन्होंने लिखा था कि उनके पति निखिल का एसएन नाम की किसी महिला के साथ रिश्ता है. इन आरोपों के बाद उन्होंने फिर एक बार एक बड़ा पोस्ट लिख कर निखिल के बारे में अपना गुस्सा उनके सोशल मीडिया फॉलोवर्स के साथ शेयर किया था. हालांकि कुछ देर बाद उन्होंने ये पोस्ट डिलीट कर दी.

**निखिल की वजह से परेशान हैं दलजीत**

दरअसल दलजीत फिलहाल अपने बेटे जेडन के साथ इंडिया में रह रही हैं और उनके पति निखिल केन्या में हैं. दलजीत ने एक ब्राइडल लुक में अपनी फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'मेरे कपड़े वहां हैं, मेरा चूड़ा वहां है, मेरा मंदिर, मेरी सारी चीजें वहां हैं. मेरे बेटे के कपड़े, किताबें और पिता को लेकर उसकी उम्मीद भी वहीं हैं. वो मेरा ससुराल है, मेरी पेंटिंग भी अब तक मैंने वहां रखी है, लेकिन मेरा पति कह रहा है कि वो घर मेरा नहीं है. वो अब कह रहा है कि हमने कभी शादी ही नहीं की. क्या वो मेरा पति नहीं है? आप क्या सोचते हैं क्या निखिल मेरा पति नहीं है? क्या हमारी शादी नहीं हुई?'

**शालीन से हुई थी पहली शादी**

दरअसल दलजीत ने मार्च 2023 में बिजनेसमैन निखिल पटेल से शादी की थी. लेकिन इससे पहले उन्होंने टीवी एक्टर और 'बिग बॉस 16' के एक्स-कंटेस्टेंट शालीन भनोट से शादी की थी. 8 साल पहले 2015 में शालीन और दलजीत अलग हो गए थे. जेडन इन दोनों का एक बेटा है, जिसकी कस्टडी फिलहाल दलजीत के पास है.



## क्या मैं चुड़ैल दिखती हूं? शो का नाम सुनकर गुस्से में

# निया शर्मा

## ने पूछा था ये सवाल

निया शर्मा अपने हर प्रोजेक्ट से पहले मुंबई के दादर स्थित सिद्धिविनायक मंदिर जाकर भगवान गणपति के दर्शन लेती हैं. पिछले 13 सालों से निया ने ये परंपरा जारी रखी है. अब अपने नए सीरियल के शुरू होने से पहले भी निया ने इस मंदिर में जाकर बाप्पा के दर्शन किए. 4 साल बाद निया सीरियल 'सुहागन चुड़ैल' के साथ छोटे पर्दे पर अपनी वापसी कर चुकी हैं. इस सीरियल में निया पहली बार एक नेगेटिव किरदार में नजर आएंगी. अपने इस नए सीरियल को लेकर निया काफी एक्साइटेड हैं. इस खास मौके पर उन्होंने टीवी9 हिंदी डिजिटल के साथ टीवी पर उनकी वापसी से लेकर उनके फिजिकल ट्रान्सफॉर्मेशन तक कई मुद्दों पर विस्तार से बात की.

मैं इस सीरियल में एक टाइटल किरदार निभाने जा रही हूं और मुझे लगता है कि ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी है. ये शो मेरे किरदार पर ही बना हुआ है. लेकिन ये अटेन्शन मैं एन्जॉय कर रही हूं. अब यहां तक पहुंचने के बाद अगर मेरे किरदार को सीरियल में इतना महत्व नहीं मिलता, तो शायद मैं वो सीरियल भी नहीं करना चाहती. मैं 4 सालों के बाद टीवी पर कमबैक करने जा रही हूं, और इसलिए कमबैक की वजह भी खास होनी चाहिए थी. 'सुहागन चुड़ैल' ने मुझे वो वजह दी है.

जब इस शो का ऑफर आया था, तब मैंने इसे तुरंत मना कर दिया था, और 'सुहागन चुड़ैल' ये ऐसा नाम नहीं है कि कोई भी उसे तुरंत हां कर देगा. इंडियन टीवी पर पहले से ही रिग्रेसिव कंटेंट दिखाने का इल्जाम लगाया जाता है. और इस शो के नाम में ही चुड़ैल था. मैं इस बात से भी गुस्सा थी कि क्या मैं उन्हें चुड़ैल लग रही हूं, जो वो मुझे इस तरह का किरदार ऑफर कर रहे हैं. लेकिन फिर उन्होंने मुझे समझाया. मेरे साथ क्रिएटिव टीम की कई मीटिंग्स भी हुई. और मुझे ये समझ में आ गया कि इस टाइटल के पीछे की कहानी क्या है. और इसके अलावा मेरी सारी डिमांड वो मानने के लिए तैयार थे, ये एक ऐसी कहानी है जिसकी शुरुआत और एंडिंग भी पहले से ही तय है, टीआरपी के लिए मेरे किरदार के साथ कोई छेड़-छाड़ नहीं की जाएगी. जो मुझे मेरे कमबैक प्रोजेक्ट में चाहिए था, वो सब कुछ मुझे मिल रहा था. और इसलिए मैंने ये शो करने के लिए 'हां' कर दी.जब ये शो मुझे ऑफर हुआ था तब मैं मेरी फिटनेस का ध्यान पहले से ही रख रही थी. लेकिन ये एक ग्लैमरस किरदार है. और यही वजह है कि इस दौरान मैंने बहुत सी खाने की चीजों का त्याग कर दिया है. दरअसल इस किरदार में फिट बैठने के लिए कुछ दिनों के लिए मैंने खाना ही बंद कर दिया था. चुड़ैल के जो बोल्ड कपड़े मुझे दिए थे, उनमें मुझे फिट आना था. मैंने पानी पीना भी बंद कर दिया, मैंने खाना खाना बंद कर दिया.